
एफटीए : उद्योगों की जागरूकता के लिए होंगी 1000 बैठकें - 12


उद्धव को जन्मदिन की बधाई देने मातोश्री पहुंचे राज ठाकरे-12


गूगल मैप ने फिर दिया धोखा, खाई में गिरी महिला की कार - 13


भारतीय बल्लेबाजों ने मैनचेस्टर टेस्ट ड्रा कराया- 14



आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.32
सूर्यास्त 06.58

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

श्रावण शुक्ल पक्ष चतुर्थी 11:24 तक उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 28 जुलाई 2025, वर्ष 3, अंक 338, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 5 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### एसआईआर पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय सोमवार को सुनवाई करेगा। बिहार में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ इस मामले पर विचार कर सकती है। निर्वाचन आयोग ने बिहार में एसआईआर को यह कहते हुए उचित ठहराया है कि इससे मतदाता सूची से अपात्र व्यक्तियों का नाम हटाने से चुनाव की शुचिता बढ़ेगी।

### बब्बर खालसा से जुड़ा तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े और इस साल की शुरुआत में पंजाब में एक थाने पर ग्रेनेड हमले में शामिल रहे 22 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि अमृतसर के चनानके गांव के रहने वाले करणबीर उर्फ करण को 26 जुलाई को गुरदासपुर से स्पेशल सेल पुलिस थाने में दर्ज शस्त्र अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया।

### सुरक्षा बलों ने चार नक्सली मार गिराए

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ में चार माओवादियों (नक्सली) को मार गिराया है। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि बीजापुर जिले के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में सागुड़ा एवं गंगलूर थाना के सरहदी जंगलों माओवादियों की मौजूदगी पर डीआरजी बीजापुर ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। मुठभेड़ में दक्षिण सब जोनल ब्यूरो के 04 माओवादी मारे गए। सभी पर 5 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

### प्रो. मनुका ने संभाला लविवि वीसी का प्रभार

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति रहीं प्रो. मनुका खन्ना ने कुलपति का प्रभार ग्रहण कर लिया है। डॉ. आलोक कुमार राय ने अपने अंतिम कार्यदिवस पर प्रो. मनुका खन्ना को कुलपति का कार्यभार सौंप दिया। प्रो. खन्ना को करीब 37 वर्षों का शिक्षण कार्य का अनुभव है। 13 अप्रैल 2021 से वह राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष व 31 मई 2024 प्रतिकुलपति के रुप में कार्यभार देखती रहीं हैं।




अंदर देखें... व्हील्स





# मनसा देवी मंदिर में भगदड़, 8 की मौत

## हरिद्वार में हुए हादसे में 30घायल, 13 की हालत गंभीर, एम्स ऋषिकेश में भर्ती | करंट फैलने की अफवाह माना जा रहा प्रारंभिक कारण, मजिस्ट्रेटी जांच शुरू

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर परिसर में रविवार सुबह करीब 8:45 बजे भगदड़ मचने से बड़ा हादसा हो गया। 8 श्रद्धालुओं की मौत की पुष्टि हो चुकी है जबकि 30 लोग घायल हैं। गंभीर रूप से घायल 13 लोगों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। मृतकों में 6 उत्तर प्रदेश (बरेली, रामपुर, बदायूं, बाराबंकी) तो एक श्रद्धालु काशीपुर (ऊधमसिंह नगर) और एक बिहार का रहने वाला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।


अस्पताल में भर्ती घायल का हाल जानते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

भगदड़ का कारण प्रारंभिक तौर पर मंदिर से करीब 100 मीटर नीचे सीढ़ियों के पास करंट की अफवाह फैलाना बताया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा शोक जताते हुए मजिस्ट्रेटी जांच के निर्देश दिए हैं जिस पर डीएम हरिद्वार ने उप जिला मजिस्ट्रेट, हरिद्वार को जांच अधिकारी नामित किया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। जबकि मनसा देवी ट्रस्ट ने कहा कि, मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये तथा घायलों को 1-1 लाख रुपये ट्रस्ट द्वारा दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री धामी ने हरिद्वार पहुंचकर घायलों का हाल जाना और चिकित्सकों को घायलों को बेहतर उपचार देने के निर्देश दिए।

एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे भगदड़ की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस, एसडीआरएफ व अन्य बचाव दल मौके पर पहुंचे तथा बचाव एवं राहत अभियान शुरू किया। करीब 35 श्रद्धालुओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया जिनमें से 8 श्रद्धालुओं की मौत की पुष्टि हुई है। मंदिर से करीब 100 मीटर नीचे सीढ़ियों के पास अचानक बिजली कर करंट फैलने की अफवाह फैल गई और प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि संभवतः इसी वजह से भगदड़ हुई। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी आरुष (12) पुत्र पंकज, विलासपुर रामपुर निवासी विक्की सैनी (18) पुत्र रिक्का सैनी और रामपुर के स्वार निवासी विशाल, वकील पुत्र भरत सिंह निवासी मौहतलवाद, जिला बाराबंकी तथा रामभरोसे और उनकी शान्ति देवी निवासी बदायूं के अलावा काशीपुर उत्तराखंड निवासी विपिन सैनी (18) पुत्र रघुवीर सैनी और बिहार के अररिया निवासी सकल देव (18) पुत्र बेचान के रूप में हुई है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार शोक संतप्त परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने हरिद्वार के अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लेते हुए पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### यूपी के मृतक आश्रितों को दो-दो लाख सहायता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित श्री मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुई दुर्घटना पर गहरा शोक जताया है। कहा कि वे बेहद व्यथित हैं, उनकी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के लिए है। उन्होंने हादसे में बरेली, रामपुर, बदायूं और बाराबंकी के एक-एक श्रद्धालुओं की मौत पर उनके आश्रितों को दो-दो लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा करते हुए अफसरों को पार्थिव शरीर उनके घर पहुंचाने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच पर कहा है कि श्रद्धालुओं के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक और मन को व्यथित करने वाला है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं।

### हादसे में घायलों का विवरण

उत्तर प्रदेश-शीतल, दीक्षा व विशाल निवासी रामपुर, भूपेन्द्र निवासी बदायूं, अर्जुन, संदीप, अनुज व काजल निवासी मुरादाबाद, रोहित शर्मा निवासी मैनपुरी, मनोज शरण, विकास एवं निर्मला निवासी बरेली, एकांक्षी निवासी धामपुर। बिहार-कृति, राजकुमार, अजय, आराधना, विनोद शाह व अजय कुमार। पानीपत निवासी इन्द्र। दिल्ली निवासी दुर्गा देवी एवं रोशन लाल निवासी अज्ञात।

## पुणे में ड्रग पार्टी में छापा, मादक पदार्थ जब्त

**पुणे।** पुणे पुलिस ने रविवार की तड़के एक अपार्टमेंट में आयोजित की जा रही 'ड्रग पार्टी' में छापा मारकर मादक पदार्थ, हुक्का एवं शराब जब्त की तथा सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे की बेटी रोहिणी खडसे के पति प्रांजल खेवलकर भी शामिल हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के नेता एकनाथ खडसे ने कहा कि इस बात का पता लगाया जाना चाहिए कि कहीं पुलिस कार्रवाई के पीछे कोई राजनीतिक उद्देश्य तो नहीं है। रोहिणी खडसे विपक्षी राकांपा (एसपी) की महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष हैं। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस की अपराध शाखा ने 'रेव' पार्टी के बारे में मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर पुणे के खराडी इलाके में स्थित एक स्टूडियो अपार्टमेंट में छापा मारा।

- महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे के दामाद समेत सात लोग गिरफ्तार

पुलिस उपायुक्त (अपराध) निखिल पिंगले ने यहां बताया कि रविवार तड़के लगभग साढ़े तीन बजे छापेमारी की गई और स्टूडियो अपार्टमेंट में एक ड्रग पार्टी का भंडाफोड़ किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 2.7 ग्राम कोकीन जैसा पदार्थ, 70 ग्राम गांजा जैसा पदार्थ, एक हुक्का, विभिन्न हुक्का फ्लेवर, शराब और बीयर की बोतल जब्त कीं। सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनकी पहचान प्रांजल खेवलकर, निखिल पोपटानी, समीर सैयद, श्रीपद यादव, सचिन भोमबे, ईशा सिंह और प्राची शर्मा के रूप में हुई है, जिन्हें एनडीपीएस की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# चुनाव क्षेत्रों में मजबूत करें जनता के विश्वास की पूंजी : मुख्यमंत्री

- चुनावी तैयारी के मूड में दिखे योगी, जनप्रतिनिधियों संग बैठक में अफसरों को निर्देश, कार्यों के शिलापट्ट पर नेताओं का हो नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को कानपुर मंडल के सांसदों-विधायकों के साथ चुनाव तैयारी के मूड में नजर आए। चुनाव क्षेत्रों की जमीनी हकीकत, जन अपेक्षाओं, विकास कार्यों की प्रगति और प्रशासनिक समन्वय पर विस्तार से फीडबैक लिया। योगी कहा कि जनता के विश्वास की पूंजी को और मजबूत करें। शीर्ष अफसरों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों के शिलान्यास व लोकार्पण के शिलापट्ट पर संबंधित जनप्रतिनिधि का नाम जरूर हो।


लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर कानपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री आवास पर हुई खास बैठक में सभी विधायकों ने अपनी बातें कहीं। बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव ने मंडल के छह जिलों में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित कुल 1,362 निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक सांसद और विधायक से कहा कि सतत और संतुलित विकास में कानपुर मंडल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मंडल राज्य की औद्योगिक और शैक्षिक रीढ़ तो है ही, साथ ही सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक चेतना और जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता का भी केंद्र है। योगी ने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता और शासन के बीच की सबसे भरोसेमंद कड़ी होते हैं। उनके विचार और सुझाव केवल संवाद का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे जन आकांक्षाओं का स्वरूप होते हैं, जिन्हें योजनाओं की संरचना और क्रियान्वयन में सक्रिय रूप से सम्मिलित किया जाना चाहिए।

### यूपी का 'विकास अग्रदूत' है कानपुर मंडल

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कानपुर मंडल को 'विकास का अग्रदूत' करार देते हुए विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में यह मंडल न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणास्पद मॉडल के रूप में उभरेगा।

### पारदर्शिता और समयबद्धता अनिवार्य

मुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी, पर्यटन और नगर विकास के अफसरों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों से विमर्श कर प्रस्तावित कार्यों की प्राथमिकता तय की जाए। समयबद्ध ढंग से कार्यों की शुरुआत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इन परियोजनाओं को केवल सरकारी खर्च का विवरण न मानते हुए उन्हें 'जनता के विश्वास की पूंजी' बताया। योजनाओं का पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

## हम सीखने नहीं सिखाने आए हैं...

**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड में टीम इंडिया के जांबाजों की जितनी प्रशंसा की जाए कम। मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट ड्रा कराने का नहीं, वरन भारतीय बल्लेबाजों के बढ़े जज्बे का परिचायक है। दूसरी पारी में शून्य पर दो विकेट गंवाने और करीब-करीब दो दिन तक बल्लेबाजी कर चार ही विकेट खोने वाली भारतीय टीम ने इंग्लैंड टीम की उम्मीदों पर तुषारापात तो किया ही, क्रिकेट प्रशंसकों को अपना मुरीद भी बना लिया। दूसरी पारी में केएल राहुल के 90, शुभमन गिल के 103 रनों के अलावा हरफनमौला रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर के नाबाद शतकों ने अंग्रेज क्रिकेटरों के माथे पर पसीना ला दिया। तस्वीर में रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर एकदूसरे को बधाई देते हुए कदाचित यही जता रहे कि ओवल में होने वाले पांचवें टेस्ट मैच के लिए अंग्रेज हमें हल्के में कदापि न लें, क्योंकि हम सीखने नहीं सिखाने आए हैं...। (पेज-14)



# स्थायी दिव्यांग सीएपीएफ जवानों को वित्तीय पैकेज

नई दिल्ली, एजेंसी

- अंग खो देने पर सेवा में बने रहेंगे पदोन्नति व वेतन भी मिलेगा
- सीआरपीएफ के डीजी की अध्यक्षता में समिति गठित

.सीएपीएफ के अधिकारी और जवान जो अभियान के दौरान अपने अंग खो देते हैं या किसी स्थायी दिव्यांगता का शिकार हो जाते हैं, वे सेवा में बने रहेंगे और उन्हें एकमुश्त मूल मौद्रिक पैकेज के अलावा उचित पदोन्नति एवं वेतन मिलेगा।

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने रविवार को यह जानकारी दी। मोहन यहां केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 87वें स्थापना दिवस के अवसर पर बल के जवानों को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अधिकारियों की एक समिति गठित की गई है और उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में समिति अपनी सिफारिशों और योजना को लागू करने के तौर-तरीकों को अंतिम रूप दे देगी।

अधिकारी ने कहा कि पिछले दशकों में अभियानों के दौरान आईईडी विस्फोट या इसी तरह की अन्य घटनाओं के कारण सैकड़ों सीएपीएफ कर्मी अपने पैर, हाथ या आंखें खो चुके हैं और स्थायी दिव्यांगता का शिकार हो चुके हैं। अधिकारी ने बताया कि हालांकि ऐसे मामले बहुत कम हैं, जहां किसी जवान या अधिकारी को ऐसी चोटों के कारण सेवा से हटाया गया हो, लेकिन कई जवानों को पदोन्नति नहीं मिलने के कारण परेशानी उठानी पड़ती है, क्योंकि वे संबंधित फिटनेस मानदंडों को पूरा करने में विफल रहते हैं। उन्होंने कहा कि समिति अपने मानदंडों में ढील देने के लिए काम करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि अंग-भंग या किसी अन्य स्थायी दिव्यांगता से पीड़ित अधिकारियों और जवानों को उनकी पदोन्नति और सुविधाएं मिलें, जो उन्हें अन्यथा मिलतीं।

मोहन ने कहा कि गृह मंत्रालय (एमएचए) ने निर्णय लिया है कि जो जवान और अधिकारी अभियान के दौरान अंग खो देते हैं, उन्हें सेवा से नहीं हटाया जाएगा।

## बांके बिहारी मंदिर प्रबंधन ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख

नई दिल्ली, एजेंसी

- उप्र सरकार ने मंदिर प्रबंधन अपने हाथ को जारी किया है अध्यादेश

मथुरा स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज मंदिर की प्रबंधन समिति ने उत्तर प्रदेश सरकार के उस अध्यादेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया है, जिसमें मंदिर के प्रशासन का नियंत्रण राज्य सरकार द्वारा अपने हाथ में लिए जाने की बात कही गई है।

अधिवक्ता तन्वी दुबे के माध्यम से दायर याचिका में मंदिर प्रबंधन समिति (जिसमें 350 सदस्य और 'सेवायत' रजत गोस्वामी शामिल हैं) ने कहा कि सरकार का आचरण स्पष्ट रूप से दुर्भावनापूर्ण है, क्योंकि पांच एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए मंदिर के धन के उपयोग से संबंधित मुद्दे पर उच्च न्यायालय ने 8 नवंबर, 2023 को पहले ही फैसला कर दिया था और उसने राज्य सरकार को भूमि अधिग्रहण के लिए मंदिर के धन का उपयोग करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। समिति ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्च न्यायालय के 8 नवंबर, 2023 के आदेश के खिलाफ अपील दायर नहीं की और इसके बजाय शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित याचिका में एक पक्षकार आवेदन दायर किया गया।

## आधे अभ्यर्थियों ने छोड़ दी आरओ एआरओ परीक्षा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/एआरओ) परीक्षा-2023 रविवार को राज्य के सभी 75 जिलों में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक सकुशल संपन्न हो गई। आयोग के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि परीक्षा में 10,76,004 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4,54,997 (42.29 प्रतिशत) शामिल हुए। प्रदेश भर में 2382 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें कानपुर में 139, लखनऊ में 129, प्रयागराज में 106 और वाराणसी में 82 केंद्र शामिल थे।

**मन की बात** | प्रधानमंत्री ने कहा-शुभांशु शुक्ला की यात्रा से बच्चों में पैदा हुई अंतरिक्ष को लेकर नई जिज्ञासा

# देश में शुरू हुए अंतरिक्ष से जुड़े दो सौ स्टार्टअप : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी की सराहना करते हुए रविवार को कहा कि इससे भारत के बच्चों में अंतरिक्ष के प्रति एक नई जिज्ञासा जागी है।

मोदी ने साथ ही कहा कि देश में केवल अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े 200 से अधिक स्टार्टअप शुरू हुए हैं। प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि 2047 में विकसित भारत का रास्ता आत्मनिर्भरता से होकर गुजरता है और 'वोकल फॉर लोकल' 'आत्मनिर्भर भारत' का सबसे मजबूत आधार है। मोदी ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में, चाहे वह खेल हो, विज्ञान हो या संस्कृति, बहुत कुछ ऐसा हुआ है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है।



उन्होंने कहा कि हाल में अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की वापसी को लेकर देश में खूब चर्चा हुई। जैसे ही शुभांशु पृथ्वी पर सुरक्षित उतरे, लोग खुशी से उछल पड़े, हर दिल में खुशी की लहर दौड़ गई। पूरा देश गर्व से भर गया।

मोदी ने कहा कि मुझे याद है, जब अगस्त 2023 में चंद्रयान-3 की सफलतापूर्वक लैंडिंग हुई, तो देश में एक नया माहौल बना। बच्चों में भी विज्ञान को लेकर, अंतरिक्ष को लेकर एक नई जिज्ञासा पैदा हुई। छोटे-छोटे बच्चे अब कहते हैं, हम भी अंतरिक्ष में जाएंगे, हम भी चांद पर उतरेंगे - हम भी अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनेंगे।

मोदी ने कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है कि वीरता और दूरदर्शिता के प्रतीक 12 मराठा किलों को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में ग्यारह किले, तमिलनाडु में एक। हर किले से इतिहास का एक अध्याय जुड़ा है। हर पत्थर एक ऐतिहासिक घटना का साक्षी है... सल्हेर किला, जहां मुगलों को हराया गया था, शिवनेरी, जहां छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म हुआ था।

### इंस्पायर मानक से बच्चों में नवाचार को बढ़ावा

इंस्पायर-मानक अभियान के बारे में बात करते हुए मोदी ने कहा कि यह बच्चों में नवाचार को बढ़ावा देने का अभियान है। इसमें हर स्कूल से पांच बच्चों का चयन किया जाता है। हर बच्चा एक नया विचार लेकर आता है। अब तक लाखों बच्चे इससे जुड़ चुके हैं और चंद्रयान-3 के बाद इनकी संख्या दोगुनी हो गई है। मोदी ने कहा कि पूरे भारत में बच्चों में अंतरिक्ष के प्रति जिज्ञासा की एक नई लहर उत्पन्न हुई है। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है।

# धर्मांतरण गिरोह का खुलासा, आठ गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पुलिस ने कुशीनगर के पडरौना में भी धर्मांतरण गिरोह का खुलासा किया। दो महिलाओं समेत गिरोह के आठ सदस्य गिरफ्तार किए गए हैं। गिरोह के सदस्यों ने अमृतसर से युवती का अपहरण कर पडरौना लाए, यहां धर्म परिवर्तन कराकर उसके पहचान पत्र भी बनवा दिए। युवती के पिता की तहरीर पर शनिवार को रिपोर्ट दर्ज की गई।

एसपी कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि मूलतः तुर्कपट्टी के महुअवा बुजुर्ग निवासी ने शनिवार को पडरौना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया कि उसकी बेटी को अमृतसर से कुशीनगर लाकर धर्मांतरण करा दिया गया। पुलिस ने टीमें बनाकर रविवार तड़के युवती को ढूंढ निकाला और आरोपियों को दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में सरगना जंगल जगदीशपुर विशुनपट्टी का तौफिक अंसारी, आशिक अंसारी, आशिक अंसारी का बेटा इम्तियाज, नोनिया पट्टी का मो. साहब, बड़हरागंज का जीशान कमर, साकिन नगरी का मजहर, नेबुआ नौरंगिया स्थित साकिन चखनी भोज की फातिमा और उसकी बेटी कैसर जहां शामिल हैं।

- अमृतसर से युवती का अपहरण कर कुशीनगर लाकर बदलवाया धर्म, किया निकाह

### तीन वर्ष पहले फंसाया जाल में

गिरोह का मुख्य सदस्य आशिक अंसारी के बेटे इफ्तिखार अंसारी ने तीन वर्ष पूर्व युवती को जाल में फंसा लिया था। तब युवती की उम्र 16 वर्ष थी। उसे इस्लाम कुबूल कराने के बाद निकाह कर लिया। युवती की दर्जनों अश्लील वीडियो बनाई, साथ में निकाह की वीडियो वायरल करने की धमकी देकर तौफिक अंसारी ब्लैकमेल करता था। पुलिस को अभी इफ्तिखार की तलाश है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके निशाने पर हिंदू युवतियां व युवक रहते हैं। तुर्कपट्टी की युवती को बहला कर व लालच देकर प्रेमजाल में फंसाया गया। फिर धर्म परिवर्तन करा दिया गया। सरगना तौफिक उसकी अश्लील वीडियो व धर्म परिवर्तन की रिकार्डिंग दिखाकर परिजन को ब्लैकमेल करता था। कैसरजहां और फातिमा ने पीड़िता को इस्लामिक सामग्री दिखाकर ब्रेनवॉश किया। धर्मांतरण के बाद युवती का आधार कार्ड भी बनवा लिया था। आरोपियों के पास से युवती के हिंदू नाम और धर्म परिवर्तन के बाद परवीन खातून के नाम के दो आधार कार्ड मिले हैं। इसके अलावा 11 सिमकार्ड, 9 मोबाइल बरामद किए गए हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

# छांगुर प्रकरण के बाद कोना-कोना टटोल रहीं एजेंसियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बरेली से लेकर कोलकाता तक यूपी के सुरक्षातंत्र ने उखाड़ दीं धर्मांतरण की जड़ें

**अमृत विचार :** जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा प्रकरण के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त हिदायत का असर दिख रहा है। राज्य और राज्य के बाहर कोने-कोने पर जांच एजेंसियों और इंटीलिजेंस की नजर है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में जबरन धर्म परिवर्तन कराने वाले छांगुर समेत अन्य खतरनाक गिरोहों की करतूतें उजागर हो रही हैं।

धर्मांतरण को लेकर बरेली से लेकर कोलकाता तक बड़ा खुलासा हुआ है। ये सारे खुलासे छांगुर मॉड्यूल पर चल रहे गिरोहों से संबधित हैं। जांच में पता चला है कि धर्मांतरण के जाल में फंसाने के बाद हिंदू लड़कियों को जिहाद में धकेलने की योजना थी। यह उसी तर्ज पर किया जा रहा था जैसा आईएआईएस करता है। धर्मांतरण गैंग के आगरा मॉड्यूल का कनेक्शन लश्कर-ए-तैयबा से होने की जांच बहुत तेजी से बढ़ रही है। दरअसल, छांगुर बाबा गिरोह नाम के इस नेटवर्क के खुलासे ने न केवल पुलिस प्रशासन को चौकन्ना कर दिया है, बल्कि पूरे प्रदेश को हिला कर रख दिया है। बरेली, लखनऊ, बलरामपुर, अलीगढ़ और कोलकाता समेत पूरे देश में फैले इस नेटवर्क में महिलाओं से लेकर धर्मगुरुओं तक की भूमिका सामने आई है।

प्रदेश में धर्मांतरण के मामले निरंतर सामने आ रहे हैं। पहले बलरामपुर, फिर आगरा और अब शाहजहांपुर में एक धर्मांतरण सिंडिकेट का राजफाश हुआ है। शाहजहांपुर में कुछ ट्रस्टों द्वारा इस मद में दी गई वित्तीय सहायता की पुष्टि होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। आशंका है कि इन लोगों को विदेशी पैसा मिला है। यह जांच एक हिंदू संगठन की शिकायत के आधार पर शुरू की गई। शिकायत में स्थानीय महिला किरण जोशुआ (37) का नाम आया है। आरोप है कि ये लोगों को गुमराह करके ईसाई धर्म अपनाने की सलाह देती थी।

इस बीच यूपी पुलिस ने आगरा के अलावा गोवा, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, दिल्ली और राजस्थान के 11 ठिकानों पर छापा मारकर 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, पूरे देश में चल रहे इस तरह के नेटवर्क में कम उम्र की लड़कियों को प्रलोभन, लव जिहाद और अन्य तरीकों से प्रभावित करके धर्मांतरण कराया जाता है। अवैध धर्मांतरण का यह आईएसआईएस का सिग्नेचर स्टाइल है। इस रैकेट को चलाने के लिए यूएई, कनाडा, लंदन और अमेरिका के जरिए फंडिंग आ रही थी। इस ग्रुप का संबंध पीएफआई, एसडीपीआई और पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से भी होने के संकेत मिले हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सपा सांसद ने केंद्र से की स्कूल मर्जर रद्द करने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी की मछलीशहर से सांसद प्रिया सरोज ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर उप्र. में विद्यालयों के एकीकरण (स्कूल मर्जर) की नीति की समीक्षा कर इसे रद्द करने की मांग की है। सांसद ने पत्र में कहा कि प्रदेश में वर्तमान समय में विद्यालयों का एकीकरण किया जा रहा है, जो कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई एक्ट) की मूल भावना के प्रतिकूल है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत यह प्रावधान है कि 6 से 14 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को उसके निवास स्थान से एक किमी के भीतर निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराई जाए।

### मुसलमान क्यों नहीं बन जाते रामजीलाल सुमन : डॉ. निर्मल

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के पूर्व चेयरमैन और विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने सपा सांसद रामजीलाल सुमन के बयान पर प्रतिक्रिया जताते हुए कहा कि अगर उत्पीड़न के कारण दलित धर्मांतरण कर मुस्लिम या ईसाई बन रहा है तो दलितों का सबसे ज्यादा उत्पीड़न सपा सरकार में ही हुआ। उस समय दलित समाज के लोगों ने धर्मांतरण क्यों नहीं किया। उन्होंने कहा कि खुद सपा सांसद रामजीलाल सुमन भी अपना उत्पीड़न होने और सम्मान न मिलने की बात कहते हैं तो, वह मुस्लिम क्यों नहीं हो जाते। निर्मल ने कहा कि आज विभिन्न योजनाओं के तहत दलितों का सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है।

### मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्यों की समीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मेडिकल कॉलेज, तिलोई अमेठी में प्रस्तावित राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) निरीक्षण की तैयारियों की समीक्षा के लिए रविवार को नवीन भवन, लखनऊ में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह (संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं मातृ-शिशु कल्याण विभाग) ने की। बैठक में सुनिश्चित किया गया कि मेडिकल कॉलेज, तिलोई अमेठी से संबंधित सभी निर्माण कार्य, संसाधनों की उपलब्धता, शैक्षणिक और चिकित्सकीय ढांचे की पूर्ति, तथा अन्य प्रशासनिक आवश्यकताएं 20 अगस्त तक पूरी कर ली जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि निरीक्षण के समय किसी भी प्रकार की कमी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

### छात्रों को अधिकार दिलाएगी कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी देवकी पटेल ने कहा कि कांग्रेस छात्रों को उनका अधिकार दिलाएगी। वह रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को छात्रों से जुड़े प्रत्येक मुद्दों को गंभीरता से लेने व उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया, साथ ही एनएसयूआई संगठन से युवाओं को जोड़ने व अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। बैठक के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार के प्रदेश में पांच हजार सरकारी विद्यालयों को बंद करने संबंधी निर्णय से समाज के गरीब, अनुसूचित वर्ग व अन्य शोषित वर्ग के लोग अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है, प्रदेश में बेरोजगार युवाओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

# जनभावना के अनुरूप कराएं विकास कार्य

## मुख्यमंत्री ने झांसी और चित्रकूट मंडल के विधायकों से किया संवाद, विकास कार्य तेजी से शुरू करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- झांसी मंडल से 4,901 करोड़ और चित्रकूट मंडल से 3,875 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के आए प्रस्ताव

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने झांसी मंडल के विधायकों से आए 4,901 करोड़ और चित्रकूट मंडल के विधायकों से आए 3,875 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के प्रस्ताव पर तेजी से कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। योगी ने विधायकों से कहा कि वे अपने क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यों की सतत निगरानी करें और स्थानीय जनभावनाओं के अनुरूप योजनाओं को आकार दिलवाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर रविवार को झांसी और चित्रकूट धाम मंडल के सांसदों-विधायकों से उनके निर्वाचन क्षेत्रों की परिस्थितियों, जनअपेक्षाओं और विकासात्मक प्राथमिकताओं के विषय में व्यक्तिगत रूप से संवाद किया। बैठक का उद्देश्य केवल योजनाओं की समीक्षा नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों की जमीनी समझ और अनुभव के माध्यम से राज्य के दूरवर्ती क्षेत्रों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ समझना और समाधान सुनिश्चित करना था।

बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी विकास कार्य प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग और धर्मार्थ कार्य विभाग को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर प्रस्तावित कार्यों की प्राथमिकता तय की जाए तथा समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। विधायकों द्वारा दिये गए कुल प्रस्तावों के अनुसार, झांसी मंडल के तीन जनपदों (झांसी, जालौन और ललितपुर) से कुल 691 कार्य प्रस्तावित किए गए हैं, जिनकी अनुमानित लागत 4,901 करोड़ रुपये है। वहीं, चित्रकूट मंडल के चार जनपदों (बांदा, हमीरपुर, चित्रकूट और महोबा) से कुल 397 कार्य प्रस्तावित हैं, जिन पर रुपये 3,875 करोड़ की लागत प्रस्तावित है। इस प्रकार दोनों मंडलों से कुल 1,088 कार्य प्रस्तावित हुए हैं, जिनकी कुल लागत 8,776 करोड़ है। इनमें से झांसी और बांदा जनपद क्रमशः 1,916 करोड़ और 1,825 करोड़ रुपये की लागत के साथ अपने-अपने मंडलों में शीर्ष पर हैं।



लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर चित्रकूट व झांसी मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

# फसल बीमा योजना के लिए 86.30 करोड़ मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- किसानों को सब्सिडी के रूप में मिलेंगे 85.47 करोड़ रुपये

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय फसल बीमा योजना के लिए राज्य सरकार ने करीब 86.30 करोड़ की मंजूरी दी है। राज्यपाल ने इसमें किसानों को सब्सिडी के रूप में 85.47 करोड़ रुपये देने के लिए मुहर लगाई है। इसी के साथ शासन ने कृषि निदेशक को धनावंटन से लेकर पर्यवेक्षण का कार्य सौंपते हुए किसी भी अनियमितता पर सीधे जिम्मेदार होने की चेतावनी भी दी है।

कृषि विभाग की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार, योगी सरकार के प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 86 करोड़ 29 लाख 87 हजार रुपये की राज्यपाल से मंजूरी मिली है। इसमें 85 करोड़ 47 लाख 87 हजार किसानों को सब्सिडी के रूप दी जाएगी, जबकि शेष धनराशि से 8 लाख यात्रा व्यय, 10 लाख कार्यालय व्यय, 10 लाख लेखन सामग्री व फार्मों की छपाई, 8 फर्नीचर व उपकरण और 15 गाड़ियों में पेट्रोल व अनुरक्षण के लिए 10 लाख रुपये खर्च होगा। इसके अलावा प्रशिक्षण, हार्डवेयर-साफ्टवेयर, आईटी कार्य आदि में खर्च होगा। शासन ने कृषि निदेशक को धनराशि के नियमानुसार खर्च से लेकर पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी दी है। साथ ही किसी भी गड़बड़ी या अनियमित खर्च पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।



लखनऊ के एपीसेन गर्ल्स कॉलेज में आरओ-एआरओ की परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों की चेंकिग करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

# नकल माफिया की गतिविधियों पर रही पैनी नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सभी जिलों में शांतिपूर्वक संपन्न हुई आरओ-एआरओ परीक्षा
- एआई, सीसीटीवी और बायोमेट्रिक सत्यापन से हुई नकलमुक्त परीक्षा

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की सीधी निगरानी के चलते रविवार को शांतिपूर्वक संपन्न हुई आरओ-एआरओ परीक्षा के दौरान राज्य में कहीं से भी किसी प्रकार की अनियमितता सामने नहीं आई। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सरकार ने नकल माफिया और पुराने आरोपियों पर पैनी नजर रखी। एसटीएफ को संवेदनशील केंद्रों की विशेष निगरानी का जिम्मा सौंपा गया था, जो पूरे दिन सक्रिय रही।

आयोग के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि सभी केंद्रों से उत्तर पुस्तिकाएं सुरक्षित रूप से एकत्र की गईं और आगे की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज और वाराणसी जैसे प्रमुख जिलों में केंद्रों की अधिक संख्या के बावजूद व्यवस्था सुचारु रही।

परीक्षा की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए प्रश्नपत्रों की तैयारी और वितरण में कड़े प्रबंध किए गए। इन्हें त्रिस्तरीय लॉक वाले गोपनीय ट्रंक बॉक्स में पांच स्तरीय टेम्पर्ड प्रूफ पैकिंग के साथ रखा गया था। ट्रेजरी से निकासी से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के डिस्पैच तक की प्रक्रिया में सशस्त्र गार्ड और वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी अनिवार्य रही। लाइव सीसीटीवी स्ट्रीमिंग के जरिए केंद्र, जिला और आयोग स्तर पर निगरानी की गई। अभ्यर्थियों की पहचान के लिए प्रवेश द्वार पर बायोमेट्रिक सत्यापन और फेस रिकग्निशन तकनीक से पहचान सुनिश्चित की गई। डबल लेयर फ्रिस्किंग की जिम्मेदारी पुलिस बल और कार्यदायी संस्था ने साझा रूप से निभाई, जिससे कोई निषिद्ध सामग्री अंदर नहीं ले जाई जा सकी।

### अभ्यर्थियों ने की व्यवस्था की सराहना

प्रयागराज में एक सेंटर से परीक्षा देकर बाहर निकले वाराणसी के नीरज चंद्रा और सचिन माथुर ने बताया कि उनके केंद्रों पर कई स्तरों पर गहन चेकिंग की गई, जो बेहद व्यवस्थित और निष्पक्ष थी। वहीं प्रतापगढ़ की पूजा ने कहा कि पिछली बार की तुलना में इस बार की व्यवस्था कहीं बेहतर थी, जिससे परीक्षा में पूर्ण पारदर्शिता बनी रही और उन्हें आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं हुई। अभ्यर्थियों ने क्यूआर कोड, आई स्कैन और बायोमेट्रिक सत्यापन जैसी तकनीकी व्यवस्थाओं की तारीफ की, जिसने परीक्षा की निष्पक्षता और विश्वसनीयता को और मजबूत किया।

# पुनर्जीवित हो रही तमसा नदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अयोध्या, अंबेडकर नगर, आजमगढ़, मऊ व बलिया के लिए बनेगी वरदान

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संकल्पशक्ति से पूर्वांचल की जीवनरेखा कही जाने वाली पवित्र तमसा नदी को नया जीवन मिलने जा रहा है। ऋषि दुर्वासा, चन्द्रमा ऋषि और ऋषि दत्तात्रेय की तपोभूमि पर बहती तमसा नदी अब फिर से पूर्वांचल के किसानों के लिए संजीवनी बनेगी। तमसा नदी के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए 29 जुलाई को आजमगढ़ में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी जुटेंगे।

तमसा नदी अयोध्या, अंबेडकर नगर, आजमगढ़, मऊ और बलिया से होकर गुजरती है। इसके पुनरुद्धार से इन जिलों में बड़े पैमाने पर स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिलेगा। वर्तमान में तमसा नदी जनपद आजमगढ़ के अहरौला, मिर्जापुर, तहबरपुर, रानी की सराय, पल्हनी, बिलरियागंज और सठियांव विकासखंडों की 121 ग्राम पंचायतों से होते हुए मऊ जनपद में प्रवेश करती है। आजमगढ़ के मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना ने बताया कि तमसा नदी आजमगढ़ जिले में 89 किलोमीटर और कुल मिलाकर 264 किलोमीटर लंबी है। अभियान चलाकर कार्य किया जा रहा है। लाखों किसानों को अब सिंचाई की बेहतर सुविधा मिलेगी। डीएफओ आजमगढ़ पीके पांडे ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर तमसा नदी के दोनों किनारों पर पौधारोपण भी कराया जा रहा है।

# सपा प्रमुख ने बिजली व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की बिजली व्यवस्था की दुर्दशा कर दी है। प्रदेश में बिजली विभाग का ट्रांसफॉर्मर उड़ गया है, मंत्री-अधिकारी के बीच के तार टूट गये हैं और त्रस्त जनता के बीच सरकार पर भरोसे के खंभे उखड़ गये हैं। जनाक्रोश का मीटर खटाखट बढ़ रहा है। उत्पादन का चक्का जाम है, संचार खंडित है और डिस्ट्रीब्यूशन के नाम पर भ्रष्टाचार की कमाई का वितरण चालू है। अखिलेश यादव ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि प्रदेश में बिजली नहीं, केवल बिल आ रहा है और ये बेइंतहा बिल लोगों की जेबें खा रहा है।

# ओवरलोडिंग से हो रही बिजली की ट्रिपिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में ट्रांसफॉर्मर की ओवरलोडिंग के कारण बिजली की ट्रिपिंग की समस्या थमने का नाम नहीं ले रही है। बिजनेस प्लान के तहत अभी सुधार कार्य पूरे नहीं हुए हैं। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने वितरण निगमों के अधिकारियों को कार्य पूरे करने के निर्देश दिये हैं।

कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, बिजनेस प्लान 2024-25 के तहत 5713.21 करोड़ खर्च कर बिजली आपूर्ति में सुधार लाने की योजना है। इसके तहत सुधार कार्य कराए जा रहे हैं। योजना के तहत 71 नये उपकेंद्रों का निर्माण कार्य कराने का लक्ष्य है। इसमें अभी तक सात नये उपकेंद्रों का निर्माण किया गया है। इसी तरह, 28,986 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का लक्ष्य रखा गया, जिसमें 21,563 ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि की गई है। इसी तरह, लाइनों के निर्माण कार्य लक्ष्य के अनुरूप अभी पूरा नहीं हो सका है। गर्मी में बिजली की मांग ज्यादा होने के कारण तकनीकी खराबियां पैदा हो रही हैं। इससे बिजली आपूर्ति बाधित होने का सिलसिला जारी है। उपकेंद्रों पर तैनात बिजली कर्मियों की कमी के कारण समय रहते बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पा रही है। शासन स्तर पर सख्ती के बाद पावर कॉरपोरेशन ने वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य शीघ्र पूरा व तकनीकी खराबी को समय पर दूर करने व उपभोक्ताओं से सद्व्यवहार करने के निर्देश दिये हैं।

### लापरवाही बरतने वाले कार्मिक बख्शे नहीं जाएंगे : शर्मा



ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल समाधान न करने, अमर्यादित आचरण करने व कर्तव्यों में लापरवाही बरतने वाले कार्मिक बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब लो वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग, शटडाउन व अनावश्यक बिजली कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राज्य सरकार की 'उपभोक्ता देवो भव :' की नीति सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार, सभी उपभोक्ताओं को निर्धारित समयसारिणी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण व अनवरत बिजली आपूर्ति देना है। इसमें किसी भी प्रकार की बहानेबाजी अब नहीं चलेगी। पॉवर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष से लेकर निचले स्तर तक के कार्मिकों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। प्रदेश के विकास में बाधा बन रहे कार्मिकों की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी।

**सियासत** — केंद्रीय नेतृत्व को प्रतीक भूषण की ताजपोशी के लिए तैयार कर चुके हैं पूर्व सांसद

# विधायक बेटे को मंत्री बनाना चाहते हैं बृजभूषण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी से मिलने के पीछे सहमति लेने का था प्रयोजन, दोनों बेटे भी मुख्यमंत्री से मिले

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने सभी कील-कांटे दुरुस्त करके गोंडा के दबंग नेता पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह अपने विधायक बेटे को मंत्री बनाने में जुटे हैं। हाल में करीब तीन साल के लंबे अंतराल पर योगी से उनकी मुलाकात का प्रयोजन अब छनकर बाहर आने लगा है।

गोंडा के राजनीतिक अखाड़े में बड़े-बड़ों को पटखनी देने वाले बृजभूषण शरण सिंह अगले विधानसभा चुनाव तक 60 साल पार कर जाएंगे। 5 बार भाजपा और एक बार सपा से सांसद रहने के साथ वे भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष भी रहे। वर्ष 2023 में एक नाबालिग सहित सात भारतीय महिला पहलवानों ने उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न की एफआईआर में गवाही देने के साथ दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया था। जिसके बाद उन्होंने पिछले चुनाव में अपनी सांसद की सीट से छोटे बेटे करन भूषण सिंह को विजय दिलाई। जबकि बड़ा बेटा प्रतीक भूषण सिंह विधायक है।



बृजभूषण अब पहलवानों के आरोपों के मामले में बेदाग साबित हो चुके हैं। हालांकि उनका राजनीतिक जीवन पहले भी कई विवादों से घिरा रहा है। उन्हें बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में गिरफ्तार किया गया था और दाऊद इब्राहिम गिरोह के शूटरों को शरण देने के लिए आतंकवाद विरोधी कानून टाडा के तहत मामला दर्ज किया गया था। हालांकि, बाद में उन्हें दोनों मामलों में बरी कर दिया गया। अब बृजभूषण चाहते हैं कि दशकों के राजनीतिक जीवन में दूसरी पीढ़ी से कोई मंत्री बने। सूत्र बताते हैं कि उन्हें केंद्रीय नेतृत्व के कई नेताओं से इस बात पर सहमति मिल चुकी है कि विधायक बेटे को योगी सरकार में मंत्री पद दिया जा सकता है। लेकिन, इसके लिए सबसे बड़ी अड़चन मुख्यमंत्री योगी न बनें, इसके लिए उन्हें साधने का मंत्र दिया गया। इसी के बाद बृजभूषण के बोल बदलने लगे और हाल ही में वे योगी से मिलकर गुणगान करते दिखे। शनिवार को उनके दोनों बेटे विधायक प्रतीक भूषण और सांसद करन भूषण सिंह भी मुख्यमंत्री से मिले।

# अपने विभागों को लेकर मंत्री सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकारी तंत्र पर नाराजगी जताकर दे रहे आमजन को संतुष्ट करने वाले संदेश

**अमृत विचार :** उप्र. विधान सभा चुनाव से पहले मंत्री अपने-अपने विभागों की कार्यप्रणाली को लेकर और सख्त नजर आ रहे हैं। सरकारी तंत्र पर नाराजगी जताकर वे आमजन को निरंतर संतुष्ट करने वाले संदेश दे रहे हैं।

हाल ही में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने लखनऊ के शक्ति भवन में समीक्षा बैठक बुलाई थी। इस दौरान वो बिजली विभाग के अधिकारियों पर जमकर बरसे। मंत्री ने अधिकारियों से दो टूक कहा- मैं बकवास सुनने नहीं आया हूं, आप लोग अंधे-बहरे बनकर बैठे हो, और जनता मुझे कोस रही है।

बीते दिनों ऐसे ही उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की थी। उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि मिशन के निष्क्रिय कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। भ्रष्टाचार के मामलों में एफआईआर कराई जाए।

वहीं राज्य के दूसरे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कुछ दिन पहले केजीएमयू, लखनऊ पहुंचे। ब्रजेश पाठक वहां आईसीयू में भर्ती भाजपा के एक वरिष्ठ नेता को देखने पहुंचे थे। इस दौरान गांधी वार्ड में कई एसी काम नहीं कर रहे थे। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए केजीएमयू प्रशासन को इंजीनियरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की हिदायत दी।

अभी देवरिया जिले से वायरल एक वीडियो चर्चा में रहा। इसमें कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही वहां निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन हाल में सड़ी लकड़ी से बनाकर लगाए जंगले को देखकर अचानक से भड़क गए। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि यह सड़ा हुआ जंगला (खिड़की) कल तक हट जाना चाहिए। नहीं तो जान ले लूंगा, इसके बाद मंत्री जी भोजपुरी में बोलते हैं कि दो साल में घुन लग जाई घर चल जईबा पैसा लेके।





# बस ने डेढ़ किमी घसीटी बाइक, 3 की मौत

## बिधनू में नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर महोबा डिपो की रोडवेज बस ने मचाया कोहराम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


नारायण।


सतेंद्र ।


सोमेंद्र।


गुस्साई भीड़ ने लगाया जाम, किया हंगामा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिधनू में नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर महोबा डिपो की तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार तीन युवकों को पीछे से जोरदार टक्कर मारकर रौंद दिया। बस की पहिए में फंसकर बाइक करीब डेढ़ किमी तक घिसटती गई। हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरे ने सीएचसी में दम तोड़ दिया। हैलट ले जाते समय तीसरे युवक की भी सांसें थम गईं। चालक ने बिधनू थाने के सामने बस खड़ी कर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर चालक को दबोच लिया। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने परिजनों के साथ हाईवे पर जाम लगाकर हंगामा करना शुरू कर दिया। जिससे वाहनों की लंबी लाइन लग गई। ग्रामीण कार्रवाई और मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। पुलिस ने किसी तरह भीड़ को शांत कराया और यातायात बहाल हुआ।


शिवराजपुर के इधना निवासी वीरेंद्र यादव का 18 वर्षीय बेटा नारायण दो दिन पहले बिधनू के अफजलपुर अपने मामा शिवमोहन के घर आया था। रविवार शाम वह पड़ोसी शिवसिंह यादव के 23 वर्षीय बेटे सोमेंद्र के साथ बिधनू बाजार सब्जी लेने जा रहा था। दोनों युवक बाजार के लिए निकले तभी एक अन्य पड़ोसी सियाराम यादव का 32 वर्षीय बेटा सतेंद्र भी उनकी बाइक पर बैठ गया। बिना हेलमेट लगाए तीनों युवक बाजार जाने के लिए हाईवे पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार महोबा डिपो की बस ने तीनों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। बाइक बस के नीचे घुसी और पहियों में फंस गई। बाइक चला रहे सोमेंद्र की पहियों से कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सतेंद्र व नारायण को गंभीर हालत में बिधनू सीएचसी पहुंचाया गया। वहीं बाइक करीब डेढ़ किमी तक घिसटती गई। यह देख राहगीरों व ग्रामीणों ने शोर मचाया और बस के पीछे भागे। भीड़ देखकर घबराए चालक ने बिधनू थाने के सामने बस खड़ी कर भागने का प्रयास किया, तभी पुलिस ने घेराबंद कर उसे दबोच लिया। सीएचसी में डॉक्टर ने नारायण को मृत घोषित कर दिया, जबकि सतेंद्र की हालत नाजुक देखकर उसे तत्काल हैलट रेफर किया। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। हादसे की सूचना पाकर ग्रामीणों व परिजनों की भीड़ मौके पर पहुंचे। आक्रोशित भीड़ ने हमीरपुर हाईवे पर जाम लगाकर हंगामा करना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में कई किमी लंबा जाम लगा गया। भारी फोर्स पहुंचा। पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया, तब जाकर करीब दो घंटे बाद यातायात बहाल हो सका। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि चालक हिरासत में है। जाम हटवा दिया गया है।

### गनीमत रही कि नहीं उठी चिंगारी

- ग्रामीणों के अनुसार गनीमत रही कि बस में फंसी डेढ़ किमी तक घिसटती रही और उससे चिंगारी नहीं निकली। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। अगर आग लगती तो चीख-पुकार मच जाती। लोगों के अनुसार चालक निडरता से बस भगा रहा था, उसने जरा भी नहीं सोचा, अगर आग लग गई तो पूरी बस भी जल सकती थी, डेढ़ किमी हाईवे पर दूसरे वाहन भी चपेट में आ जाते। सवारियों की जान पर भी संकट आ सकता था।

### बारहवीं का छात्र था नारायण

- मामा के घर घूमने आया नारायण बारहवीं का छात्र था। जबकि सतेंद्र कार चालक और सोमेंद्र अपना गिट्टी-मौरंग का कारोबार करता था। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस के अनुसार चालक ने बस में कुछ तकनीकी खराबी बताई है, जिसकी जांच कराई जाएगी।



### सीआर सिस्टम नहीं होने से नहीं हो पा रहे एक्स-रे

**कानपुर।** कल्याणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन का लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि मशीन के संचालन में सहायक सीआर सिस्टम नहीं है। मरीजों को एक्सरे कराने के लिए निजी रेडियोलॉजी सेंटर में जाना पड़ रहा है, जिसकी जानकारी होने पर सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने कल्याणपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ.अविनाश यादव को शासन को मांग पत्र भेजने के निर्देश दिए। वहीं बिठूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार सुबह सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी पहुंचे और केंद्र का निरीक्षण कर यहां पर तैनात स्टाफ के साथ बैठक की। निर्देश दिए कि बिठूर में तैनात स्टाफ को आवासीय परिसर में ही निवास करने और सभी स्टाफ से आवासीय परिसर में निवास करने के संबंध में हलफनामा प्राप्त कर तीन दिन में उपलब्ध कराएं।

## सिटी ब्रीफ

### चार घंटे के भीतर हुई गड्ढे की मरम्मत

**कानपुर।** नगर आयुक्त सुधीर कुमार को निरीक्षण के दौरान बिरहाना रोड सड़क पर गड्ढा पाया गया। नगर आयुक्त ने मौके पर ही पैच वर्क कराने एवं प्रगति रिपोर्ट मांगी तो अधिकारियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद चार घंटे के भीतर गड्ढे की मरम्मत की गई। सफाई व्यवस्था एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का निरीक्षण किया गया। कुल 4 सफाई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। नगर आयुक्त ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही वेतन रोकने के निर्देश दिए।

### बिछड़े बच्चे को परिजनों से मिलाया

**कानपुर।** रविवार को 11 बजे कानपुर सेंट्रल स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल पर स्थित एएफसी गेट के पास एक लगभग 12 वर्षीय बच्चा हमजा अकेला पाया गया। स्टेशन पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने बच्चे की जानकारी स्टेशन कंट्रोलर को दी। जांच के दौरान यह सामने आया कि बच्चा अपनी मां और भाइयों के साथ कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन आया था और बिछड़ गया था। फिर उसके परिजनों से मिलाया गया।

### पड़ोसियों के विरोध पर बचा चबूतरा

कानपुर। सर्वोदयनगर एमपी मिला हाता निवासी चाय दुकानदार राम गोपाल उर्फ लाला ने शनिवार रात मंदिर का चबूतरा तुड़वाने का प्रयास किया, लेकिन पड़ोसियों के विरोध पर वह बच गया। पड़ोसियों का आरोप है कि लाला चबूतरा तोड़कर ठेला वालों को खड़ा कर उगाही करना चाहता है।

## दादानगर समानांतर पुल का उद्घाटन मुख्यमंत्री करेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दादा नगर समानांतर नए पुल का ट्रायल उद्घाटन गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी और कानपुर उत्तर जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने 22 जुलाई को समर्थकों के साथ कर दिया था। अब इस पुल का विधिवत उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने मुख्यमंत्री से इसका आग्रह किया था जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार लिया है। 22 जुलाई से इस पुल पर वाहनों का संचालन शुरू हो गया है, लेकिन पुल पर लाइट नहीं लगी हैं। अमृत विचार ने पुल का उद्घाटन बिना मार्ग प्रकाश के होने पर खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। रविवार को लखनऊ में कानपुर मंडल की बैठक में विधायक सुरेंद्र मैथानी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पुल का उद्घाटन करने का आग्रह किया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। विधायक के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा है कि वह कानपुर आकर पुल का उद्घाटन करेंगे।

## तिलक नगर के हैंडलूम शोरूम में आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


हैंडलूम शोरूम की आग बुझाते दमकल कर्मी अमृत विचार

**अमृत विचार।** तिलक नगर चौराहा के पास एक हैंडलूम के शोरूम में भीषण आग लगी जिससे अफरातफरी मच गई। शोरूम में कपड़ा होने के कारण देखते ही देखते लपटें बढ़ने लगीं। फायर जवानों ने आग पर काबू पाया लेकिन शो रूम को भारी नुकसान पहुंचा।

शनिवार को रात 1.45 बजे तिलक नगर स्थित हैण्डलूम के शोरूम में आग लगी। अनुमान है कि बिजली के तारों में शार्ट सर्किट से हादसा हुआ। क्षेत्रीय लोगों ने धुआं उठता देख आग को बुझाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस एवं फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी तो कर्नलगंज फायर स्टेशन से अग्निशमन अधिकारी प्रदीप शर्मा की अगुवाई में दो दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग को भयावह देख अग्निशमन अधिकारी ने लाटूश रोड से भी दमकल की गाड़ियां बुलाईं। फायर जवानों ने आग को आगे बढ़ने से रोका और सुबह 4 बजे आग पर काबू पाया।

## छात्राओं की फीस लेकर स्कूल का लिपिक गायब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अब नगर निगम के विद्यालय में तैनात कनिष्ठ लिपिक पर छात्राओं की फीस हड़पने का आरोप लगा है। लिपिक ने छात्राओं से पैसे लेकर विद्यालय कोष में जमा नहीं किए और रफूचक्कर हो गया। करीब 15 दिनों से बिना बताए स्कूल से गायब है। जिसके बाद विभागीय जांच शुरू हो गई है। अपर नगर आयुक्त प्रथम मो. आवेश को जांच अधिकारी बनाया गया है।

नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज हीरामन का पुरवा में कनिष्ठ लिपिक राडविल हरवर्ट (बिना निलम्बित) तैनात है। प्रधानाचार्य ने बताया है कि लिपिक 17 जुलाई से बिना सूचना के अनुपस्थित है। आरोप लगाया है कि विद्यालय की छात्राओं से फीस लगभग 4635 रुपये लिपिक ने लिए और विद्यालय कोष में जमा नहीं कराए हैं। उन्होंने नगर आयुक्त को रिपोर्ट भेजी इसपर नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने जांच बैठा दी है। अपर नगर आयुक्त प्रथम मो. आवेश ने आरोपी से 15 दिनों के अन्दर लिखित जवाब मांगा है।


ADVERTORIAL

# नया संकल्प, नई ऊर्जा: Bikeathon ने बढ़ाया जीवन की रफ्तार

''Hats off Kanpurites, आपके जज्बे को सलाम – सेठ मुरारी लाल अग्रवाल''












कार्यक्रम में उपस्थित कानपुर के जाने माने समाजसेवी सेठ मुरारी लाल अग्रवाल व अन्य

दैनिक जागरण आई-नेक्स्ट बाइकाथॉन की शुरुआत एक सुनहरी सुबह के साथ बेहद खास अंदाज़ में हुई। पूरा कानपुर एक मंच पर एकजुट दिखा। फ्लैग ऑफ के साथ इस आयोजन का शुभारंभ हुआ, जिसमें दैनिक जागरण परिवार ने सेठ मुरारी लाल अग्रवाल जी का हृदय से स्वागत किया।

बाइकाथॉन, कानपुरवासियों के लिए केवल एक इवेंट नहीं, बल्कि एक उत्सव है – सेहत का, ऊर्जा का और एक नई शुरुआत का। वर्षों से यह आयोजन हमें सिखाता आया है कि साथ चलना, साथ जीतना और स्वस्थ रहना ही असली जीवन है।

हजारों की संख्या में साइकिलिस्ट अपनी साइकिलों के साथ इस कार्यक्रम का हिस्सा बने और शहर में रफ्तार की नई लहर दौड़ पड़ी। हर प्रतिभागी को दैनिक जागरण परिवार द्वारा टी-शर्ट और कैप दी गई और विजेताओं को साइकिल उपहार में मिली। जिससे प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाइकाथॉन सफलतापूर्वक समपन्न हुआ।




### एक सुनहरी सुबह, जब पूरा कानपुर चल पड़ा जीवन की ओर



कार्यक्रम की शुरुआत एक ऊर्जावान और ताजगी से भरी सुबह में हुई, जब सैकड़ों नहीं, बल्कि हजारों की संख्या में लोग अपनी साइकिलों के साथ कानपुर की सड़कों पर उतर आए। यह नज़ारा किसी उत्सव से कम नहीं था। हर दिशा से आती घंटियों की आवाज़ें, बच्चों की मुस्कानें, युवाओं का जोश और वरिष्ठ नागरिकों का अनुशासन – सब मिलकर इस आयोजन को एक जीवंत चित्र में बदल रहे थे।

इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ फ्लैग-ऑफ समारोह के साथ हुआ, जिसमें दैनिक जागरण परिवार ने समाजसेवा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान देने वाले सेठ मुरारी लाल अग्रवाल जी का हार्दिक स्वागत किया। यह एक ऐसा क्षण था जिसने मंच पर मौजूद सभी प्रतिभागियों और दर्शकों को प्रेरणा से भर दिया।

## सेठ मुरारी लाल अग्रवाल: प्रेरणा के प्रतीक, समाजसेवा के पर्याय



दैनिक जागरण आई-नेक्स्ट बाइकाथॉन केवल साइक्लिंग का आयोजन नहीं, बल्कि कानपुर की सुबह को उत्सव में बदल देने वाला एक अद्भुत कार्निवाल है। यह एक ऐसा मंच बन चुका है जहाँ शहर के हर कोने से लोग उमड़ पड़ते हैं दृ चाहे वे बच्चे हों, युवा हों या बुजुर्ग।

इस आयोजन में प्रतिभागियों ने अपनी कला, ऊर्जा और जोश का प्रदर्शन बखूबी किया। किसी ने बेहतरीन डांस किया, तो किसी ने अपनी सिंगिंग से सबका मन मोह लिया। वहीं ज़ुम्बा जैसी फिटनेस एक्टिविटी ने माहौल को और भी जोशीला बना दिया। हर प्रस्तुति में एक अलग ही उत्साह देखने को मिला, जिसने दर्शकों को पूरी तरह से बांधे रखा।

कार्यक्रम की खूबी सिर्फ परफॉर्मेंस ही नहीं थी, बल्कि उसके संचालन में भी जान थी। मंच संचालक द्वारा प्रस्तुत हास्य और जोक्स ने लोगों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया और पूरे माहौल को खुशनुमा बना दिया।

इस खूबसूरत आयोजन में वरिष्ठ समाजसेवी सेठ मुरारी लाल अग्रवाल जी की उपस्थिति विशेष रही। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उनके जोश को सलाम किया और आयोजकों को बधाई दी। साथ ही यह विश्वास दिलाया कि वे अगले वर्ष भी दैनिक जागरण आई-नेक्स्ट बाइकाथॉन का हिस्सा जरूर बनेंगे। यह आयोजन कानपुर के आत्मा से जुड़ चुका है।







### सेठ मुरारी लाल अग्रवाल द्वारा किया गया राखी मेला का भव्य उद्घाटन

साकेत नगर स्थित होटल मंदाकिनी रॉयल में आयोजित राखी मेला का भव्य शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी सेठ मुरारी लाल अग्रवाल द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान उन्होंने उपस्थित जनसमूह को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए भारतीय संस्कृति की इस अद्भुत परंपरा को सराहा।

राखी मेले में महिलाओं और बच्चों का विशेष उत्साह देखने को मिला। मेले में आकर्षक राखियों की विविधता के साथ-साथ होम डेकोर, आभूषण, फैशन आइटम्स, किचन एवं गिफ्ट आइडियाज जैसी ढेरों चीजें उपलब्ध रहीं। मेले को इस प्रकार सजाया गया था कि हर आयु वर्ग के लोगों के लिए कुछ न कुछ खास जरूर था। राखी मेला में सबसे ज्यादा खरीदारी करने वाले ग्राहक को सम्मानित किया गया।





### सेठ मुरारी लाल अग्रवाल जी ने बच्चों के रजिस्ट्रेशन करवाकर किया बाइकाथॉन के लिए प्रोत्साहित



पिछले दिनों कानपुर के प्रतिष्ठित समाजसेवी सेठ मुरारी लाल अग्रवाल जी ने बीएनएसडी शिक्षा निकेतन, बेनाझाबर में छात्रों के बीच पहुंचकर उन्हें जल्द होने वाली दैनिक जागरण आई नेक्स्ट बाइकाथॉन रैली में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 500 से अधिक छात्र-छात्राओं का निःशुल्क पंजीकरण भी करवाया। मुरारी जी ने छात्रों को स्वस्थ शरीर और अनुशासित जीवनशैली के महत्व को समझाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बाइकाथॉन कार्यक्रम के दिन भी सेठ मुरारी लाल अग्रवाल जी बच्चों से व्यक्तिगत रूप से मिले और उनके परिवारों को इस आयोजन में आने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हर बच्चा इस देश का भविष्य है और हर बच्चे में अब्दुल कलाम या सचिन तेंदुलकर बनने की क्षमता है। ऐसे आयोजनों से बच्चों को प्रेरणा मिलती है और वे समाज के लिए एक सकारात्मक उदाहरण बनते हैं।

विद्यालय के छात्रों ने भी मुरारी जी के सम्मान में रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं और सभी का दिल जीत लिया। यह आयोजन बीएनएसडी शिक्षा निकेतन के लिए गर्व का क्षण बना।





## सिटी ब्रीफ

### मोबाइल चोरों ने खूब लगायी चपत

**कानपुर ।** कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर हजारों परीक्षार्थियों की भीड़ उमड़ी हुई थी जिसका लाभ उठाकर एक दर्जन से अधिक पॉकेटमार, चोर सक्रिए हो गये जो रात भी यात्रियों को अपना शिकार बनाते रहे। इस दौरान रात लगभग 3 बजे जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह ने आधा दर्जन चोरों को गिरफ्तार करके हवालात में डाल दिया।

### घंटों बिजली नदारद हजारों लोग परेशान

**कानपुर।** रविवार को सुबह 11.30 बजे जरीब चौकी, प्रेम नगर, चमनगंज, भन्नानापुरवा, हाशमी तिराहा समेत एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों में बिजली नदारद रही जिससे लोग परेशान हुए और घरों के इनवर्टर भी बोल गए। दोपहर लगभग 3 बजे बिजली आई तो लोगों ने राहत की सांस ली।

### ख्वातीन का जलसा

**कानपुर।** रविवार को जमीअत अहले हदीस की ओर से फेथफुलगंज स्थित ऊंची मस्जिद अहले हदीस में ख्वातीन का जलसा आयोजित किया गया जिसमें ख्वातीन वक्ता ने महिलाओं को आह्वान किया कि अल्लाह की रस्सी को मजबूती से थामे रहें और इस्लामी तौर तरीके से जिंदगी गुजारें।

### पुराने विवाद में युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**कानपुर।** रेलबाजार के खपरा मोहाल निवासी नवल किशोर ने बताया की 23 जुलाई की दोपहर उनका छोटा बेटा अंकित सोनकर अपने बड़े भाई सूरज को छोड़ने शिवनारायण पुल के पास गया था। तभी आकाश, अनिकेत, अभिषेक सोनकर, राजाराम सोनकर व शेखर सोनकर ने पुराने विवाद में उसे रोककर गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से जमकर पीटा।

### व्यापारी से मारपीट में आरोपी गया जेल

**कानपुर।** अनवरगंज में दुकान में घुसकर व्यापारी व उसके भाइयों से मारपीट, तोड़फोड़ में छह माह से फरार आरोपी जाजमऊ के शीतला बाजार निवासी रेहान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस दो को पहले ही जेल भेज चुकी है। कपड़ा व्यापारी मोहम्मद राशिद ने जनवरी माह में शाहाब अनवर उर्फ साहब लारी पर वसूली का आरोप लगाया था। पीड़ित के अनुसार उनके भाई मोहम्मद हसन ने साहब लारी से सरसौल स्थित एक प्लाट का एग्रीमेंट किया था, लेकिन विवादित होने पर छोड़ दिया। फिर भी साहब लारी रुपये की मांग कर रहा था। विरोध पर अपने साथियों के साथ मिलकर उन्हें और उनके भाई को पीटा।

# जूही अंडरपास पर 225 करोड़ से दो लेन का पुल

## सीएम के साथ कानपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों की बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** खलवा पुल (जूही अंडरपास) पर दो लेन पुल बनेगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में रविवार को लखनऊ में हुई बैठक में पेश किए गए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। टीपी नगर तिराहे से अफीम कोठी तक यह उपरिगामी पुल बनेगा। जिसमें 225.95 करोड़ खर्च होंगे। इस पुल के बनने से दक्षिण क्षेत्र के अधिकांश क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा। वहीं, खलवा पुल पर बरसात के दिनों में भरने वाले पानी से यातायात प्रभावित नहीं होगा। अभी बरसात के दिनों में पानी भरने से जहां यातायात बंद हो जाता है वहीं दुर्घटना होने का खतरा रहता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर कानपुर मंडल के विधायकों के साथ विशेष संवाद बैठक की। जिसमें शहर के जनप्रतिनिधियों की ओर से कानपुर नगर में 5,006 करोड़ की लागत से 426 योजनाएं प्रस्तुत की गईं। इसमें शहर से विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, अभिजीत सिंह सांगा, सरोज कुरील, नीलिमा कटियार, राहुल सोनकर काला बच्चा के साथ ही मंत्री राकेश सचान, प्रतिभा शुक्ला व एमएलसी मानवेंद्र सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से सीधे संवाद किया। किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी ने 7 प्रस्ताव दिए। जिसमें मुख्यमंत्री ने जूही अंडरपास में दो लेन का उपरिगामी सेतु के लिए 225.95 करोड़ का आवंटन कर बनवाने की मंजूरी दी। महेश त्रिवेदी ने बताया कि 2 लेन का उपरिगामी पुल ट्रांसपोर्ट नगर तिराहे से शुरू होकर अफीम कोठी तक बनेगा।

जिससे दक्षिण क्षेत्र के लोगों को जाम से निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा में 256.54 करोड़ रुपये के कार्यों को मंजूरी दे दी गयी है। जिसमें पहुंच मार्ग, चौड़ीकरण, रोड सेफ्टी के कार्य शामिल हैं। विधायक महेश त्रिवेदी ने बताया कि जल्द ही विधानसभा क्षेत्र में बन रहे 100 बेड का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहर आएंगे।

### मरियमपुर से बाईपास तक पुल पर सहमति

**कानपुर।** गोविंद नगर विधान सभा में छठ पूजा घाट सहित, 75 करोड़ से 14 सड़कें और चौराहों के साथ ही 1330 करोड़ से तीन आरओबी( पुल) बनेंगे। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने बताया कि लगभग 280 करोड़ से पनकी पड़ाव आरोबी, 150 करोड़ से पनकी धाम रेलवे स्टेशन के ऊपर समानांतर आरोबी (पुल), 900 करोड़ से मरियमपुर से लेकर चावला मार्केट, नंदलाल चौराहा होते हुए सचान गेस्ट हाउस चौराहा के बाद बाईपास को जोड़ने वाले आरोबी (पुल) पर भी मुख्यमंत्री ने सहमति दी। तीनों पुलों की कुल लागत 1330 करोड़ है।



आरोपी को सीमा के बाहर छोड़ने गई पुलिस। अमृत विचार

# ढोल-नगाड़े बजाकर अपराधी को पुलिस ने किया जिलाबदर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जालसाजी, आर्म्स एक्ट समेत पांच मुकदमों के आरोपी पर पनकी पुलिस ने गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस ने उसका जुलूस निकाला और ढोल-नगाड़े बजाकर उसे छह महीने के लिए जिले की सीमा से बाहर किया। पनकी पुलिस ने गुंडा नियंत्रण अधिनियम में पनकी के रतनपुर कालोनी निवासी विवेक यादव के खिलाफ छह माह की जिला बदर की कार्रवाई की है।

पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह के अनुसार शातिर के खिलाफ आर्म्स एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, छेड़छाड़, मारपीट, जालसाजी और बलवा समेत गंभीर धाराओं में पांच मुकदमे दर्ज हैं। विवेक सक्रिय अपराधी है। जिसकी वजह से उसके खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत छह माह के लिए जिलाबदर की कार्रवाई की गई है।

# 5 किसानों को खाने वाली बाघिन कानपुर जू आई

**कानपुर।** पीलीभीत में 5 किसानों को खा जाने वाली बाघिन को कानपुर चिड़ियाघर में लाया गया है। बाघिन के गुस्से में कोई कमी नहीं आई है, उसे रविवार की सुबह मांस खाने के लिए दिया गया लेकिन उसने मांस छुआ तक नहीं। बाघिन को 14 दिन के लिए बड़े पिंजरे में क्वारनटाइन कर दिया गया है।

शनिवार को पीलीभीत के पशु चिकित्सक डॉ. नासिर की निगरानी में बाघिन को कानपुर चिड़ियाघर लाया गया। डॉ. नासिर और डॉ. निदेश कटियार ही बाघिन के पास जा सकेंगे बाकी किसी को बाघिन के पास जाने की इजाजत नहीं है। पीलीभीत में बाघिन ने 14 और 17 जुलाई को 2 किसानों पर हमला कर उनकी जान ले ली थी जिसे 24 जुलाई की शाम को पकड़ा गया था। इससे पूर्व बाघिन ने 14 मई से 9 जून के मध्य 3 लोगों को अपना निवाला बनाया था।

# पार्कों और कब्रिस्तानों में मां के नाम एक पौधा

**कानपुर।** रक्षाबंधन के अवसर पर भाईचारे और एकता को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की विंग मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने विशेष सम्मेलन आयोजित करने का फैसला लिया है। पर्यावरण, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक समरसता पर केंद्रित कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। रविवार को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच कानपुर प्रांत की महत्वपूर्ण बैठक चमनगंज स्थित मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यालय में प्रांत संयोजक अशफाक सिद्दीकी की अध्यक्षता में हुई। बैठक की औपचारिक अध्यक्षता सबीहा खान ने की।

बैठक में जन-जन तक पहुंचने के लिए पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत मां के नाम एक पौधा अभियान के तहत पार्कों और कब्रिस्तानों में पौधरोपण करने का फैसला हुआ। रक्षा बंधन में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे जिसमें बहनें देश की रक्षा के लिए समाज को जागरूक करने का पैगाम देंगी।

# सीसीटीवी कैमरा लगाने के नाम पर 5.55 लाख रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक कंपनी को तीन प्रतिष्ठानों में कैमरे लगाने का मिला था काम

**अमृत विचार।** चकेरी में सीसीटीवी कैमरे लगाने वाली फर्म ने तीन प्रतिष्ठानों में कैमरा लगाने के नाम पर 5.55 लाख की ठगी की। फर्म को कैमरा उपलब्ध कराने वाले फर्म के मालिक ने तगादा किया तो खराब माल की आपूर्ति का आरोप लगाया। पीड़ित ने धोखाधड़ी पर चकेरी थाने में शिकायत की है।

जूही सफेद कालोनी निवासी नदीमुद्दीन के अनुसार उनकी एनबी इंटरप्राइजेज के नाम से फर्म है, जो सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉलेशन, सप्लाई और मरम्मत का काम करती है। नदीमुद्दीन के अनुसार कुछ माह पहले उन्हें चकेरी स्थित एक कंपनी से तीन प्रतिष्ठानों में 5.55 लाख के सीसीटीवी कैमरे सेटअप करने का काम मिला था। इस पर उन्होंने सीसीटीवी कैमरे मंगवाकर कंपनी को सौंप दिया। इसके बाद फर्म की ओर से दिल्ली स्थित एक ज्वैलरी शोरूम में सेटअप लगाया गया। जिस पर कंपनी ने दस हजार का भुगतान किया। बाकी बचे दो प्रतिष्ठानों में फर्म ने उनके माध्मय से इंस्टालेशन न कराकर किसी और से कराया। साथ ही उनका बकाया 5.55 लाख का भुगतान भी नहीं किया।

लगातार कंपनी से संपर्क करने के बाद उन्हें 16 जुलाई को भुगतान करने का आश्वासन मिला, लेकिन बाद में फर्म का नोटिस मिला। जिसमें खराब माल की सप्लाई करने का आरोप लगाया। इस पर कंपनी मालिक ने चकेरी थाने में शिकायत की है। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## मंथन

विश्व हिन्दू परिषद् कानपुर प्रान्त की बैठक

# षड़यंत्रों का एकमात्र समाधान, संगठित हिंदू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विश्व हिन्दू परिषद् कानपुर प्रान्त की दो दिवसीय बैठक में रविवार को कार्य एवं कार्यकर्ता योजना पर चर्चा हुई। श्रीमुनि हिन्दू इण्टर कॉलेज गोविन्द नगर में हुई बैठक में विहिप क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र, विहिप प्रान्त अध्यक्ष माननीय राजीव महाना, कार्याध्यक्ष डॉ. उमेश पालीवाल, प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल रहे। संगठन मंत्री गजेन्द्र ने छह महीने में संगठन द्वारा सभी जिलों में किए गए कार्यों की समीक्षा की।

राजू पोरवाल ने कहा कि वर्तमान में एक सुनियोजित षड़यंत्र के अन्तर्गत हिन्दू समाज को विखण्डित करने के प्रयास तेज हो गये हैं। जाति, भाषा, प्रान्त, क्षेत्र, लिंग, आयु, पूजा-पद्धति, परम्परा, रीति-नीति तथा आचार-विचार के नाम पर हमारी सामाजिक एकता को विविध प्रकार से तोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। हिन्दू को ही हिन्दू के विरुद्ध खड़ा किया जा रहा है। जातीय दुराग्रह के आधार पर समाज को विभाजित करने तथा भारत उद्धत, धर्म-धाराओं में परस्पर अविश्वास निर्माण करने के षड़यंत्र, धर्मांतरण का सुनियोजित कुचक्र, हिन्दू प्रतीकों, पूज्य संतों, परम्पराओं एवं त्योहारों के प्रति अश्रद्धा निर्माण करना, हिन्दू पहचान को मिटाने के प्रयास हो रहे हैं। पोरवाल ने आगे कहा कि इन षड्यन्त्रों के बावजूद हिन्दू पुनरुत्थान शुरू हो चुका है।



बैठक में मौजूत विहिप के पदाधिकारी। अमृत विचार

### कानपुर विभाग में नवीन दायित्व दिया

कानपुर दक्षिण में डॉ. राजेश त्रिवेदी जिलाध्यक्ष, नितिन जगरानी जिलामंत्री बनाए गए। कानपुर पश्चिम में प्रमोद मिश्रा को जिलाध्यक्ष, कानपुर उत्तर से कंपनी सेक्रेटरी एसके गुप्ता जिलाध्यक्ष बनाए गए। बैठक में विहिप क्षेत्र विशेष सम्पर्क प्रमुख श्री अनिल दीक्षित, दुर्गावाहिनी क्षेत्र संयोजिका कल्पना, विहिप प्रान्त उपाध्यक्ष वीरेन्द्र पाण्डेय, प्रान्त सह मंत्री अभिनव दीक्षित आदि रहे।

10 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर
सारिम आई केयर हॉस्पिटल
बिना टाँका, बिना पट्टी फेको विधि द्वारा लेंस प्रत्यारोपण

डॉ. काशिफ महताब
M.B.B.S., M.S. (EYE)
AMU Phaco, Glaucoma LASIK Surgeon
20000 से अधिक फेको मोतियाबिन्द आपरेशन का अनुभव
• PM आयुष्मान योजना CGHS की सुविधा उपलब्ध है
• CM पंडित दीन दयाल उपाध्याय कर्मचारी कैशलेस योजना
• TPA / Health insurance कैशलेस सुविधा उपलब्ध हैं
पता (1): 176ए/4 गंगा विहार, Swan Tower Apartment के सामने, गल्ला गोदाम चौराहे के पास, जाजमऊ, कानपुर
(समय- प्रातः 11 से 2.30 बजे तक)
पता (2): 105/37 ए, गुरुद्वारा के पास, प्रेम नगर, कानपुर
(समय- सायं 5 से 8 बजे)
मो:- 8687582145,9389721497,8931924420

निसंतानता INFERTILITY
एक अभिशाप

निसंतानता क्या है?
निसंतानता का अर्थ है कि कोई दंपत्ति एक वर्ष तक नियमित रूप से असुरक्षित यौन संबंध बनाने के बावजूद गर्भधारण नहीं कर पा रहे हैं। यह समस्या स्त्री या पुरुष या दोनों में हो सकती है। आज के समय में बदलती जीवनशैली, मानसिक तनाव, खान-पान की गड़बड़ी, और हार्मोनल असंतुलन इसके प्रमुख कारण हैं।
1000 से ज्यादा सफल केस

डा. ज्योति दत्त
BHMS(Gold), MD(Hom.)
MOIC, Kamla Health Care, Kanpur
निसंतानता के प्रमुख कारण:
महिलाओं में:
• पीसीओडी (PCOD) / पीसीओएस (PCOS)
• थायरॉइड असंतुलन
• फाइब्रॉइड या गांठें
• फॉलोपियन ट्यूब में रुकावट
• मासिक धर्म की अनियमितता
• एंडोमेट्रियोसिस
• अधिक उम्र या हार्मोनल परिवर्तन
पुरुषों में:
• शुक्राणु की कमी या गुणवत्ता में गिरावट
• शुक्राणुओं की गति (motility) में कमी
• वीर्य की कमी
• धूम्रपान, शराब या नशे की लत
• तनाव, अधिक गर्म वातावरण में काम करना
होम्योपैथी में निसंतानता का इलाज
होम्योपैथी में निसंतानता का इलाज व्यक्ति की संपूर्ण मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्थिति को ध्यान में रखकर किया जाता है। यह इलाज लक्षणों के आधार पर पूरी तरह प्राकृतिक होता है और इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता।
महत्वपूर्ण होम्योपैथिक दवाएं:
1. Sepia: मासिक धर्म में गड़बड़ी, थकान और चिड़चिड़ापन वाली महिलाओं के लिए।
2. Pulsatilla: मासिक धर्म रुकने या बहुत हल्का होने की स्थिति में।
3. Calcarea Carb: मोटापा, अत्यधिक पसीना और हार्मोनल असंतुलन में उपयोगी।
4. Natrum Mur: तनावग्रस्त महिलाओं में भावनात्मक कारणों से बांझपन।
5. Thuja: पीसीओडी या ओवरी में सिस्ट होने पर।
6. Agnus Castus: पुरुषों में यौन इच्छा की कमी या शुक्राणुओं की गुणवत्ता घटने पर।
7. Sabal Serrulata: पुरुषों के वीर्य संबंधी विकारों में लाभकारी।
8. Medorrhinum: अनुवांशिक या पुराने संक्रमणों की वजह से उत्पन्न बांझपन के लिए।
होम्योपैथी की विशेषताएं:
पूरी तरह सुरक्षित और प्राकृतिक | दीर्घकालिक समाधान
महिलाओं व पुरुषों दोनों के लिए उपयोगी
सर्जरी की आवश्यकता नहीं पड़ती
मानसिक और शारीरिक दोनों समस्याओं पर प्रभावी
जरूरी सलाह: • डॉक्टर से परामर्श लेकर ही दवा लें •नियमित रुप से जांच करवाएं • खानपान संतुलित रखें • तनाव से दूर रहें •धूम्रपान, शराब और नशे से बचें • योग, ध्यान और एक्सरसाइज को दिनचर्या में शामिल करें

डा. आर. के. सिंह
BHMS (Gold), MD(Hom.)
Medical Officer,
Pt. J.L.N. Govt. Homeopathic Medical College,Kanpur
कमला हेल्थ केयर
बांच 1: जी 546, आवास विकास - 1, केशवपुरम, कल्याणपुर, कानपुर (सोमवार, बुधवार, शुक्रवार शाम 4 से 8 बजे तक)
ब्रांच 2: शॉप- 6ए, सूर्या रेजीडेंसी, आवास विकास - 1, केशवपुरम, केडीएमए वर्ल्ड स्कूल के बगल में, कल्याणपुर, कानपुर-17 (मंगलवार, गुरूवार, शनिवार शाम 4 से 8 बजे तक) रविवार (प्रातः 9-12)
Mob.: 8979429769, 8318558933

## सिटी ब्रीफ

### घर में घुसकर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** नजीराबाद में दबंगों ने घर में घुसकर दंपति समेत पूरे परिवार को मारापीटा। थाने में सुनवाई न होने पर पीड़िता ने अधिकारियों से शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरकेनगर निवासी महिला के अनुसार 24 जुलाई की रात क्षेत्र के अमन वर्मा ने घर में घुसकर मारपीट की थी। शोर मचाने पर आरोपी के परिवार भी आ गए और पति व देवर समेत पूरे परिवार को पीटा। साथ ही ईंट–पत्थर चलाए। इतना ही नहीं मोबाइल से वीडियो बनाने पर आरोपी ने बच्ची से अभद्रता की। सुनवाई न होने पर डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह से गुहार लगाई। थाना प्रभारी राज केसर ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### रुपये व चेन छीनने की दर्ज हुई रिपोर्ट

**कानपुर।** फजलगंज में बाइक में टक्कर मारने के बाद आरोपी ने युवक से हाथापाई की। दो हजार रुपये व चेन लूट ली। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पनकी के जवाहरपुरम एलआईजी निवासी अमित कुमार के अनुसार बीती नौ अप्रैल की रात वह ऑफिस से घर जा रहे थे। तभी फजलगंज चौराहा के पास बाइक सवार दो लोगों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसके बाद आरोपियों ने मारपीट कर दो हजार रुपये व चेन छीन ली। आरोप है कि पुलिस से शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई तो कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया।

### झुलसे युवक की मौत परिजनों का हंगामा

**कानपुर।** कल्याणपुर के अंबेडकर पुरम, आवास विकास–तीन में हाईटेंशन लाइन से झुलसे युवक की रविवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की शिनाख्त हमीरपुर निवासी 22 वर्षीय अमित उर्फ भूरा के रूप में हुई है, जो अंबेडकरपुरम स्थित स्नेहा बंधन गेस्ट हाउस में काम करता था। मौत पर युवक के परिजनों ने गेस्ट हाउस के बाहर जमकर हंगामा किया। अमित 22 जुलाई को गेस्ट हाउस के बाहर काम कर रहा था एचटी लाइन की चपेट में आ गया था।



परीक्षा छूटने के बाद टाट मिल के पास लगा भीषण जाम। अमृत विचार



केंद्र से परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

# 65,280 में से 36 हजार परीक्षार्थी अनुपस्थित

## शहर में 139 केंद्रों में समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई

**परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परीक्षार्थियों ने कहा, पेपर सरल था, रीजनिंग बढ़ाएगी अंक

**अमृत विचार।** शहर में रविवार को 139 परीक्षा केंद्र में समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा में लगभग 36 हजार परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। परीक्षा देकर लौटे परीक्षार्थियो ने बताया कि इस बार पिछली परीक्षा से बेहतर प्रश्न पत्र आया था। रीजनिंग इस बार बेहतर अंक प्रदान करने में सहायता करेगी।

शहर के 139 परीक्षा केंद्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र को हल किया। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। सुबह 9.30 से 12.30 बजे तक चले प्रश्न पत्र के लिए शहर में 65,280 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था। परीक्षा के दौरान 28,846 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 36,434 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा देकर लौटे परीक्षार्थी हिमांशु कांठपाल और दीपिका यादव ने बताया कि इस बार पिछली बार की तुलना में पेपर आसान रहा।



सेंट्रल स्टेशन पर उमड़ी परीक्षार्थियों की भीड़। अमृत विचार

### झकरकटी बस अड्डे पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़

- ट्रेनों के फुल होने की वजह से शाम 5 बजे शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डे पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। ये परीक्षार्थी बस अड्डा के अंदर जाने के बजाय हजारों की संख्या में सड़क पर ही बसों में बैठने की कोशिश करते रहे जिससे झकरकटी पुल पर भीषण जाम लगा।

## वीआईपी ट्रेनों के एसी कोचों तक परीक्षार्थियों का कब्जा

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी की प्री परीक्षा 2023 देने वाले हजारों यात्रियों ने वीआईपी ट्रेनों के एसी कोचों तक कब्जा कर लिया। जिन्हें जीआरपी और आरपीएफ ने किसी तरह खाली कराया।

रविवार को कानपुर नगर में आयोजित आरओ/एआरओ (प्री) परीक्षा-2023 में 65 हजार से अधिक परीक्षार्थियों के शामिल होने की सूचना पर सेंट्रल स्टेशन पर जीआरपी, आरपीएफ एवं जिला प्रशासन की ओर से परीक्षार्थियों की मदद के लिए विभिन्न स्थानों पर व्यवस्था की गई थी। दोपहर 12.30 बजे परीक्षा छूटने के बाद दोपहर 2 बजे अचानक सेंट्रल स्टेशन पर परीक्षार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। सीमांचल एक्सप्रेस, संपर्कक्रांति एक्सप्रेस, सप्तक्रांति, जम्मूतवी एक्सप्रेस समेत दर्जनों ट्रेनें के एसी कोच में परीक्षार्थी कब्जा किये रहे जिससे यात्री परेशान रहे। रेलवे ने परीक्षार्थियों की भीड़ को देखते हुए वाराणसी, झांसी समेत कई स्टेशनों से विशेष ट्रेन कानपुर तक चलाई जिससे परीक्षार्थियों को बड़ी राहत मिली। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा 12 प्रमुख स्थलों पर 137 वॉलिंटियर्स की टीम तैनात की थी। टीम ने परीक्षा केंद्र तलाशने में परेशान हो रहे अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने का काम किया।

# 18885 बूथों पर सुनी गई पीएम मोदी की मन की बात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 17 जिलों में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 124वें संस्करण में बुंदेलखंड क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों की विशेष चर्चा की। प्रधानमंत्री ने बांदा जिले में स्थित कालिंजर किले का उल्लेख करते हुए कहा कि यह किला भारतीय इतिहास का गौरवशाली अध्याय है। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कानपुर दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने महाराजपुर विधानसभा के बूथ संख्या 84 हंसपुरम में एवं कानपुर उत्तर जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने गोविंद नगर विधानसभा के बूथ संख्या 9 में मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसी तरह उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर मन की बात सुनी। विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक ने किदवई नगर मंडल के बूथ संख्या 275 में सुना। इसी तरह पार्टी पदाधिकारी ने अपने-अपने बूथों पर मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुना। कार्यक्रम को लेकर देर शाम क्षेत्रीय मुख्यालय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने समीक्षा बैठक की। जिसमें क्षेत्रीय टोली के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में क्षेत्रीय टोली ने जानकारी दी कि मन की बात सुनने के बाद सभी बूथों पर एक पेड़ मां के नाम भी लगाया गया। मन की बात के क्षेत्रीय संयोजक अनूप अवस्थी ने बताया कि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 17 जिलों में लगभग 18885 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया । समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, सुनील तिवारी, पवन पांडे, आलोक शुक्ला, शोभा श्रीवास्तव, जितेंद्र सचान, पंकज गुप्ता, हरिओम भदौरिया, आदि उपस्थित रहे।



वार्षिक सभा का शुभारंभ करते अतिथि। अमृत विचार

# संदीप अध्यक्ष व अंकुर महामंत्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लघु उद्योग भारती की कानपुर इकाई की वार्षिक सभा हुई। इस दौरान अगले 2 वर्षों के लिए कानपुर नगर के पदाधिकारियों का मनोनयन हुआ। कानपुर नगर अध्यक्ष संदीप अवस्थी व महामंत्री में अंकुर अंशवानी का चयन हुआ। सभा के दौरान उद्योग जगत की समस्याओं पर भी मंथन हुआ। इस्पात नगर की समस्या के साथ उद्यमियों ने 7 प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की।

कानपुर देहात के लिए अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं महामंत्री हिमांशु सिंह को मनोनीत किया गया। कानपुर में महिला उद्यमियों की इकाई का गठन भी हुआ। जिसमें अध्यक्ष प्रेरणा वर्मा व महामंत्री डॉ सुभाषिनी खन्ना को मनोनीत किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में 50 नए सदस्यों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया।


27 साल से अधिक आपका विश्वसनीय हेल्थ मित्र

27 स्वर्णिम वर्ष 1997–2025

WORLD HEPATITIS DAY 28th July 2025

पालीवाल डायग्नोस्टिक्स (प्रा.) लि. सहयोग डॉ. लाल पैथलैब्स

24 घंटे लैब सेवा



पालीवाल
डायग्नोस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड

मुख्य लैब : 117/एच–1/02, पाण्डु नगर, जे.के. मन्दिर के सामने, कानपुर–05
फोन : 0512-2335500, 2235821, 2232962

24 उत्कृष्ट लैब्स | 250+ कलेक्शन सेंटर्स | 270 + पिकअप पॉइंट्स | 10 लाख कुल पेशेंट प्रतिवर्ष (2024-25) में

विश्वस्तरीय क्वालिटी आकर्षक दरों पर किफायती स्वास्थ्य परीक्षण



"बुखार से परेशान"?
इन्तजार नहीं, जाँच करवाएं
घर से सैम्पल कलेक्शन 60 मिनट में

हमारी व्यापक रेंज
Fever PANELS
मात्र ₹650/- से आरम्भ

सही निदान के लिए डॉक्टर से परामर्श अवश्य करायें

मलेरिया और टाइफाइड — फीवर पैनल बेसिक
मलेरिया, टाइफॉइड, डेंगू और अन्य वायरल बुखार — फीवर पैनल प्लस


परीक्षण में शामिल
डेंगू | मलेरिया | वायरल | यूरीन आर/ई | मियादी बुखार
• समय पर रिपोर्ट • समय पर घर से नमूना–संग्रह • एन.ए.बी.एल. प्रमाणित

स्वस्थ पैनल करायें, टैक्स बचायें
टैक्स बेनिफिट अन्डर सेक्शन 80 डी
हमारे विभिन्न किफायती हेल्थ पैकेजेस में से आज ही चुनें, अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाईन नं. पर संपर्क करें।
होम कलेक्शन/हेल्पलाईन नं.
9305028499, 7311130006, 9336843141
customercare.pdpl@lalpathlabs.com www.paliwaldiagnostics.in

सभी जाँचें एक छत के नीचे
सुविधाएं
NABL & ISO CERTIFIED LAB
✦ सी.टी. स्कैन ✦ कलर डॉप्लर ✦ ऑडियोमेट्री
✦ पैथोलॉजी ✦ इको कार्डियोग्राफी ✦ टी०एम०टी०
✦ ओ०पी०जी० ✦ आई एण्ड ईयर ✦ ई०ई०जी०
✦ एक्सरे (डिजिटल) ✦ अल्ट्रासाउन्ड ✦ पी०एफ०टी०



मुख्य शाखा लैब परख डायग्नोस्टिक सेन्टर
सी.टी. स्कैन, एक्सरे, अल्ट्रासाउन्ड व सभी पैथोलॉजी जाँचें
37/17 वेस्टकॉट बिल्डिंग कैम्पस, द मॉल, कानपुर
फो.: 0512–2363605, 2304005, 9919406571



साउथ ब्रान्च
मातृ छाया बिल्डिंग
621/37, W-2 बर्रा
निकट सचान गेस्ट हाउस
फोन: 9335093357, 9838900770

Advertisement

वर्ल्ड हेपेटाइटिस 'डे'
लिवर है शरीर का अहम हिस्सा, रखें इसका ख्याल



डॉ. उमेश पालीवाल
प्रबन्ध निदेशक
पालीवाल डायग्नोस्टिक्स प्रा.लि.

लिवर हमारे शरीर का जरूरी अंग है। अगर आपका लिवर कमजोर हो रहा है तो फैटी लिवर, लिवर इंफेक्शन, हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हेपेटाइटिस होने पर लिवर में सूजन आ जाती है। ऐसे में इनके टेस्ट नियमित रूप से कराकर इनसे बचाव जरूरी है।

कुदरत ने हमारे शरीर में दिल और जिगर को ही एक बनाया है। बाकी किडनी, फेफड़े, आंखें जैसे अंग दो दिए हैं। ऐसे में दिल के साथ जिगर की देखभाल भी बहुत जरूरी है। हम अक्सर दिल को याद रखते हैं, लेकिन जिगर यानी लिवर को भूल जाते हैं।

लिवर क्यों है खास?
लिवर शरीर का इकलौता ऐसा हिस्सा है, जो 300 से भी ज्यादा तरह के काम करता है। यह काम वह दिन में एक बार नहीं, कई–कई बार करता है। यह शरीर में भोजन पचाने से लेकर पित्त बनाने तक का काम करता है। लिवर शरीर को संक्रमण से लड़ने, ब्लड शुगर को कन्ट्रोल करने, शरीर से विषैले पदार्थों को निकालने, फैट को कम करने और कार्बोहाइड्रेट को स्टोर करने से लेकर प्रोटीन बनाने में मदद करता है। लिवर पूरे शरीर को डिटॉक्स करता है। अब यह हम पर है कि हम उसे उसके काम में ताजे फल और सब्जियों को खाकर मदद करते हैं या फिर शराब, तले भुने, मसलेदार, गरिष्ठ भोजन, पैक्ड फूड आदि से रुकावट पैदा करते हैं। यह शरीर के उत्सर्जी अंग (हानिकारक पदार्थों को बाहर निकालने वाला) के रूप में भी काम करता है।

किडनी या फेफड़ों से अलग लिवर खुद को छोटे से बड़ा बना सकता है। इसे रीजनरेशन पावर भी कहते हैं। अगर किसी को फैटी लिवर है, तो वह अमूमन टाइप 2 डायबीटीज का मरीज भी हो सकता है। इतना ही नहीं, लिवर विटामिनों का भंडारण भी करता है।

लिवर कमजोर होने से इस तरह की होती समस्या –
लिवर में कुछ भी परेशानी होने पर उसका असर शरीर पर दिखना प्रारंभ हो जाता है। अगर आपका लिवर कमजोर हो रहा है तो फैटी लिवर, लिवर इंफेक्शन, हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक लिवर खराब होने के लक्षणों में उल्टी होना, कम भूख लगना, थकावट, दस्त होना, पीलिया, लगातार वजन घटना, शरीर में खुजली होना, पूरे शरीर में सूजन बनना आदि शामिल हैं।

✓पेट के दाएं भाग के ऊपरी हिस्से में दर्द होना ✓वजन गिरना, कमजोरी महसूस करना एवं पाचन संबंधी समस्याएं होना ✓ पेट में सूजन होना, भूख कम लगना ✓ आलस्य रहना ✓ पेट में पानी आना तथा खून की उल्टी शुरू हो जाना

इनसे करें परहेज –
♦ एल्कोहल व निकोटिन का सेवन कदापि न करें। ♦ जंक फूड, तैलीय गरिष्ठ व अधिक मसालेदार भोजन का सेवन सीमित मात्रा में करें। ♦ फास्ट फूड के सेवन से बचें। ♦ रिफाइंड शुगर और मैदा खाने से परहेज करें। ♦ अधिक पेन किलर दवाओं का सेवन न करें।

लिवर के लिए कराएं ये जरूरी टेस्ट –
अगर किसी के परिवार में शुगर, बीपी, फैटीलीवर, हेपेटाइटिस आदि की परेशानी है, तो उसे हर 6 महीने में एक बार टेस्ट जरूर कराना चाहिए। वैसे तो लिवर सही तरीके से काम कर रहा है या नहीं, यह देखने के लिए कई तरह के टेस्ट होते हैं। कुछ अहम टेस्ट है...

● लिवर फंक्शन टेस्ट (LFT) – इसे लिवर फंक्शन टेस्ट भी कहते हैं। लिवर के काम को जांचने के लिए सबसे कॉमन टेस्ट यही है। इस टेस्ट को कराकर देखते हैं कि लिवर की क्या स्थिति है। यह टेस्ट रक्त द्वारा किया जाता है तथा इसमें मुख्य रूप निम्न जाँचे की जाती है।

SGPT/ALT तथा SGOT/AST - लिवर में किसी भी प्रकार का इंफेक्शन, सूजन या डैमेज़ का पता चलता है।

Alkaline Phosphatase - द्वारा लिवर में सूजन तथा किसी भी प्रकार की आन्तरिक रुकावट का पता चलता है।

Serum Bilirubin - यह तीन प्रकार का होता है टोटल, डायरेक्ट व इनडायरेक्ट तथा यह पीलिया (Jaundice) की तीव्रता तथा प्रकार के बारे में भी बताता है।

Protein - यह भी तीन प्रकार का होता है। टोटल, प्रोटीन, एल्बुमिन तथा ग्लोबुलिन। इन टेस्टों के द्वारा लिवर के कार्य करने की क्षमता तथा कुपोषण के बारे में जानकारी होती है।

LDH - यह टेस्ट लिवर के साथ हृदय के टिशू के डैमेज होने (हार्ट अटैक) की जानकारी देता है।

GGT - यह टेस्ट लिवर कोशिका तथा पित्त नली की कोशिका के डैमेज होने पर बढ़ता है तथा एल्कोहल के सेवन से होने वाले लिवर डैमेज को भी दर्शाता है।

PT & INR - यह टेस्ट शरीर द्वारा रक्तस्राव रोकने की क्षमता को दर्शाता है तथा चूंकि रक्तस्राव रोकने वाले तत्वों का निर्माण लिवर में होता है अतः लिवर में खराबी होने पर PT & INR बढ़ जाते हैं।

लिवर कैंसर की जाँचें– अन्य अंगों की भाँति लिवर में भी कैंसर उत्पन्न हो सकता है जिसके लिये Alpha Feto Protein जाँच करायी जाती है। इसके अलावा बाहर के अंगों का कैंसर रक्त या अन्य माध्यम से लिवर तक पहुँच जाता है और तब इलाज बहुत मुश्किल हो जाता है। कई बार लिवर सिरोसिस भी बाद में कैंसर में परिवर्तित हो जाता है।

FNAC & Biopsy जाँच– यह जाँच लिवर में कैंसर, इंफेक्शन अन्य ट्यूमर ऐब्सेस सिरोसिस आदि की पहचान के लिये किये जाते हैं।

अल्ट्रासाउण्ड, सी.टी. स्कैन तथा एम.आर.आई.– यह जाँचें लिवर के आकार में परिवर्तित, सिरोसिस, ट्यूमर, कैंसर, बनावट में अंतर व सिरोसिस जैसी बीमारियों का पता लगाने के लिये की जाती हैं।

हिपेटाइटिस के प्रकार व जाँच–
हिपेटाइटिस का अर्थ लिवर की सूजन से है। यह मुख्य रूप से कई प्रकार के वायरल से होती है तथा अन्य कारणों में एल्कोहल, बैक्टीरिया व अन्य होती है। वायरस से होने वाली हिपेटाइटिस– A, B, C, D व E मुख्य है तथा ये संक्रामक होती है और विभिन्न माध्यमों से एक से दूसरे में फैलती है। इनकी बचत से पीलिया, लिवर, सिरोसिस व लिवर कैंसर भी हो सकता है। इनके मुख्य टेस्ट निम्न प्रकार के होते हैं।

1. एंटी–एचएवी आईजीएम (Anti - HAV IgM) : इस टेस्ट की मदद से हेपेटाइटिस ए वायरस के लिए विशिष्ट आईजीएम एंटीबॉडी की उपस्थिति का पता लगाया जाता है। आमतौर पर इस टेस्ट का सुझाव इटेंस हेपेटाइटिस ए वायरस के निदान के लिए किया जाता है।

2. एंटी–एचईवी आईजीएम (Anti - HEV IgM) : इस टेस्ट की हेपेटाइटिस ई वायरस के हाल के इन्फेक्शन का पता लगाने के लिए आई.जी.एम. एंटीबॉडी की जाँच रक्तद्वारा की जाती है।

3. एचबीएसएजी (HBsAg) : इस टेस्ट की मदद से एंटीजन की सतह पर हेपेटाइटिस बी की उपस्थिति का पता लगाया जाता है। अगर टेस्ट सकारात्मक है, तो यह एक्टिव हेपेटाइटिस बी संक्रमण का संकेत हो सकता है।

4. एंटी–एचबीएस (Anti - HBs) : यह टेस्ट का हेपेटाइटिस बी वैक्सीन या पिछले हेपेटाइटिस बी संक्रमण से लड़ने वाली एंटीबॉडी को मापने के लिए किया जाता है।

5. एंटी–एचसीवी (Anti-HCV): यह टेस्ट हेपेटाइटिस सी वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी का पता लगाने में मदद करता है, जो वर्तमान या पिछले संक्रमण का संकेत दे सकता है।

6. एचसीवी आरएनए (HCV RNA) : यह टेस्ट हेपेटाइटिस सी वायरस की उपस्थिति की पुष्टि करने के लिए किया जाता है। इस टेस्ट में रक्त में अनुवांशिक इंग्रीडिएंट्स का पता लगाया जाता है।

## सिटी ब्रीफ

### झूले व नृत्य के साथ मनाई हरियाली तीज

**कानपुर।** वीरांगना सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा तीज के अवसर पर एक होटल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं ने रंग बिरंगे परिधानों को पहनकर नृत्य के साथ कजरिया गीत गाते हुए झूले का भी आनंद उठाया। कार्यक्रम में तीज क्वीन का ताज ऊषा सेंगर को पहना कर स्वागत किया गया। नृत्य में विभा पूनम, मेंहदी में शशी भारद्वाज बीना चौहान को सम्मानित किया गया। समिति की अध्यक्ष शशि भारद्वाज, रेनू सिंह विभा चंदेल, बीना सिंह, सरला सिंह, सुमन सेंगर, आशा सिंह मौजूद रहीं।

### स्वस्थ जीवनशैली से बीमारी रहती दूर

**कानपुर।** इंदिरा नगर स्थित एसजीएम इंटरनेशन स्कूल में वात्सल्य न्यास व आरोग्य भारती ने स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां एवं स्वस्थ जीवनशैली पर कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय (राष्ट्रीय संगठन सचिव, आरोग्य भारती एवं सलाहकार आयुष मन्त्रालय, भारत सरकार) ने कहा कि अनाज, फल व सब्जियों का उपयोग लाभकारी है। ऋतु अनुसार भोजन करना चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ बीएन आचार्य (अध्यक्ष, आरोग्य भारती, कानपुर प्रान्त) थे। पूर्व चिकित्सा महानिदेशक डॉ. वीएन त्रिपाठी, सचिव श्याम सुंदर गुप्त, केके दुबे, अमरनाथ, विद्यालय के प्रबन्धक अजित अग्रवाल, विद्यालय के डायरेक्टर चन्द्र प्रकाश गुप्त, प्रधानाचार्य संदीप कुमार पाठक, उमा निगम समेत आदि लोग रहे।

# डायबिटिज रोगियों में साइलेंट हार्ट अटैक अधिक

## नजरअंदाज करने पर हृदय रोगों और स्ट्रोक का खतरा भी, शहर में पहली बार आयोजित हुई कानपुर कॉर्डियोलॉजी समिट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** डायबिटीज रोगियों को अपनी जीवनशैली के प्रति काफी सचेत रहने की जरूरत है। क्योंकि डायबिटीज ग्रस्त लोगों में साइलेंट हार्ट अटैक आने की आशंका आम लोगों के मुताबिक 20 से 25 फीसदी अधिक होती है। इसके अलावा हाईपरटेंशन भी साइलेंट हार्ट अटैक की आशंका को बढ़ाता है। इसे नजरअंदाज करने पर हृदय रोगों और स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ सकता है। ऐसे मरीजों को सचेत रहने और जीवनशैली में सुधार करने की जरूरत है। यह जानकारी दिल्ली से आए कॉर्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ.संजय त्यागी ने दी।

कैंट स्थित स्टेट्स क्लब एंड रिसॉर्ट में रविवार को कानपुर कार्डियोलॉजी समिट 2025 का आयोजन किया गया, जो हृदय रोग संस्थान, के-केयर हॉस्पिटल, कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया और यूपी चैप्टर से सहयोग हुआ। समिट में कानपुर शहर के सबसे वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ और पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ.एसएस सिंघल को उनकी सेवाओं के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. सिंघल ने शिष्यों व डॉक्टरों को निरंतर मेहनत व लगन से अपना कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि हम काफी खुशनसीब हैं कि ईश्वर ने हमे लोगों की जान बचाने का मौका दिया है। कार्डियोलॉजी संस्थान के निदेशक डॉ.राकेश वर्मा ने संस्थान की उपलब्धियों की जानकारी दी। विभागाध्यक्ष डॉ.उमेश्वर पांडेय ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य डॉक्टरों के बीच जागरूकता बढ़ाना और आपसी जानकारी साझा करना है। डॉ.आशुतोष मारवा व जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ.शैलेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि एक से दो फीसदी बच्चों में हृदय संबंधित समस्या होती है। समिट में डॉ.एसके सिन्हा, डॉ.अवधेश कुमार शर्मा, डॉ.अमित कुमार, डॉ.एमएम रजी, डॉ.रितेश सिंह गंगवार, डॉ.राजीव कुमार गुप्ता, डॉ.नीरज वरयानी, डॉ.मोहित सचान, डॉ.प्रवीण शुक्ला, डॉ.मुकेश झा, डॉ.श्रीपत, डॉ. कुणाल सहाय, डॉ.अनुराग मेहरोत्रा, डॉ.राकेश सचान, डॉ.अनूपम सचान समेत आदि डॉक्टर रहे।

- सबसे वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.एसएस सिंघल को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड



कॉर्डियोलॉजी समिट 2025 में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एसएस सिंघल को सम्मानित करते डॉक्टर्स। अमृत विचार


कॉर्डियोलॉजी समिट 2025 में मौजूद हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.एके त्रिवेदी व डॉ.एससी अग्रवाल आदि डॉक्टर व अन्य अतिथि। अमृत विचार

### समोसा दिल और दिमाग दोनों को नुकसान पहुंचाता

कॉर्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ.संजय त्यागी ने बताया कि हाई ब्लड प्रेशर वर्तमान में मौत की मुख्य वजहों में शामिल है। मौत में हार्ट अटैक बड़ा कारण है। बचाव के लिए समय पर बीमारी की डायग्नोस जरूरी है। सीने में हल्का भारीपन, छाती में दबाव पड़ना, गैस की समस्या व पसीना आने पर व्यक्ति को सचेत हो जाना चाहिए। ऐसे में तत्काल ईसीजी कराना चाहिए। समोसा दिल और दिमाग दोनों को नुकसान पहुंचाने का काम करता है। बार-बार एक ही तेल में तली जाने वाली चीजें खाने से भी दिल को नुकसान पहुंचता है। फास्ट फूड नसों में ब्लाकेज पैदा करते हैं। अगर माता-पिता को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या और वजन ज्यादा है तो बच्चों को भी हो सकती है। बचाव के लिए मिलेट्स का उपयोग करना चाहिए, योग व व्यायाम करें और खानपान दुरस्त रखें।


डॉ.संजय त्यागी ।

### कम नींद और पैदल न चलने से बढ़ रहे हृदय रोगी

लखनऊ, केजीएमयू में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.गौरव चौधरी ने बताया कि भागदौड़ और तनावयुक्त जीवनशैली की वजह से लोगों की नींद कम हो गई है। आधुनिक जीवनशैली के कारण लोग पैदल भी कम चल रहे हैं, जिसके कारण हृदय रोगियों की संख्या बढ़ रही है। नींद कम लेने वाले लोगों में चिड़चिड़पना और गुस्सा तो बढ़ता ही है, इसके अलावा दिल को काम करने में अधिक मेहनत भी करनी पड़ती है। जो लोग थकान होने के बाद भी जिम या काम करते रहते हैं, थोड़ी देर आराम नहीं करते, उनमे भी हार्ट अटैक की आशंका काफी बढ़ जाती है। बचाव के लिए कम से कम सात से आठ घंटे की नींद और आठ हजार से दस हजार कदम प्रतिदिन चलना जरूरी है, जिससे दिल स्वस्थ रहता है।


डॉ.गौरव चौधरी ।

# आदर्श शिक्षक के रूप में वंदनीय हैं डॉ. रमेश शर्मा

संवाददाता कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर नगर के हिन्दी भाषा के विद्वानों में से एक डॉ. रमेश चन्द्र शर्मा द्वारा हिन्दी भाषा के लिये दिये गये अपने योगदान क़ो देखते हुए उनका सम्मान किया गया। अरमापुर डिग्री कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ. गायत्री सिंह की अध्यक्षता में डॉ. शर्मा का अभिनन्दन किया गया।

वीएसएसडी कालेज के हिन्दी विभाग से अवकाश प्राप्त हिन्दी विद्वान डॉ. रमेश चन्द्र शर्मा का पनकी स्थित उनके आवास पर नगर की साहित्यिक संस्था साहित्यकार सहयोग संगठन द्वारा उनका सम्मान किया गया। अरमापुर डिग्री कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ. गायत्री सिंह की अध्यक्षता में डॉ. शर्मा का उनके घर पर जाकर उन्हें शाल पुस्तकें भेंट कर उनका सम्मान किया गया। डॉ. शर्मा ने जयतु हिन्दू विश्व मासिक पत्रिका के स्वतंत्रता दिवस विशेषांक का लोकार्पण भी किया।

डॉ. शर्मा ने कहा कि यह सम्मान पाकर मैं अभिभूत हूं। उन्होंने हिन्दी भाषा क़ो लेकर कहा कि महाराष्ट्र में राष्ट्र भाषा हिन्दी का विरोध होना भारत के लिए हितकर नहीं है। हमारे देश में ही हिन्दी का अपमान होना अनुचित है। वहीं डॉ. गायत्री सिंह ने कहा कि डॉ. शर्मा क़ो उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान ने साहित्यभूषण सम्मान देकर स्वयं में गौरव ग्रहण किया है। इस अवसर पर डॉ. सुषमा सेंगर, डॉ. विजयप्रकाश त्रिपाठी मौजूद रहे। वहीं गोपी चन्द्र त्रिपाठी ने डॉ. शर्मा के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। डॉ. शर्मा के सम्मान में एक काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इसमें नगर के कवि ओमप्रकाश पाठक ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। सुषमा सेंगर, ओमप्रकाश पाठक, डॉ सुभाष मिश्र, डॉ. अजीत शुक्ल, डॉ. विजय प्रकाश त्रिपाठी, नरेंद्रकुमार पाण्डेय, डॉ. नीरज कुमार ने काव्य पाठ किया।



पुस्तक का विमोचन करते शिक्षाविद्। अमृत विचार

# संन्यासियों ने निकाली सशस्त्र पदयात्रा

संवाददाता घाटमपुर

- नगर में शिव शक्ति अखाड़ा प्रमुख का हुआ भव्य स्वागत, पदयात्रा में जमकर हुई पुष्पवर्षा

**अमृत विचार।** घाटमपुर नगर में रामलीला मैदान से शिव शक्ति अखाड़े के प्रमुख मधुराम शरण शिवा के नेतृत्व में एक सशस्त्र पदयात्रा निकाली गई।

मां कुष्मांडा देवी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद सशस्त्र पदयात्रा शुरू हुई। यह सशस्त्र पदयात्रा नगर पालिका रोड से होते हुए विभिन्न प्रमुख स्थानों में निकाली जहां-जहां से यह सशस्त्र पदयात्रा निकली वहां पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर पदयात्रा का भव्य स्वागत किया। इस सशस्त्र सन्यासी पदयात्रा में शिव शक्ति अखाड़े के प्रमुख मधुराम शरण शिवा का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। तथा वीरेंद्र त्रिवेदी व कोमल वर्मा ने शस्त्रों का प्रदर्शन किया और पदयात्रा में शामिल सभी लोगों ने हिंदू राष्ट्र का उद्घोष किया। यात्रा में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के प्रमुख सदस्य शामिल हुए। इस सन्यासी पदयात्रा में पंकज पांडे, आलोक शुक्ला, अनुपम, पप्पू पांडे, पंकज मिश्रा, कपिल गुप्ता, विकास गुप्ता, प्रभात गुप्ता, राजेश अवस्थी, वेदव्रत सचान, सुरेश सोनी, जीतेंद्र शुक्ला, संतोष टोपा, अंकुर दीक्षित, माया शुक्ला, महेश दीक्षित रहे।


सम्मान समारोह में शामिल पूर्व विधान सभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडे, पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी व ज्योतिषाचार्य पं.केए दुबे पदमेश। अमृत विचार

### भारतीय संस्कृति के लिए लोगों का सम्मान करना जरूरी

**कानपुर।** राजकुमार दीक्षित फाउण्डेशन ने केडी पैलेस में पंडित राजकुमार दीक्षित प्रतिभा सम्मान-2025 का आयोजन किया। उत्तर प्रदेश विधान सभा के विपक्ष के नेता पंडित माता प्रसाद पाण्डेय ने डॉ. विकास शुक्ला, दुर्गाप्रसाद विद्यानिकेतन की प्रधानाचार्या ऊषा दीक्षित, ज्योतिषाचार्या स्वाती सक्सेना, पनकी धाम के महंत कृष्णदास, विधायक अमिताभ बाजपेई, आचार्य अमरेश मिश्रा, ज्योत्स्ना मिश्रा, एड्वोकेट कमलेश पाठक, कथा वाचक शिवानन्द महाराज, पूर्व विधायक सतीश निगम, सीएफओ दीपक शर्मा समेत आदि को सम्मानित किया। साथ ही कवि सम्मेलन हुआ। इस दौरान पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी, पं. केए दुबे पद्मेश, आचार्य लंकेश व कवि हेमन्त पाण्डेय समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# आईआईटी छात्रों व शिक्षकों ने निकाली कांवड़ यात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सरसैया घाट से आनन्देश्वर परमट मंदिर तक गूंजे भजन और कीर्तन

**अमृत विचार।** सरसैया घाट से आनन्देश्वर मंदिर परमट मंदिर तक भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें आईआईटी कानपुर के शिक्षक एवं छात्र सहित नगर के कई गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। यात्रा के दौरान छात्र-छात्राएं भजन-कीर्तन करते चले। यात्रा का समापन आनंदेश्वर मंदिर में जलाभिषेक के साथ हुआ। यात्रा में महन्त अरुण भारती जी महाराज, बाल योगी अरुण पुरी चैतन्य जी महाराज, महंत गोविन्द दास जी महाराज आदि मौजूद थे।

इस आयोजन का उद्देश्य न केवल धार्मिक आस्था का प्रदर्शन था, बल्कि सामाजिक एकता, सामूहिक सहभागिता और भारतीय परंपराओं के प्रति युवाओं की आस्था को भी सुदृढ़ करना रहा। इस यात्रा ने यह संदेश दिया कि तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र भी समाज और संस्कृति से जुड़े रहते हैं और अपने व्यस्त शैक्षणिक जीवन के बीच आध्यात्मिक और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेकर समाज को एकता और सहयोग का संदेश देते हैं। यात्रा में आईआईटी कानपुर से प्रोफेसर नचिकेता तिवारी, राजेश रंजन, अखिलेश विमानी एवं डी.पी. मिश्रा ने नेतृत्व प्रदान किया। उनके साथ संस्थान के कई छात्र शिवम सिंह, गोपाल गुप्ता, शिवम त्रिवेदी, विशाल सिंह, निलय श्रीसाट, पवन शर्मा, हिमांशु यादव, अमन शुक्ला, शुभम सक्सेना, रानोदीत दास, अदिति सक्सेना, अभिषा गर्ग, स्वाति गंगवार, विशाल चक्रधारी, रोहित, अभिषेक शुक्ला, शिवम श्रीवास्तव, आयुषी ओझा, दिव्यमान पाल, यशस्वी महाजन, कुलदीप ठाकरे, रविंद्र विश्वकर्मा, अयन गुप्ता, प्रतम शर्मा, यश गिरी एवं अरविंद योगी आदि मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त प्रमुख नागरिकों में सुधीन्द्र जैन, अवध बिहारी मिश्र, शेष नारायण त्रिवेदी, संतोष श्रीवास्तव, विनय शुक्ल, गगन बाजपेई, राजेश ग्रोवर, संजय त्रिवेदी, लाल जी पन्डित, जितेन्द्र आदि मौजूद रहे।


आईआईटी के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने कांवड़ यात्रा निकाली ● अमृत विचार

# दो घरों से लाखों के जेवर और नकदी चोरी

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के महिगवां गांव में शनिवार रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। यहां से चोरों ने लाखों रुपये के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

पहला मामलाः रामसेवक के घर का है, जो सावन मास के चलते अपनी विवाहित बेटी के घर सावन का त्योहार देने गए थे। उनकी पत्नी सोमवती अपने दोनों बेटे अंकित व नागेश के साथ घर के बाहर दरवाजे पर सो रही थीं। चोर घर के पिछले हिस्से से दीवार फांदकर अंदर घुसे और कमरे का ताला तोड़कर बक्सा उठा ले गए। सुबह तलाश करने पर बक्सा घर से 200 मीटर दूर उमेश की झोपड़ी के पास पड़ा हुआ मिला। बक्से में रखे सोने चांदी के लगभग1 लाख के जेवरात गायब थे।

**दूसरा मामलाः** इसी गांव में रामसेवक के घर से लगभग 200 मीटर दूर दुर्गा और उनकी पत्नी अर्चना भी घर के बाहर सो रहे थे। चोरों ने उनके घर में भी पिछले हिस्से से दीवार फांदकर अंदर आये और अंदर से मुख्य दरवाजा बंद कर दिया और कमरे में रखा बक्सा लेकर फरार हो गए। रात में जब दुर्गा ने मोबाइल चार्ज करने के लिए दरवाजा खोलने की कोशिश की तो वह बंद था। घर के अंदर कमरे के दरवाजे खुले पड़े थे। खोजबीन करने पर उनका बक्सा घर से 100 मीटर दूर नागेश्वर के बगीचे के पास मिला। बक्से का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखे 10 हजार रुपये गायब थे। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।


शिव का पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# रेणुका पार्क में रुद्राभिषेक में उमड़े श्रद्धालु

**कानपुर।** साकेत नगर स्थित रेणुका पार्क में दिव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धा एवं भक्ति का अपार संगम देखने को मिला। यहां पर सैकड़ों श्रद्धालु व भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इस पावन अवसर को और भी पुण्यमय बना दिया।इस दौरान सहस्त्रार्चन, मंत्रोच्चार, भोलेनाथ का दिव्य श्रृंगार, पुष्पांजलि, शिव तांडव स्तोत्र रुद्राष्टकम और लिंगाष्टकम का संगीतमय गायन विशेष आकर्षण रहा। इस दौरान पूरा वातावरण आध्यात्मिक और सनातनी रंग में रंगा रहा। श्रद्धालुओं के अपार समूह ने सामूहिक रूप से रुद्राभिषेक कर देश के कल्याण, शांति और उन्नति की कामना की। इस मौके पर मुख्य रूप से भूपेश अवस्थी, रवि पाण्डे, दीपक शुक्ल, रविशंकर राठी, हरीश खत्री, अर्चना मिश्रा, भारतीश मिश्रा, दिनेश अवस्थी, अनिल त्रिपाठी आदि रहे।

आस्था | रविवार को ही लगी श्रद्धालुओं की लंबी लंबी कतारें, मंदिर कमेटी को भी इतनी भीड़ आने की नहीं थी उम्मीद

# खेरेश्वर में महादेव के दर्शन को उमड़ा भक्तों का सैलाब

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** सावन के पावन महीने सोमवार का विशेष महत्व होता है। हर सोमवार को शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का जबरदस्त सैलाब उमड़ता है और चारों तरफ शिव भक्त ही दिखाई देते हैं। लेकिन कानपुर देहात के शिवराजपुर स्थित महाभारत कालीन खेरेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को ही भक्तों का जबरदस्त सैलाब उमड़ पड़ा। रविवार की छुट्टी का लाभ उठाते हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन एक दिन पहले ही मंदिर पहुंच गए, जिससे खेरेश्वर में रविवार को ही लंबी-लंबी कतारें लग गईं। भक्तों को जलाभिषेक करने में भारी भीड़ से धक्का मुक्की करनी पड़ी।

पवित्र माह सावन में शिवालयों में आमतौर पर सोमवार को विशेष भीड़ देखने को मिलती है, लेकिन इस बार सावन में सोमवार के एक दिन पहले ही पूर्व संध्या पर खेरेश्वर मंदिर में भक्तों का जबरदस्त सैलाब उमड़ पड़ा। रविवार को तमाम कार्यालयों में छुट्टी होने के कारण लोगों ने परिवार सहित खेरेश्वर महादेव के दर्शन और पूजा-अर्चना का मन बनाया। इसके चलते सुबह से ही यहां पर भक्तजनों का आना शुरू हो गया था, और दोपहर होते-होते मंदिर के बाहर भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। वहीं मंदिर परिसर पूरी तरह से श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया।

लोगों ने बताया कि प्राचीन खेरेश्वर महादेव के मंदिर में आसपास के कई जिलों के श्रद्धालु जन सावन के महीने में जाकर माथा टेकते हैं। कई महीनों पहले से जिला प्रशासन इसकी तैयारी शुरू कर देता है लेकिन मंदिर के आसपास गंदगी की भरमार है। चारों तरफ गंदगी होना मंदिर प्रबंधन की लापरवाही दर्शाता है।


खेरेश्वर मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

> इस विषय की जानकारी मिली है। जल्द ही मंदिर कमेटी के लोगों के साथ मिलकर पूरे मंदिर परिसर को स्वच्छ बनाया जाएगा और भविष्य में इन विषयों को गंभीरता से लिया जाएगा।
> संजीव दीक्षित (उपजिलाधिकारी बिल्हौर)

### बाबा भूतेश्वर महादेव मंदिर में आज दर्शन करने पहुंचेंगे श्रद्धालु

घाटमपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बिच्छीपुर गांव स्थित शिव हरी धाम के बाबा भूतेश्वर महादेव मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार को लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बताते चलें कि शिव हरी धाम स्थित बाबा भूतेश्वर महादेव मंदिर में सैकड़ों गांव के भक्तजन दर्शन करने के लिये पहुंचते हैं। मंदिर ट्रस्टी शिवकुमार द्विवेदी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि बाबा भूतेश्वर महादेव महाराज जी में निरंतर प्रति सोमवार को भंडारे का आयोजन किया जाता है। सावन के महीना में जिन भक्तजनो की मनोकामनाएं पूर्ण होती वह भी भंडारे का आयोजन करते हैं। मंदिर ट्रस्टी शिवकुमार द्विवेदी ने बताया कि सावन के अंतिम सोमवार को बाबा भूतेश्वर महादेव का महा रुद्राभिषेक व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बिल्हौर।** कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर लालपुर गांव के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शिवराजपुर क्षेत्र के सिहुरामऊ गांव निवासी 45 वर्षीय श्याम सुंदर शनिवार को अपनी बेटी की ससुराल रसूलपुर गांव गए थे। परिजनों के अनुसार, शनिवार देर रात श्याम सुंदर बिना किसी को बताए पैदल ही अपने घर के लिए निकल पड़े। कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर पड़े रहे। श्याम सुंदर देर रात तक घर नहीं पहुंचे, तो परिजनों ने उनकी तलाश की। खोजबीन के दौरान उन्हें श्याम सुंदर लालपुर गांव के पास घायल अवस्था में पड़े मिले। परिजन उन्हें सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**NOTICE**

I Rajesh Mishra father of Prakhar Mishra, my name by mistakenly was written as Rajesh Mishra in the school documents of my son, my original name is Rajesh Kumar Mishra. And my son's original name is Prakhar Mishra, was by mistakenly recorded as Prakhar in his school documents. Address-: 591/त्र /968 A, Shiv Vihar near Agnihotri hospital Telibagh Lucknow, U.P.

**सूचना**

मैने अपना नाम ARCHNA VINAY KUMAR SHUKLA से बदलकर ARCHNA SHUKLA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-VINAY KUMAR SHUKLA ADD-1201 TOWER-3, GOLD FINCH TOWERS, PAARTH REPUBLIC KANPUR ROAD, MIRAN PUR PIRVAT P.O-MURAEAN DIST-LUCKNOW-226401(U.P)

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्रा.वि. बेवाना अकबरपुर अम्बेडकर नगर में 26-07-2025 दिन शनिवार को यूकेलिप्टस के 42 पेड़ों की हुई नीलामी प्रक्रिया को अपरिहार कारणों से निरस्त किया जाता है। अग्रिम सूचना समाचार पत्र के माध्यम से प्रकाशित की जाएगी।

**NOTICE**

This is to inform the general public that the original marksheet the ICSE (Classh 10th) examination, issued by the Council for the Indian School Certificate Examinations (CISCE) pertaining to Naaz Shah D/O Mohd. Anees, resides in Mohall Shekh 3, Dewa Shareef, Barabanki, Uttar Pradesh, a student of King George Inter College, Barabanki unique number 7951939 and index number 1235003/109 year has been lost/misplaced on 1-06-2025. If anyone finds the above mentioned documents, kindly contact Mohd. Anees. Contact No. 7607497971.

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद शाबान इदरीसी पुत्र अब्दुल वाहिद इदरीसी, निवासी 455/118 मज्जादगंज आंशिक 2, थाना ठाकुरगंज, लखनऊ** मेरा पुत्र जैद अहमद इदरीसी का विवाह दिनांक 27/01/2025 को सानिया पुत्री सुवरती निवासी पिंडसवा, थाना बड्डूपुर जनपद बाराबंकी के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था। उक्त दोनों का चाल-चलन विवाह के पश्चात से ठीक नहीं है। उनका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरे पुत्र जैद अहमद इदरीसी व बहु सानिया द्वारा किसी प्रकार के कृत्य/कुकृत्य से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा।

न्यूज ब्रीफ

### मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर देहात।** रूरा थाना क्षेत्र के बनीपारा जिनई के अनूप शुक्ला ने पुलिस को बताया कि गांव के ही रहने वाले आशुतोष उर्फ शंभू द्विवेदी व शिव जी द्विवेदी को बिल्डिंग मैटेरियल के रुपये देने थे। जिसे उसने बाद में देने की बात कही। बीती 20 जुलाई को उक्त लोग उसके घर आए और गालीगलौच करने लगे। जब पीड़ित ने मना किया तो दोनों ने घर के भीतर घुसकर मारपीट की। मोहल्ले के लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### रुपये दोगुने करने का झांसा देकर ठगी

**कानपुर देहात।** अड़रेपुरवा निवासी एक छात्र को साइबर ठग ने रुपये दोगुने करने का झांसा देकर एक लाख पच्चानवे हजार रुपये ठग लिए। रूरा थाना क्षेत्र के अड़रेपुरवा गांव निवासी जयनरेश सिंह दूध का कारोबार करते हैं। उनका पुत्र अनुभव प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। वह अपने मोबाइल में अपनी मां गीता देवी के खाते से यूपीआई का संचालन करता है। बीती 27 मई को वह टेलीग्राम एप से एक साइबर ठग के संपर्क में आ गया। ठग ने छात्र को पैसे डबल करने का झांसा दिया और कई बार में एक लाख पच्चानवे हजार रुपये ठग लिए। इसके बाद उसके बताए गए टाइम पर जब उसको पैसा वापस न मिला तो पीड़ित ने ठग से नंबर से संपर्क करना चाहा, लेकिन उससे कोई संपर्क नहीं हुआ। जिसपर उसे ठगी का एहसाह हुआ तो थाने में पहुंच साइबर डेस्क में शिकायत की।

### नई किरण में दो मामलों में समझौता

**कानपुर देहात।** रविवार को माती रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरुआत पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान कुल 32 मामले आए। नई किरण के सदस्यों ने समझाने के बाद दो परिवारों में समझौता करा दिया। जिसपर पति-पत्नी साथ रहने को तैयार हो गए। शेष प्रार्थना पत्रों में सुनवाई के लिए आगे की तिथि दी गई। इस दौरान महिला थानाध्यक्ष सुषमा, पुलिस कर्मी रंजना सोनकर, शालू देवी, आरती, ज्योति शिखा, नई किरण सदस्य कंचन मिश्रा, डॉ. पूनम गुप्ता, रामप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# सावन में चारों तरफ बम-बम भोले के जयकारे

सावन विशेष

गीतेश अग्निहोत्री, शिवली

**अमृत विचार।** क्षेत्र में बड़ी संख्या में शिव मंदिर स्थापित हैं। जिससे पूरा इलाका सावन में शिवभक्ति में सुबह शाम सराबोर रहता है। भोले बाबा के पूजन में इन दिनों विशेष आयोजन व पूजन पाठ होता है। विख्यात मंदिरों में दूर-दूर से भक्त दर्शन करने के लिए आते हैं। सावन का तीसरा सोमवार आज है। इसमें शिवली के साथ ही जिलेभर के शिवालयों में सुबह से ही भोले के दर्शनों को भीड़ उमड़ेगी।

जिले के शिव मंदिरों में शिवली कस्बा का प्राचीन मंदिर जागेश्वर अपने में कई रहस्य समेटे है। यहां का शिवलिंग स्थापित नहीं किया गया है। बल्कि यह स्वयं प्रकट हुआ है। शिवलिंग के बारे में मान्यता है कि इसका दूसरा छोर पाताल से जुड़ा है। जिसकी गहराई कोई नहीं नाप पाया। सावन, शिवरात्रि व वार्षिकोत्सव के समय यहां पर भक्तों की खासी भीड़ उमड़ती है। गौरतलब है इसी शिवलिंग के नाम पर कस्बे का नाम शिवली पड़ा है। साथ ही एक दर्जन गांवों के साथ शिवली नाम जुड़ा है। कानपुर-बिधूना रोड पर पांडव नदी किनारे शिवली कस्बा बसा है। इसी के उत्तर में प्राचीन शिव मंदिर जागेश्वर स्थापित है। जिसमें स्वयंभू शिवलिंग के रूप में विराजमान देवों के देव महादेव भोले बाबा है। बताया जाता है कि पुराने समय में कई बार शिवलिंग के आसपास खुदाई हुई। हालाकि शिवलिंग का दूसरा छोर नहीं मिला। अठारहवीं शताब्दी में अनन्य शिवभक्त देवनाथ दुबे ने इस शिवलिंग पर मंदिर व भक्तों की सुविधा के लिए तालाब व कुएं का निर्माण कराया। कस्बे के रामचंद्र शुक्ला, महेश पांडेय, शिवकुमार तिवारी, पूर्व सभासद विमलेश अग्निहोत्री, आशुतोष गुप्ता, महेंद्र ओमर, चारु अवस्थी, कीर्ति तिवारी, नीलू त्रिवेदी आदि ने बताया कि भक्तों की जागेश्वर बाबा पर अगाध आस्था है। चेयरमैन अवधेश शुक्ला द्वारा महाशिवरात्रि पर धनुष भंग लीला का आयोजन कराया जाता है।



जागेश्वर मंदिर में किया गया शिवलिंग का श्रृंगार। अमृत विचार





औनहां गांव का अकोढ़ेश्वर मंदिर, बैरी के महाकालेश्वर का किया गया पूजन।

- पूरे शिवली क्षेत्र में शिव पूजन के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु

### महाकालेश्वर से निकलती अद्भुत शिव बारात

- शिवली के आजाद नगर स्थिति प्राचीन शिव मंदिर महाकालेश्वर में होली के बाद दूज पर शिव बारात निकलती है। 48 साल से यहां लगातार शिव उमा परिणय समारोह होता है। बग्घी से शिव बारातियों के साथ में उमा को ब्याहने निकलते हैं। रात के धनुष भंग के साथ राम-सीता का विवाह संपन्न होता है। कस्बे के बालेश तिवारी, प्रेमशंकर स्वर्णकार, सभासद साहुल दीक्षित, बलदेव तिवारी, अनिल स्वर्णकार, दुर्गेश शुक्ला, टिंकू अग्निहोत्री, आशीष तिवारी, चंकी तिवारी, सुरेश दीक्षित, अविनाश मिश्र, लाला कश्यप ने कहा कि अनोखी शिव बारात निकलती है। जिसके देखने के लिए बाहर से भी लोग पहुंचते हैं।

### जिले का सबसे ऊंचा अकोढ़ेश्वर महादेव मंदिर

- जिले के शिव मंदिरों में औनहां गांव का अकोढ़ेश्वर मंदिर अलग ही ख्याति प्राप्त है। यहां के ग्रामीणों का मानना है। कि सबसे ऊंचा शिव मंदिर है। इस मंदिर की ऊंचाई करीब 105 फीट है। मंदिर में नियमित पूजा अर्चना चल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर सबसे ऊंचा मंदिर बनवाया है। पुजारी बृजेश मिश्र ने बताया कि जिले का सबसे ऊंचा शिव मंदिर है। गांव के सुबोध मिश्र, मोहित त्रिवेदी, भगवत सिंह, धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि मंदिर के प्रति लोगों की अगाध आस्था है।

### क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिरों में स्थापित शिवलिंग

- शोभन मंदिर के नर्मदेश्वर महादेव, बैरी के महाकालेश्वर, कडरी हनुमान मंदिर के भागवतेश्वर, बाघपुर के योगेश्वर, औनहां के पंचवटी व अकोढेश्वर, कुढ़वा के झारखंडेश्वर, सुजानपुर के सुकताल धाम, हरदियानाला के गोपेश्वर, लालपुर के मनकामेश्वर, मैथा के विष्णु वल्लभ महादेव, गोपेश्वर, स्त्येश्वर, सुनवरसा के शिवपुरेश्वर मंदिर, शिवली के रामेश्वर शिव मंदिर, ओमकारेश्वर मंदिर, आजाद नगर के महाकालेश्वर, पंचमुखी शिव मंदिर, मानसिला मंदिर, साकेत धाम मंदिर, जंगलेश्वर मंदिर स्थापित है।

# शराब ठेके के कैंटीन संचालक की धारदार हथियार से निर्मम हत्या

## रूरा थाना क्षेत्र के सरगांव का मामला, हत्यारोपी की तलाश में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** रूरा थाना क्षेत्र के सरगांव में शराब ठेके में कैंटीन संचालक की गांव के ही एक युवक ने धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। इससे हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्राथमिक छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं फरार आरोपी की तलाश की कर रही है। इधर घटना के बाद से गांव में भय का माहौल बना है।

रूरा थाना क्षेत्र के सरगांव के रहने वाले छोटे कमल पुत्र महावीर (35) गांव ने देशी शराब ठेका में कैंटीन चलाते थे। रविवार की देर रात वह ठेके पर मौजूद था। तभी गांव का कमलेश गौतम ठेके पर आया और कैंटीन संचालक छोटे पर धारदार हथियार कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृत्यु की सूचना मिलते ही पत्नी गौरी बेहाल हो गई जबकि पुत्रिया मीनाक्षी,दिव्या,खुशी का रो रोकर बुरा हाल हो गया।मृतक के भाई देवी प्रसाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन की थाना प्रभारी जर्नादन प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की वही फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलित करवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाएगा। आरोपी की तलाश की जा रही है। देर रात सीओ सदर आलोक वर्मा भी गांव पहुंचे और मौका देखा। परिजनों और ग्रामीणों से जानकारी ली।

- देर रात सीओ सदर मौके पर पहुंचे, जानकारी ली



छोटे कमल। अमृत विचार



हत्या के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

# आधे से ज्यादा ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा-2023 जिले के छह केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिसमे पंजीकृत कुल अभ्यर्थियों के सापेक्ष करीब 57 प्रतिशत ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं अधिकारी केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

रविवार को जिले के छह परीक्षा केंद्रों पर आरओ-/एआरओ परीक्षा शांतिपूर्ण व नकलविहीन तरीके से कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की थीं। बनाए गए परीक्षा केंद्रों में अकबरपुर डिग्री कॉलेज में कुल पंजीकृत 480 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 238 उपस्थित व 242 अनुपस्थित रहे। इसी तरह अकबरपुर इंटर कॉलेज में कुल पंजीकृत 480 परीक्षार्थियों में 226 उपस्थित व 254 अनुपस्थित, श्रीकृष्ण औद्योगिक इंटर कालेज मोहम्मदपुर में कुल पंजीकृत 384 परीक्षार्थियों में 153 उपस्थित व 231 अनुपस्थित, श्रीराम स्वरूप ग्रामोद्योग इंटर कॉलेज पुखरायां में कुल पंजीकृत 384 परीक्षार्थियों में 169 उपस्थित व 215 अनुपस्थित, विवेकानंद राष्ट्रीय इंटर कॉलेज पुखरायां में कुल पंजीकृत 384 परीक्षार्थियों में 143 उपस्थित व 241 अनुपस्थित तथा आरपीएस इंटर कॉलेज रूरा में कुल पंजीकृत 480 परीक्षार्थियों में 188 उपस्थित व 292 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल पंजीकृत 2592 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1117 उपस्थित व 1475 अनुपस्थित रहे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए थे, जो केंद्र की सभी व्यवस्थाओं पर निगरानी करते रहे। केंद्रों के मुख्य द्वार पर पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। परीक्षा के समय केंद्रों के आसपास सौ मीटर की दूरी पर सभी साइबर कैफे की दुकानें बंद करा दी गई थी और किसी को भी परीक्षा केंद्र के आसपास खड़ा होने नहीं दिया गया। एसपी अरविंद मिश्रा, एसडीएम भोगनीपुर देवेंद्र सिंह, सीओ संजय कुमार सिंह, भोगनीपुर कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने विवेकानंद राष्ट्रीय इंटर कालेज में चल रही परीक्षा का निरीक्षण किया और सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि का बारीकी से जायजा लिया। एसपी ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के बाहर धारा 163 लागू कर दी गई थी।



परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था जांचते एसपी अरविंद मिश्र। अमृत विचार

# आठ लाख के बिजली बिल से परेशान किसान ने दी जान

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग के लगभग आठ लाख रुपये बिजली बिल बकाए से परेशान किसान ने गांव के बाहर पेड़ से गमछा के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के लगरथा गांव निवासी जगमोहन सेंगर (55) ने रविवार भोर पहर गांव के बाहर अपने खेतों के पास खड़े बबूल के पेड़ पर गमछे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सुबह धान की बेल लेने आए गांव के ही राजकुमार ने जगमोहन का शव लटका देखा तो मृतक के परिजनों सहित पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए। मृतक के पुत्र विकास सिंह ने बताया कि घर पर ही आटा चक्की का कारखाना है। वर्ष 2012 में विद्युत कनेक्शन लिया था। शुरुआत में विद्युत बिल महज 5 हजार रुपये आता था। बाद में करीब 40 हजार रुपये आने लगा। कई बार पिता ने बिल जमा किया, लेकिन बिल में कोई कमी नहीं आई। विद्युत विभाग द्वारा करीब आठ लाख रुपये का बिल भेज दिया गया और कनेक्शन भी काट दिया। आरोप है कि अमीन द्वारा लगातार वसूली के संबंध में फोन आते थे। वहीं पिता ने दो लाख रुपये किसान क्रेडिट कार्ड से लोन ले रखा था। कर्ज में डूबे होने के कारण वह परेशान थे। रविवार की सुबह घर से खेतों की तरफ गए और फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मामले को लेकर झींझक उपखंड अधिकारी लव कुमार वर्मा ने बताया कि बिल वसूली के संबंध में ऐसी कोई समस्या नहीं है। बिल को संशोधित कराकर पार्ट पेमेंट में जमा किया जा सकता है। परिजनों के लगाए गए आरोप निराधार हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

# बिजली कटौती से 40 गांवों के लोग बेहाल

**कानपुर देहात।** झींझक विद्युत उपकेंद्र से जुड़े 40 से अधिक गांवों के लोग अघोषित बिजली कटौती से बेहाल हैं। आपूर्ति बहाल होने पर भी लो-वोल्टेज की समस्या और भी परेशान करती है।

अघोषित कटौती से झींझक ब्लाक के विद्युत उपकेंद्र से जुड़े उपभोक्ताओं का हाल बेहाल है। पिछले दिनों हल्की-फुल्की बारिश होने के चलते मौसम सुहावना रहा, लेकिन शनिवार व रविवार को तल्ख धूप होने से गर्मी के साथ-साथ उमस भी बढ़ गई है। जिससे बचने के लिए लोग कूलर, पंखे का सहारा लेकर राहत महसूस करते रहे। इस दौरान अघोषित बिजली कटौती होने से उपभोक्ताओं का हाल बेहाल रहा। रात दस बजे से लेकर सुबह चार बजे तक कम से कम दस बार बिजली की आपूर्ति बाधित होती है। इस तरह का हाल बचीत पुरवा, मझपटिया, कस्तूरीपुरवा, बचीत जसू, उगा, नारायन पुरवा दलागांव सहित 40 गांवों में बना हुआ है। लोगों ने बताया कि अघोषित बिजली कटौती के बावत शिकायत करने पर जिम्मेदार अधिकारी ओवरलोड या फाल्ट का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ ले रहे हैं।

# सीएम से बयां किया मलाल, नहीं हटे कोतवाल

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ कानपुर मंडल के मंत्रियों व विधायकों की बैठक लखनऊ स्थित सरकारी आवास पांच-कालिदास मार्ग में हुई। जिसमें कानपुर देहात के मंत्री और विधायक शामिल हुए। इस दौरान राज्यमंत्री ने कोतवाल को हटाने को लेकर सीएम को अपना मलाल बताया, लेकिन तीसरे दिन भी कोतवाल नहीं हटे।

बता दें कि अकबरपुर नगर पंचायत के बदलापुर गांव में विधायक निधि से सड़क बनवाने को लेकर उपजे विवाद के बाद भाजपा कार्यकर्ता पर एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने को लेकर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व उनके पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी ने बीते गुरुवार को अकबरपुर कोतवाली में करीब सात घंटे तक धरना दिया था। उनकी मांग थी कि कार्यकर्ता पर दर्ज मुकदमा खत्म कर कोतवाल सतीश कुमार सिंह को हटाया जाए और लालपुर चौकी इंचार्ज अतेंद्र को निलंबित किया जाए। मौके पर पहुंचे डीएम आलोक सिंह, एसपी अरविंद मिश्र ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन देकर राज्यमंत्री का धरना खत्म कराया था। वहीं राज्यमंत्री ने 24 घंटे में कार्रवाई न होने पर फिर से धरने का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन 72 घंटे बीतने के बावजूद रविवार देर शाम तक अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार सिंह की कुर्सी बरकरार रही। रविवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ में होने वाली बैठक में राज्यमंत्री के शामिल होकर मुद्दे को उठाए जाने के कयास लगाए जा रहे थे। वहीं रविवार को राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने अपने फेसबुक पर बैठक के बारे जानकारी साझा करते हुए लिखा कि क्षेत्रीय विकास, जनसरोकारों और शासन की प्राथमिकताओं पर चर्चा हुई। जनसेवा और सुशासन के संकल्प को सशक्त बनाने हेतु यह संवाद अत्यंत प्रेरणादायी रहा। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने अमृत विचार से बात करते हुए कहा कि उन्होंने अकबरपुर कोतवाली में धरने के बावत पूरे प्रकरण से मुख्यमंत्री को अवगत कराया है। उन्हें मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। फिलहाल अब सबकी निगाहे इसी प्रकरण पर लगी है। सभी के सामने सवाल है कि क्या कोतवाल हटेंगे या राज्यमंत्री पर भारी रहेंगे।



सीएम योगी आदित्यनाथ की बैठक में भाग लेतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व अन्य।

- मुख्यमंत्री की बैठक में शामिल हुईं राज्यमंत्री

अव्यवस्था

बदलते मौसम में मौसमी बीमारियों के मरीजों की बढ़ रही संख्या

# आयुष चिकित्सक के हवाले आरोग्य मेले की जिम्मेदारी

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। जिसमें मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या अधिक रही। ट्रेनी एमबीबीएस व आयुष चिकित्सक ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा दी। मेले में बुखार मरीजों की संख्या अधिक रही।

रविवार को आरोग्य मेले में 40 मरीज पहुंचे। मौसम में बदलाव से संक्रामक मरीजों की संख्या अधिक रही। बारिश में फंगल इंफेक्शन, त्वचा रोग से पीड़ित रहे। यहां ट्रेनी डॉ. हरदीप व आयुष डाक्टर आशीष मिश्रा ने मरीजों को परामर्श और दवाएं दी। मेले में पहुंचे बुखार पीड़ित राजपुर कस्बे की सूफिया व पवन कुमार की डाक्टरों ने खून की जांच कराई। मलेरिया रिपोर्ट निगेटिव आने पर मरीजों को दवा देकर बारिश के मौसम में संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा जोड़ों के दर्द से परेशान कमलपुर गांव के फूल सिंह व फंगल इंफेक्शन से पीड़ित बालकृष्ण को डाक्टरों ने दवाइयां दी। इस दौरान सर्वाधिक बुखार के 10, खांसी जुकाम के 8 व त्वचा संबंधित 7 समेत अन्य रोगों से पीड़ित मरीजों का उपचार किया गया। लैब टेक्नीशियन अजीत कुमार ने दो बुखार पीड़ित मरीजों की मलेरिया जांच की। इसके अलावा तीन मरीजों की सीबीसी व दो मरीजों की शुगर जांच की। इस दौरान डाक्टर आशीष मिश्रा, डाक्टर हरदीप, फार्मासिस्ट सुरेश शुक्ला, वार्ड ब्वाय गोविंद सिंह मौजूद रहे।

**पीएचसी में कूड़े की सड़ांध से मरीज परेशान :** राजपुर पीएचसी परिसर में कूड़ेदान की सफाई न होने से गेट के समीप व डिलीवरी रूम के बाहर कूड़ा बिखरा पड़ा हुआ है। जिससे मरीजों को बदबू से परेशान होना पड़ रहा है। इलाज कराने आए मरीजों ने बताया कि पीएचसी के मुख्य गेट पर रखा कूड़ादान भरने से कूड़ा जमीन में सड़ रहा है। पीएचसी प्रभारी डॉक्टर अमित निरंजन ने बताया कि अस्पताल में तैनात सफाई कर्मी का ट्रांसफर हो गया है। वहीं ईओ नीति त्रिपाठी से साफ-सफाई के लिए कर्मचारी की मांग की गई है। जल्द ही जिले से सफाई कर्मी की तैनाती होगी।




आरोग्य मेले में मरीजों का इलाज करते डाक्टर। अमृत विचार



गेट के पास कूड़ादान के आसपास फैला कूड़ा। अमृत विचार

# हरियाली तीज : श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा...

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचार।** भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के गौर ग्राम पंचायत में श्रीश्री 1008 स्वामी प्रियदर्शी जी महाराज की जन्मभूमि श्री गौर कृष्ण धाम में हरियाली तीज का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कीर्तन मंडली ने राधा-कृष्ण के जीवन चरित्र पर अनेक भजनों का गान किया।

रविवार को कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से राधा झूल रही, श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा, राधा तेरी छवि निराली रे, बांसुरी बजावे मोए रिझावे, सांवरिया तेरी मूरत पे, आदि भजनों को सुनकर भक्त राधा-कृष्ण की भक्ति का लुफ्त उठाते रहे। श्री गौर कृष्ण धाम सेवा मंडल की ओर से श्री प्रकाश द्विवेदी, शैलेंद्र द्विवेदी, मोहित द्विवेदी, अर्पित, राजेश मिश्रा, जयराम पाल, यशपाल, बृजेंद्र पाल सहित हजारों भक्तों ने भजन गायन कर प्रसाद ग्रहण किया। बताते चलें कि श्री गौर कृष्ण धाम प्रियदर्शी जी महाराज की जन्म एवं कर्म भूमि रही है। जहां पर स्वामी जी के द्वारा कृष्ण चरित्र मानस सहित करीब 20 से अधिक पवित्र ग्रंथ का लेखन किया गया। जिसको पढ़कर अनेक भक्त अपने जीवन को सार्थक बना पा रहे हैं। श्री गौर कृष्ण धाम में वर्ष पर्यंत भगवान श्रीकृष्ण एवं स्वामी जी की कृपा से भक्तों के सुख एवं आनंद प्राप्ति के लिए कार्यक्रम हुआ करते हैं।



गौर गांव के कृष्ण धाम में राधा-कृष्ण का सजा दरबार। अमृत विचार

- हरियाली तीज पर गौर गांव के कृष्ण धाम में भजनों की धूम

# डंपर ने सो रहे जेसीबी ड्राइवर व क्लीनर को रौंदा, मौत

## बेहटा गोकुल थाने के सलेमपुर के रास्ते नहर पुलिया के किनारे हुआ हादसा, गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर लगाया जाम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शारदा नहर में हो रहे बालू खनन के दौरान वहां लगी जेसीबी का ड्राइवर और क्लीनर देर रात वहीं नहर पटरी के किनारे सो रहे थे, उसी बीच बालू लाद रहा डंपर उन दोनों के ऊपर चढ़ गया, जिससे उन दोनों की वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसा होने का पता चलते ही खनन माफियाओं में अफरा-तफरी फैल गई। आनन-फ़ानन में डंपर व उसके ड्राइवर को हटाते हुए फैला इधर-उधर फैला पड़ा खून साफ कर दिया गया। हादसे से गुस्साए मृतकों के परिजनों ने ककेड़ी चौराहे पर शव रख कर जाम लगा दिया। जानकारी मिलते ही सीओ सिटी अंकित मिश्रा और सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और उन्हें समझाया, लेकिन आक्रोशित परिजन जाम खोलने को तैयार नहीं थे। समाचार लिखे जाने तक मौके पर हंगामा जारी था।

बताया गया है कि साण्डी थाने के हुल्लामऊ निवासी 36 वर्षीय राजीव पुत्र राजकुमार जेसीबी ड्राइवर था, उसी के गांव का 37 वर्षीय अनिल पुत्र चन्द्रपाल साथ में क्लीनर था। बताते है कि बेहटा गोकुल थाने के टोंडरपुर से सलेमपुर जा रहे रास्तें पर शारदा नहर की ब्रांच नहर से बालू खनन हो रहा था। शनिवार की देर ड्राइवर राजीव और क्लीनर जेसीबी खड़ी कर वहीं नहर पटरी के किनारे सो गए, उसी बीच देर रात वहां बालू लाद रहा डंपर उन दोनों के ऊपर चढ़ गया, जिससे उनकी वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। बताते है कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही डंपर व उसके ड्राइवर को वहां से हटा कर इधर-उधर फैला खून साफ कर दिया गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेते हुए उनका पोस्टमार्टम कराया है। हादसे में मारे गए हुल्लामऊ निवासी जेसीबी ड्राइवर राजीव और उसके क्लीनर अनिल के शवों को ककेड़ी चौराहे पर रख कर परिजनों और ग्रामीणों ने घंटों जाम लगा दिया। इसका पता होते ही सीओ सिटी अंकित मिश्रा और सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचें, जाम हटाने के लिए भीड़ को काफी समझाया, लेकिन हादसे से गुस्साई भीड़ वहां डीएम एसपी को बुलाने की मांग पर अड़ी रही, उसी बीच सीओ बिलग्राम रविप्रकाश सिंह पुलिस टीम के अलावा कई थानों की पुलिस ककेड़ी चौराहे पर पहुंची, जाम हटाने के लिए जूझती रही, लेकिन खबर लिखे जाने सड़क पर लगाए भीड़ टस से मस नहीं हुई थी।


शव रख कर प्रदर्शन करते परिजन और ग्रामीण। अमृत विचार


परिजनों के समझाते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

### मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** पलिया मार्ग पर शनिवार की देर रात एक बाइक अनियंत्रित हो जाने से बाइक सवार एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गयी, जबकि साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। हरपालपुर थाना क्षेत्र के पलिया गांव निवासी नूरे पुत्र उजीर अपने रिश्तेदार रोहन पुत्र हरफुद्दीन के साथ बाइक पर सवार होकर शनिवार की देर रात हरपालपुर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार जोधनपुरवा गांव के पास पहुंचे उसी समय तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े पेंड से टकरा गई, जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए ।मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी हरपालपुर भेज दिया, जहां डॉक्टर ने नूरे पुत्र उजीर को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।जबकि घायल रोहन का इलाज चल रहा है।

### बाइक से बाइक टकराई, मामा की मौत, भांजा व दूसरी बाइक सवार ज़ख्मी

हरदोई, अमृत विचार। हरपालपुर थाने के सूरजपुर निवासी 30 वर्षीय फरीद उर्फ रोहन पुत्री शरफुद्दीन अपनी ससुराल दिब्बापुरवा थाना अरवल गया हुआ था, शनिवार की देर शाम बाइक से घर लौट रहा था। उसी बीच रास्तें में हरपालपुर से पहले उसकी नज़र पैदल जा रहे अपने 55 वर्षीय मामा नूर हसन पुत्र मोहम्मद उजीर पर पड़ी, वह रुका और मामा को साथ ले कर उसे उसके घर पलिया छोड़ने जाने लगा, उसी बीच रास्ते में चौंसार रोड पर जोधनपुरवा के पास उसकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई, जिसमें बाइक चला रहा भांजा फरीद उर्फ रोहन, उसका मामा नूर हसन और दूसरी बाइक पर सवार जोधनपुरवा निवासी दिनेश ज़ख्मी हो गया, उन्हे सीएचसी हरपालपुर पहुंचाया गया, जहां नूर हसन की मौत हो गई। नूर हसन की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी, परिवार में उसका एक बेटा लल्लेबाबू व उसकी पत्नी है।

### सड़क हादसे में महिला घायल

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बघराई गांव के समीप रविवार की सुबह लगभग 10 बजे हरदोई डिपो की एक रोडवेज बस सवारियां लेकर फर्रुखाबाद जा रही थी, तभी अचानक ड्राइवर को नींद में झपकी आ गई, जिससे सामने से आ रही कार जिसमें ककरा निवासी संजीव तिवारी अपने परिवार के साथ नैमिषारण्य जा रहे थे। बस ने जोरदार टक्कर मार दी एवं अनियंत्रित होकर आगे जा रहे ई-रिक्शा में भी टकरा गई, जिससे ई- रिक्शा सवार महिला रुखसाना गंभीर रूप से घायल हो गई।

**सड़क किनारे खड़े बाइक सवार को दूसरी बाइक ने मारी टक्करः बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कन्नौज मार्ग पर आईटीआई के पास एक दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। घटना तब हुई जब सड़क किनारे खड़े बाइक सवार को दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, 24 वर्षीय वशीक पुत्र बदरुद्दीन, मोहल्ला मलकंठ बिलग्राम निवासी, अपनी बाइक के साथ सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही दूसरी बाइक, जिस पर 30 वर्षीय देशराज पुत्र दयाराम, ग्राम पारसोला निवासी सवार था, ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। देशराज की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

# कुत्ते को बचाने में बाइक फिसली, युवक की मौत

संवाददाता, बेनीगंज हरदोई

**अमृत विचार।** चावल व्यापारी अपने पिता का प्रतिनिधि बन कर एलआईसी के सेमिनार में शामिल होने जयपुर गया था, रविवार की भोर पहर सण्डीला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतर कर बाइक से घर जा रहा था, उसी बीच रास्तें में सड़क पर कुत्ता आ गया, उसे बचाने में बाइक गिर पड़ी और सिर में गहरी चोंट पहुंचने से उसकी मौत हो गई।

बताया गया है कि बेनीगंज के नई बस्ती निवासी विनोद वैश्य एलआईसी एजेंट है, उनके तीन बच्चों में सबसे बड़ा बेटा 34 वर्षीय गुंजन वैश्य उर्फ अंशू चावल व्यापारी था, साथ ही एलआईसी का भी कामकाज देखता था। 24 जुलाई को जयपुर में एलआईसी का सेमिनार था, गुंजन वैश्य उर्फ अंशू अपने पिता के प्रतिनिधि के तौर पर उसमें शामिल होने गया था। बताते है कि रविवार को वह जयपुर से वापस सण्डीला पहुंचा, जहां से बाइक से घर जा रहा था, उसी बीच कोथावां-सण्डीला रोड पर बेरुआ मोड़ पर अचानक सड़क पर कुत्ता आ गया, उसे बचाने में उसकी बाइक गिर पड़ी, सिर में गहरी चोंट पहुंचने से उसे एम्बुलेंस-108 से सीएचसी कोथावां पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही घर में कोहराम बरपा हो गया। गुंजन वैश्य उर्फ अंशू से छोटा भाई हिमांशु व बहन महक है। बेटे की मौत की खबर सुन कर मां गीता का काफी बुरा हाल है, पत्नी शिवांगी अपने बेटों विभु और विशु से लिपट कर फफक-फफक कर रो पड़ी।

### आवारा पशु को बचाने में बाइक पलटी, बाइक सवार की मौत

हरदोई, अमृत विचार। सामने से आए आवारा पशु को बचाने में रिश्तेदारी में जा रहे युवक की बाइक पलट गई, जिससे उसके सिर में गहरी चोंट पहुंची। युवक को इलाज के लिए करीब की सीएचसी मैगलगंज ले जाया जा रहा था, उसी बीच रास्तें में मौत हो गई। हादसा जहानीखेड़ा पुलिस चौकी के तहत होना बताया जा रहा है। बताया गया है कि रद्धेपुरवा प्रेमनगर कालोनी निवासी 45 वर्षीय रामबहादुर रविवार की सुबह बाइक से अपनी रिश्तेदारी में लखीमपुर जा रहा था, पिहानी कोतवाली के जहानीखेड़ा रोड हरदोई-लखीमपुर बार्डर पर जतनगंज पुल के पास सामने से अचानक आवारा पशु आ गया, उसे बचाने में रामबहादुर की बाइक पलट गई, जिससे उसके सिर में चोंट पहुंची। पिहानी पुलिस इलाज के लिए उसे करीब की सीएचसी मैगलगंज ले जा रही थी, उसी बीच रास्तें में मौत हो गई। पिहानी पुलिस ने रामबहादुर के भाई रामशरण की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# श्री आनंदेश्वर मंदिर के भक्तों ने कराया भंडारा

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** कानपुर परमट स्थित श्री आनंदेश्वर मंदिर के भक्तों ने रविवार को पोनी रोड पर बाबा की विधिवत पूजा-अर्चना कर विशाल भंडारे का आयोजन किया।

हर वर्ष की भांति इस बार भी भक्तों ने बाबा के प्रति आस्था प्रकट करते हुए पूजा के बाद श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए भंडारे की व्यवस्था की। दोपहर से शुरू हुआ यह भंडारा देर शाम तक चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों ने बताया कि शुक्लागंज से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री आनंदेश्वर मंदिर, परमट दर्शन के लिए जाते हैं। उसी श्रद्धा से प्रेरित होकर स्थानीय स्तर पर भी भक्ति और सेवा भावना से यह आयोजन किया गया। इस मौके पर बाबा श्री आनंदेश्वर सेवक मंडली के सदस्य पूरी सेवा भावना से जुटे रहे और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।


पोनी रोड में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल, जिला अस्पताल रेफर

संवाददाता, बांगरमऊ, उन्नाव

**अमृत विचारः** नगर के हरदोई मार्ग स्थित पुलिस चौकी के सामने रविवार दोपहर बाद तेज रफ्तार दो बाइकों में टक्कर हो गई। इसमें एक बाइक सवार कोतवाली क्षेत्र के गांव बेरिया गाड़ा निवासी रामजी (20) पुत्र लक्ष्मीनारायण व सूरज (18) पुत्र नेकराम व दूसरी बाइक सवार नगर के मोहल्ला पूर्विया टोला निवासी राशिद अली (30) पुत्र साबिर अली गंभीर घायल हो गए। वहां मौजूद दुकानदारों ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**रोडवेज बस की टक्कर से अधेड़ गंभीर, बांगरमऊः** कोतवाली क्षेत्र के गांव देवखरी निवासी विजय दयाल (50) पुत्र हरी रविवार सुबह अपनी विवाहित बेटी को त्योहारी देने हरदोई के थाना कासिमपुर अंतर्गत गांव हिया गया था। वह दोपहर बाद ई-रिक्शा से घर लौट रहा था। तभी गंजमुरादाबाद कस्बे में पीछे से आ रही रोडवेज बस ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। इसमें ई-रिक्शा के नीचे दबकर विजय दयाल गंभीर घायल हो गया। मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकाला और सीएचसी में भर्ती कराया।

# अब पर्यटन स्थल बनेगा भिनकीपुर धाम

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचारः** क्षेत्रवासियों में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई जब उन्हें पता चला कि विकासखंड सफीपुर की ग्राम पंचायत मेथीटिकुर स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर भिनकीपुर धाम को अब पर्यटन के नक्शे पर शामिल किया गया है।

विधायक बंबालाल दिवाकर द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना में भिनकीपुर धाम के सौंदर्यीकरण को शामिल करते हुए इसकी संस्तुति दी है। मंत्री ने इस संबंध में विधायक को पत्र भेजकर सूचना भी दी है। इस उपलब्धि पर विधायक ने पर्यटन मंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि भिनकीपुर धाम क्षेत्रीय जनता की आस्था का प्रमुख केंद्र है और इसके विकास से न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा वहीं धाम के महंत स्वामी राम स्वरूप ब्रह्मचारी समेत क्षेत्र के सनातन धर्म प्रेमियों व हनुमान भक्तों ने विधायक का आभार जताते हुए इस पहल की सराहना की। भिनकीपुर धाम के सौंदर्यीकरण से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सकेगा। उन्होंने सरकार का आभार जताया है। उधर अवधेश सिंह फौजी, नागेंद्र सिंह सेंगर, अमरनाथ पांडेय, कमलेश गुप्ता, हरिपाल सिंह, अमित कुशवाहा, आशीष कनौजिया, ओमप्रकाश द्विवेदी, सौरभ तिवारी, उत्तम निषाद, सभासद राजा शर्मा, बेचेलाल गुप्ता, वीरेंद्र मिश्र, बीपी सिंह सेंगर, गिरीश प्रसाद शुक्ला, प्रेमनारायण तिवारी आदि ने इसकी सराहना की है।

**क्षेत्रीय लोगों में खुशी**


सुंदरीकरण के लिए सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया सिद्ध परमार्थ धाम मंदिर।

# निरीक्षण में प्रधानाचार्य व शिक्षक उपस्थित, नहीं मिला एक भी छात्र

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** डीआईओएस सुनील दत्त ने रविवार को दो संस्कृत विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिसमें एक विद्यालय में एक भी छात्र नहीं मिला। जबकि शिक्षक उपस्थित थे। दूसरे विद्यालय में 7 छात्र आने के बाद एक प्रतिभा खोज परीक्षा में शामिल होने गए थे। डीआईओएस ने स्पष्टीकरण तलब किया है।

डीआईओएस सुबह 8:30 बजे श्री कृष्ण भूषण वेद वेदांग संस्कृत विद्यालय बांगरमऊ पहुंचे तो वहां 45 छात्रों में कोई छात्र उपस्थित नहीं था। जबकि प्रभारी प्रधानाचार्य अंजू लता द्विवेदी व शिक्षक सर्वेश अग्निहोत्री उपस्थित थे। जबकि, केशव प्रसाद अग्निहोत्री अनुपस्थित मिले। 11:14 पर वे श्रीराम संस्कृत माध्यमिक विद्यालय देवारा कला पहुंचे। जहां पंजीकृत 68 छात्रों में कोई नहीं मिला। प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह ने बताया कि 7 बच्चे संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा में शामिल होने संस्कृत विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोसी गए हैं। जिन्हें शिक्षक नरेंद्र कुमार शरद व गौरव कुमार ले गए हैं। विद्यालय में कनिष्ठ सहायक दीप कुमार मिश्रा उपस्थित थे।


उपस्थिति पंजिका देखते डीआईओएस सुनील दत्त। अमृत विचार

### सीएमओ ने न्यू पीएचसी और चंपापुरवा अर्बन हेल्थ सेंटर का किया औचक निरीक्षण

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** रविवार को जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले की हकीकत जानने को प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरिनंदन ने न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और चंपापुरवा अर्बन हेल्थ सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेले में पहुंचे मरीजों की ओपीडी देखी और मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति की समीक्षा की। न्यू पीएचसी में प्रभारी डॉ. राजेश चंद्रा से मरीजों की संख्या, उपचार प्रक्रिया और दवा वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने मेडिसिन कक्ष का निरीक्षण कर दवाओं के स्टॉक की जानकारी भी मातहतों से प्राप्त की। डॉ. हरिनंदन ने स्टाफ को निर्देश दिए कि वे समय से अस्पताल पहुंचे और आपातकालीन स्थिति में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएं, ताकि वैकल्पिक व्यवस्था की जा सके। उन्होंने बताया कि पूर्व में शिकायत मिली थी कि प्रभारी चिकित्सक अस्पताल में देरी से पहुंचते हैं, जिसको लेकर अब सख्ती बरती जा रही है। इसके बाद सीएमओ चंपापुरवा अर्बन हेल्थ सेंटर पहुंचकर जायजा लिया।


पीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ। अमृत विचार

# कुएं में पड़ा मिला दो दिन से लापता युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** दो दिन से लापता युवक का शव उसके घर के सामने स्थित कुएं में पड़ा मिला। शनिवार को दुर्गंध आने पर जब पड़ोसियों ने झांककर देखा तो शव देख हैरान हो गए। पुलिस ने जांच कर ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकलवाया। पोस्टमार्टम में सिर में गंभीर चोट आने से मौत की पुष्टि हुई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव रघुनाथ खेड़ा गांव निवासी पुतानी (25) पुत्र शिवनाथ गांव के बाहर एक भट्ठे पर गाड़ी चलाता था। भतीजे विमल ने बताया कि गुरुवार सुबह 11 बजे वह घर से काम पर जाने की बात कहकर निकले थे। इसके बाद वह देररात तक घर नहीं आए। भट्ठे में पता किया तो वह वहां गए थे लेकिन समय पर निकल गए थे। शराब के लती होने से कभी-कभी वह देर से आते थे। इसलिए परिजन इंतजार करते रहे। लेकिन वह पूरी रात घर नहीं आए। तब से वे उसकी तलाश कर रहे थे। शनिवार दोपहर बाद घर के आसपास दुर्गंध आने लगी। पहले तो लोग समझ नहीं पाए लेकिन शाम होने पर दुर्गंध बढ़ने लगी। तब कुएं में देखा तो उसका शव पड़ा था। पुलिस ने जांच कर ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकलवाया। रविवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ। उसकी शादी नहीं हुई थी और वह दो भाइयों में छोटा था।

# सड़क हादसे में महिला की मौत

**सुलतानपुर अमृत विचारः** बिहार के समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर गांव निवासी नवनीत (19) अपने भाई विपिन (25), हिमांशु (21), बहन जया (17), मां नीलू देवी (55) और साथी प्रेम (23) के साथ दिल्ली से बिहार लौट रहे थे। कार को कन्नौज जिले के सौरिक थाना क्षेत्र अंतर्गत खेड़ा रायपुर निवासी दीपू चला रहा था। जैसे ही कार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 85 किमी के पास महुएपुर गांव के समीप पहुंची, अचानक सड़क पर खड़ी ट्रक से तेज रफ्तार में टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और सभी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर यूपीडा की टीम और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी कुमारगंज पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने नीलू देवी को मृत घोषित कर दिया।

# बेटी ने लगाई फांसी, दामाद पर आरोप

**हरदोई।** पत्नी ने कमरें में फांसी लगा ली, नज़र पड़ते ही पति ने उसे नीचे उतार कर सीएचसी से मेडिकल कालेज पहुंचाया, लेकिन फिर भी उसे बचा नहीं सका। उधर सास का आरोप है कि दामाद ने उसकी बेटी को मार कर फांसी पर लटका दिया, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है। बताया गया है कि हरियावां थाने के लौकनपुरवा निवासी सत्य कुमार की शादी साल 2022 की 18 अप्रैल को उसी थाने के गदाईपुर की 21 वर्षीय सरोजनी उर्फ दीपू के साथ हुई थी, सरोजनी उर्फ दीपू के कोई औलाद नहीं है। रविवार को उसने अपनी ससुराल में फांसी लगा ली, उसी बीच सत्य कुमार ने उसे देखते ही फांसी के फंदे से उतार कर सीएचसी हरियावां पहुंचाया, जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया, सत्य कुमार ने उसे मेडिकल कालेज ले कर पहुंचा, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। सरोजनी उर्फ दीपू की मां गीता का आरोप है कि उसकी बेटी को दामाद सत्य कुमार ने मार कर फांसी पर लटकाया।



## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी ने निगला जहरीला पदार्थ, रेफर

**सफीपुर उन्नाव :** कोतवाली क्षेत्र के बिलारी गोझा गांव में परिजनों की डांट से क्षुब्ध किशोरी ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ती देख परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां उसे गंभीर देख डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के बिलारी गोझा गांव निवासी राधाकृष्ण की 15 वर्षीय बेटी कमला घर के काम में सहयोग न कर मोबाइल पर अधिक समय बिताती थी। जिसे लेकर उसकी मां ने उसे जमकर फटकार लगा दी। फटकार से क्षुब्ध किशोरी ने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई तो वे उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां उसे जिला मुख्यालय रेफर किया गया है।

### कलह से ऊब महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**बांगरमऊ, उन्नाव :** कोतवाली क्षेत्र के गांव कलवारी महम्दाबाद निवासी विनय सिंह की 30 वर्षीय पत्नी माया ने रविवार दोपहर बाद घरेलू कलह के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख उसका देवर सोनू सिंह उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### ठगी गई धनराशि पुलिस ने दिलाई वापस

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** थाना गंगाघाट क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए व्यक्ति को पुलिस ने 30 हजार रुपये की धनराशि वापस दिलाई है। पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देश पर साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्यवाही की गई। पोनी रोड बिंदा नगर निवासी मधुसूदन शर्मा ने 14 अप्रैल को गूगल पे के माध्यम से 48,985 रुपये की ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए गंगाघाट कोतवाली की साइबर टीम ने जांच शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद रविवार को पीड़ित के खाते में 48,985 रुपये में से 30,000 रुपये की राशि सफलतापूर्वक रिफंड करा दी गई। शेष धनराशि वापस कराने का प्रयास जारी है।

### डीएम से लगाई न्याय की गुहार

**बांगरमऊ उन्नाव :** राजस्व कर्मचारियों की कार्यशैली और अराजक तत्वों की दबंगई के चलते नगर के मोहल्ला गोंडा टोला निवासी एक चिकित्सक अपनी ही भूमि पर निर्माण नहीं करवा पा रहे हैं। मोहल्ले के कुछ दबंग उनकी जमीन से जबरन रास्ता निकालना चाह रहे हैं। पीड़ित चिकित्सक ने जिलाधिकारी को पत्र देकर न्याय के गुहार लगाई है। नगर के मोहल्ला गोंडा टोला निवासी डॉ. आरिफ मंसूरी पुत्र स्व. अब्दुल गफ्फार ने जिलाधिकारी को दिये पत्र में कहा कि करीब 4 साल पहले उन्होंने नगर के मोहल्ला नसीमगंज में एक प्लाट का बैनामा कराया था। बैनामा के समय उसके प्लाट का रकबा पूरा था। प्लांट के आगे से गंदा नाला गुजरा है। 4 साल में नाले के दूसरी ओर भूमाफियाओं ने कूड़ा कचरा और मिट्टी डालकर नाले के बड़े भूभाग पर अवैध कब्जा कर अपनी जमीन में मिला लिया। जिससे नाले के बहाव से धीरे-धीरे उनकी जमीन कटती चली गई। चिकित्सक ने जब अपने प्लाट पर निर्माण शुरू किया तो उनकी जमीन चार मीटर कम निकली। बावजूद इसके दबंग उनकी निजी जमीन से रास्ता निकालने का प्रयास कर रहे हैं। जिससे उनकी जमीन का रकबा काफी कम हो जाएगा। अंतत: पीड़ित चिकित्सक ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है।

# 10848 में 6192 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

## 26 केंद्रों में आयोजित की गई आरओ/एआरओ की परीक्षा, डीएम, एसपी व अन्य ने किया निरीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव**


जेएन शाह परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा जिले के 26 परीक्षा केंद्रों में समीक्षा अधिकारी (आरओ) व सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) पद की प्रारंभिक परीक्षा सकुशल, शांतिपूर्ण व नकल विहीन सम्पन्न हो गई। इस दौरान जिलाधिकारी गौरांग राठी, एसपी दीपक भूकर व अन्य पुलिस व प्रशासनिक अफसरों ने केंद्रों का निरीक्षण किया। जिले के केंद्रों में पंजीकृत 10848 में 6192 अभ्यर्थी परीक्षा देने ही नहीं पहुंचे।

रविवार को जिले के 26 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में पूर्वान्ह 9:30 से शुरू होकर 12:30 तक सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में परीक्षा हुई। इसमें पंजीकृत 10848 में 4676 परीक्षार्थी ही उपस्थित हुए। जबकि, 6192 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार 57 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा शुरू होने से पहले ही केंद्रों के बाहर ही मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की तलाशी लेकर बायोमैट्रिक की सभी कार्यवाही पूरी करने के बाद परीक्षार्थियों को अंदर जाने दिया गया। सीसीटीवी कैमरे हर केंद्र में लगे हुए थे। जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी दीपक भूकर ने भी परीक्षा केंद्रों में सर सैय्यद पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल व श्री जगन्नाथ शाह मेमोरियल पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा हॉल, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व अन्य व्यवस्थाओं को जांचा और परीक्षा सकुशल, नकल विहीन व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त ने दिल्ली पब्लिक स्कूल अकरमपुर, न्यू एरा इंटरनेशनल स्कूल मैनीखेड़ा, डीएसएन महाविद्यालय के दोनों केंद्रों का निरीक्षण किया। एडीएम सुशील कुमार, एएसपी अखिलेश सिंह के अलावा एसडीएम, सीओ, आबकारी अधिकारी, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में केंद्रों का निरीक्षण करते रहे।

**परीक्षा केंद्रों को लेकर रहा भ्रम, बड़ी संख्या में परीक्षार्थी अनुपस्थित, सफीपुर उन्नाव:** आरओ व एआरओ परीक्षा के लिए सफीपुर कस्बे में बनाए गए दो केंद्रों पर रविवार को अभ्यर्थियों को भारी असुविधा हुई। गूगल मैप की मदद से केंद्र पहुंचने की कोशिश में कई परीक्षार्थी भ्रमित होकर उन्नाव के जीजीआईसी पहुंच गए। जबकि उनका वास्तविक केंद्र सफीपुर में था। ऐसे में वे काफी देर बाद सही केंद्र तक पहुंच सके। महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में 384 परीक्षार्थियों को बैठना था लेकिन 159 ही उपस्थित हुए। जबकि 225 अनुपस्थित रहे। वहीं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में भी ऐसा ही हाल रहा। यहां 384 में 162 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 222 ने परीक्षा छोड़ी। पुलिस फोर्स के साथ अग्निशमन व स्वास्थ्य विभाग की टीम व एम्बुलेंस मौजूद रही।

### कोतवाली प्रभारी ने छात्रा की परीक्षा छूटने से बचाई


कोतवाल का अभिनंदन करते समाजसेवी।

**सफीपुर, उन्नाव :** सफीपुर कोतवाल सुब्रत नारायण तिवारी ने रविवार को मानवता का परिचय देते हुए आरओ की परीक्षा देने पहुंची एक छात्रा की परीक्षा छूटने से बचा लिया। लखनऊ के जानकी पुरम निवासी एक आईटी कॉलेज में मेस प्रभारी मुरारी सिंह अपनी बेटी ऋषिका को समीक्षा अधिकारी की परीक्षा दिलाने रविवार सुबह सफीपुर पहुंचे थे। ऋषिका काफी समय से तैयारी कर रही थी। उसका केंद्र राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सफीपुर था। उसके पिता ने बताया कि सेंटर चूक के कारण वह बम्हना गांव स्थित श्रीमती स्वर्णलता बालिका इंटर कॉलेज पहुंच गए। वहां पता चला कि परीक्षा यहां नहीं है जिससे विलम्ब हो गया। इसके बाद दोनों सफीपुर के लिए रवाना हुए। मियागंज क्रॉसिंग के पास पहुंचने पर रेलवे क्रॉसिंग बंद मिली। जिससे वह गाड़ी से आगे नहीं जा सके। परीक्षा के लिये समय मात्र 3 मिनट का ही बचा था। बेटी की मेहनत पर पानी फिरता देख पिता-पुत्री मायूस हो गए और वहीं खड़े होकर रोने लगे। तभी स्कूल निरीक्षण से लौट रहे सफीपुर कोतवाल सुब्रत नारायण तिवारी की नजर पिता-पुत्री पर पड़ी। उन्होंने गाड़ी रुकवाई और उनसे रोने का कारण पूछा। पूरी बात जानने के बाद कोतवाल ने दोनों को सरकारी गाड़ी से केंद्र पहुंचाया। समय रहते केंद्र पहुंचकर ऋषिका ने परीक्षा दी। छात्रा के पिता ने कोतवाल को धन्यवाद दिया। कोतवाल की इस मानवता को देखते हुवे क्षेत्रवासियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने भी उनकी सराहना की। इसके साथ ही समाजसेवियों नागेंद्र सिंह सेंगर, पुत्तन पांडे, कमलेश गुप्ता, राजू द्विवेदी, जुहैर अहमद, विकास सिंह ठाकुर, अनुराग तिवारी, अस्करी हादी, विक्रम सिंह, सोनू श्रीवास्तव, अजय ठाकुर आदि ने कोतवाल को पटका पहनाकर व स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया।

# शुक्लागंज में आरओ-एआरओ परीक्षा में 688 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित



अंबिका स्कूल में परीक्षा देकर निकलते अभ्यर्थी। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा रविवार को गंगाघाट के तीन परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कुल 1248 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 688 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में अनुपस्थिति दर्ज कराई।

परीक्षा के लिए नगर में अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल, हाईटेक पब्लिक स्कूल ट्रांस गंगा सिटी व सुपर इंटरनेशनल स्कूल जाजमऊ को केंद्र बनाया गया था। अंबिका स्कूल में 384 में 173, हाईटेक स्कूल में 384 में 174 व सुपर इंटरनेशनल स्कूल में 480 में से 213 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। लखनऊ व आसपास के जिलों से पहुंचे कई परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्र खोजने में असुविधा की बात कही। परीक्षार्थी काजल, शिवानी, आशुतोष व अजय ने बताया कि दूरदराज के केंद्र व मार्गदर्शन की कमी के कारण उन्हें परेशानी हुई।

**छात्रा बोली-आसान था पेपर, बहुत अच्छा हुआ, नवाबगंज उन्नाव:** नवाबगंज कस्बा के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 384 पंजीकृत अभ्यर्थियों में 155 ने परीक्षा में भाग लिया। वहीं श्यामलाल इंटर कॉलेज में 384 पंजीकृत अभ्यर्थियों में 177 ही परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 207 अनुपस्थित रहे। श्यामलाल इंटर कॉलेज में पंजीकृत 4 दिव्यांग अभ्यर्थियों में से भी एक परीक्षा देने नहीं पहुंचा। लखनऊ से श्यामलाल इंटर कॉलेज परीक्षा देने आई आकांक्षा सिंह ने बताया कि यह उनका दूसरा प्रयास था। छात्रा का कहना था कि 2023 की तुलना में इस बार पेपर आसान था। उसका पेपर अच्छा हुआ है।

# आम आदमी पार्टी ने चलाया स्कूल बचाओ अभियान


स्कूल बचाओ अभियान चलाते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में 27 हजार सरकारी स्कूलों को बंद करने के मुद्दे पर योगी सरकार के विरुद्ध आम आदमी पार्टी ने 'ढपोरशंखों को जगाओ शंख बजाओ' व 'स्कूल बचाओ अभियान' चलाकर बिछिया ब्लॉक के खोरी गांव स्थित बंद सरकारी विद्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि योगी सरकार 27 हजार शराब की दुकानें खोलकर 27 हजार सरकारी स्कूलों को बंद करने जा रही है। आम आदमी पार्टी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देगी। इसलिए आप के प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह के आह्वान पर योगी सरकार के इस तुगलकी फरमान के विरुद्ध सड़कों पर संघर्ष करने उतर आई है। आम आदमी पार्टी इसके लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। जिला प्रभारी तुषार श्रीवास्तव ने कहा कि आम आदमी पार्टी इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी। 2 अगस्त को लखनऊ के ईको गार्डन में ऐतिहासिक स्कूल बचाओ आंदोलन करेगी। प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष ललित वाल्मीकि, शिवकुमार, जिला सोशल मीडिया प्रभारी प्रदीप यादव, जिलाध्यक्ष दीपू कुमार, भानू प्रकाश, नफीस खान, सार्थक यादव, नीर यादव आदि शामिल हुए।

# बुलेट की टक्कर से बाइक सवार किसान घायल, हालत गंभीर

**शुक्लागंज (उन्नाव):** रविवार सुबह नवीन पुल पर बुलेट की टक्कर से एक बाइक सवार किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

पीपरखेड़ा निवासी किसान विनोद पाल रविवार सुबह कानपुर में भिंडी बेचकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। करीब आठ बजे जब वह नवीन पुल पर पहुंचे, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहे बुलेट सवार ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। हादसे में विनोद पाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें तुरंत इलाज के लिए कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है। वहीं पोनी रोड मिश्रा लॉन के पास तीन बाइकें आपस में टकरा गईं। जिससे दो लोग घायल हो गये। वहीं एक हालत गंभीर ओने पर उसे इलाज के लिये कानपुर उर्सला में भर्ती कराया गया है।

# स्वास्थ्य मेले में 92 मरीजों का हुआ परीक्षण, दी दवाइयां


स्वास्थ्य मेले में मरीज का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार


शिविर में विधायक को प्रतीक चिह्न देते डॉक्टर। अमृत विचार

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)**

**अमृत विचार:** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास रहने वाले मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई।

**जन आरोग्य मेला**

इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. अर्चना, डॉ. रश्मि वर्मा, होम्योपैथिक डॉ हरि प्रसाद, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 92 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे।

**निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की हुई जांच, शुक्लागंज (उन्नाव):** राजधानी मार्ग स्थित सर्वोदय नगर में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 145 से अधिक लोगों ने विभिन्न जांचें कराईं। शिविर का शुभारंभ स्थानीय विधायक पंकज गुप्ता ने किया। शिविर में एमबीबीएस एमडी डॉ. विवेक मिश्रा ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया।

शिविर में बीपी, शुगर, वजन, न्यूरोपैथी व ऑक्सीजन लेवल की जांचें निःशुल्क की गईं। डॉ. मिश्रा ने बताया कि गलत खानपान और जीवनशैली के कारण युवा भी बीपी, शुगर व पेट की समस्याओं से ग्रस्त हो रहे हैं। विशेषकर बारिश के मौसम में खानपान पर सतर्कता जरूरी है। शिविर में डायबिटीज, हृदय रोग, पेट दर्द व वायरल संक्रमण से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रही। सभी मरीजों को दवाएं भी निःशुल्क वितरित की गईं, वहीं रक्त संबंधी जांचों पर 30 प्रतिशत की छूट दी गई। शिविर में निर्मल द्विवेदी, सुरेन्द्र गुप्ता, मयंक मिश्रा, सौम्या, वरुण गुप्ता, आदित्य, अतुल व शिवम का सहयोग रहा।

# संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभाग

**संवाददाता, परियर उन्नाव**



प्रतियोगिता के दौरान मौजूद शिक्षक व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उप्र संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा जिला स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को सिकंदरपुर सरोसी विकासखंड के आदर्श पुरम सरोसी स्थित आदर्श सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में हुआ। भाषा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिले भर से छात्र-छात्राओं ने संस्कृत गीत, संस्कृत वाचन, संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम आयोजक विष्णु प्रकाश बाजपेयी व संयोजिका अनीता दीक्षित ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। आचार्य छोटेलाल शास्त्री ने अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया।

- सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में नेहा प्रथम, आराधना द्वितीय आईं

बता दें कि उप्र संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार व शास्त्रीय अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2023 से कक्षा 6 से स्नातकोत्तर स्तर तक के विद्यार्थियों के लिए त्रिस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के ज्ञान, स्मृति, भाषा, कौशल व शास्त्र विषय का मूल्यांकन किया जाता है। रविवार को हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जीजीआईसी उन्नाव की छात्रा नेहा, द्वितीय स्थान जीजीआईसी उन्नाव की छात्रा आराधना व तृतीय स्थान आदर्श सरस्वती विद्या मंदिर सरोसी के आयुष ने प्राप्त किया। वहीं गीत प्रतियोगिता में आदर्श सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा रुचि सिंह ने प्रथम, झंडेश्वर सामवेद संस्कृत विद्यालय बडौरा की छात्रा ने द्वितीय व जीजीआईसी उन्नाव की छात्रा जागृति वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि प्रीती सिंह ने विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर उनका उत्साह बढ़ाया। संयोजक डॉ. अनीता दीक्षित ने बताया कि प्रथम पुरस्कार पाने वाले विजेता को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। निर्णायक मंडल के रूप में मनोज कुमारी बाजपेयी, पूर्वी दीक्षित व छोटेलाल शास्त्री मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में आने से विद्युत कर्मी गंभीर

**बांगरमऊ उन्नाव:** कोतवाली क्षेत्र के गांवदेवर खेड़ा निवासी प्राइवेट विद्युत कर्मी विजय (26) पुत्र अशर्फीलाल रविवार दोपहर क्षेत्र के गांव पतसिया के पास विद्युत पोल पर चढ़कर लाइन दुरुस्त कर रहा था। तभी वह अचानक तेज करंट की चपेट में आकर जमीन पर आ गिरा और गंभीर घायल हो गया। अचानक हुए हादसे के बाद अन्य विद्युत कर्मी उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं विद्युत कर्मी का गंभीर हालत में जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

# अभाविप द्वारा आयोजित हुआ एक दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग

**संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव**

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लवकुश नगर का एक दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग पांच सत्रों में गांव जगटापुर स्थित एक गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ।

इसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर अभ्यास वर्ग का शुभारंभ किया गया। इसके बाद विभाग संगठन मंत्री विकास त्रिपाठी ने कहा कि अभाविप अपने स्थापना काल से ही छात्रहित की लड़ाई लड़ता चला आ रहा है और ज्ञान शील एकता के ध्येय वाक्य के साथ आगे बढ़ रहा है। परिषद का प्रमुख उद्देश्य छात्र के चरित्र का निर्माण करना है। अभ्यास वर्ग में कार्य पद्धति, आयाम कार्य व गतिविधि, सदस्यता आदि विषयों पर विभिन्न सत्रों में चर्चा हुई। इसमें प्रवासी के रूप में राष्ट्रीय कला मंच के प्रांतीय सहसंयोजक आशुतोष कुमार श्रीवास्तव शामिल हुए। इसके अलावा अभ्यास के उन्नाव विभाग संयोजक क्षितिज अग्निहोत्री, जिला संयोजक योगेश तिवारी, जिला सह संयोजक जय, जिला प्रमुख विजय शंकर श्रीवास्तव, जिला विस्तारक श्यामजीत, नवल दीप गुप्ता, नगर मंत्री शुभम रस्तोगी, नगर अध्यक्ष अनीता यादव आदि शामिल रहे।

# सहजनी क्रॉसिंग पर जाम से दिनभर जूझते रहे वाहन सवार


सहजनी क्रॉसिंग पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

**संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव**

**अमृत विचार:** सहजनी शंकरपुर मार्ग पर खराब डंपर के चलते रविवार को दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। क्रॉसिंग के आगे दो दिन पहले एक डंपर खराब हो गया था, जो अब भी सड़क के किनारे खड़ा है, जिससे मार्ग संकरा हो गया है। रविवार सुबह से ही मार्ग पर रुक-रुक कर जाम लगता रहा। दोपहर एक बजे से दो बजे तक भीषण जाम लग गया, जिससे वाहन सवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। राहगीर गर्मी में फंसे रहे, जबकि किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था सुधारने की कोशिश नहीं की। वहीं अंडरपास मार्ग पर पानी भरने के कारण छोटे वाहन चालकों को वैकल्पिक रास्ता भी नहीं मिल पाया। इससे फंसे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा।

**दिक्कत**

## सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर ई-पॉश मशीनों की तकनीकी दिक्कतों से कार्डधारकों की बढ़ी परेशानी

# सर्वर की गंभीर समस्या से जूझ रही राशन वितरण व्यवस्था

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)**

**अमृत विचार:** नगर की पांच लाख की आबादी पर संचालित 32 सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर इन दिनों सर्वर की गंभीर समस्या के चलते राशन वितरण व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। अंत्योदय व पात्र गृहस्थी के बीस हजार से अधिक कार्डधारक ई-पॉश मशीनों की तकनीकी दिक्कतों से परेशान हैं।

प्रत्येक माह की 20 तारीख से लेकर 10 तारीख तक चलने वाले वितरण कार्य में बीते एक सप्ताह से सर्वर न आने की वजह से हालात और खराब हो गए हैं। ई-पॉश मशीन में नेटवर्क की समस्या के कारण राशन लेने के लिए सुबह से कतार में लगने वाले कार्डधारकों को देर शाम तक इंतजार करना पड़ रहा है। इसके बावजूद कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ता है। कार्डधारकों का कहना है कि उन्हें दिनभर की मजदूरी छोड़कर राशन के लिए घंटों खड़ा रहना पड़ता है, जिससे रोजमर्रा की जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। वहीं, कोटेदारों के मुताबिक सर्वर न आने की वजह से एक कार्ड को अपडेट करने और राशन देने में 15 से 20 मिनट तक का समय लग रहा है। ऐसे में एक दिन में मुश्किल से 20 से 25 लोगों को ही राशन मिल पा रहा है। इससे कार्ड धारकों और कोटेदारों के बीच नोंक-झोंक की स्थिति भी बन रही है। लगातार बिगड़ती व्यवस्था से आमजन में आक्रोश पनप रहा है। परेशान लोगों ने जिला प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है।


सर्वर न आने से राशन की दुकान में लगी कार्ड धारकों की भीड़। अमृत विचार

### तीन घंटे लेट पहुंची एलकेएम, यात्रियों को उठानी पड़ी भारी परेशानी


ट्रेन के इंतजार में गंगाघाट स्टेशन पर बैठे यात्री। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** रविवार को कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर चलने वाली एलकेएम ट्रेन की समयसारिणी बुरी तरह बिगड़ गई। एलकेएम गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर अपने निर्धारित समय से करीब तीन घंटे देरी से पहुंची, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रोजाना दोपहर 12 :30 बजे कानपुर से लखनऊ के लिए रवाना होने वाली एलकेएम रविवार को कानपुर सेंट्रल से देरी से रवाना हुई। गंगाघाट स्टेशन पर पहले से ही सावन माह के कारण भारी भीड़ मौजूद थी। सोमवार को लोधेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए दूर-दराज से आए कांवड़ यात्री गंगाजल लेकर लखनऊ जाने को स्टेशन पर एकत्र थे, लेकिन ट्रेन की देरी से उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। दोपहर करीब 3 :32 बजे जब ट्रेन गंगाघाट स्टेशन पहुंची, तो प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। मात्र छह मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन लखनऊ के लिए रवाना हुई।

# अमृत विचार

सोमवार, 28 जुलाई 2025




"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।"



## भीड़ प्रबंधन की जरूरत

हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने से हुई जानलेवा भगदड़ ने एक बार फिर देश में भीड़ प्रबंधन क्षमता की खामियों को उजागर करने के साथ इस सवाल का उत्तर खोजने के लिए विवश कर दिया है कि आखिरकार हमारे धार्मिक स्थलों में इस तरह की भगदड़ क्यों मचती है। ऐसे हादसों में होने वाली मौतों का जिम्मेदार किसे माना जाए? कमी तैयारी और निगरानी में रह जाती है या समूची व्यवस्था ही लापरवाही की भेंट चढ़ जाती है? प्रशासन पिछली घटनाओं से सबक क्यों नहीं लेता? देश के मंदिरों, मेलों और धार्मिक आयोजनों में भगदड़ होना अगर कोई नई बात नहीं है, तो यह भी सही है कि हर हादसा, चाहे वह किसी पर्व या उत्सव के दौरान हुआ हो या अचानक लोगों का हुजूम उमड़ने का नतीजा रहा हो, भीड़ प्रबंधन की नाकाम रणनीति और सरकारी तंत्र की कमजोरी या विफलता ही उजागर करता रहा है। दरअसल, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के भीड़ प्रबंधन से जुड़े दिशा-निर्देशों को छोड़ दें, तो किसी भी राज्य या शहर में भीड़ प्रबंधन का एक जैसा प्रोटोकॉल नहीं है। कोई ऐसा कानून भी नहीं है, जो बड़े धार्मिक और सार्वजनिक आयोजनों को सफलता से क्रियान्वित और प्रबंधित करने की प्रणाली को अनिवार्य बनाता हो। सच तो यह भी है कि राष्ट्रीय और राज्य आपदा प्रबंधन टीमें प्राकृतिक आपदाओं में बढ़िया काम दिखाने के बावजूद भगदड़ जैसे हादसों से निपटने में शायद उतनी कुशल और दक्ष नहीं हैं। इसकी वजह यह भी है कि भगदड़ अचानक कुछ सेकेंड में मचती है और हालात बेकाबू होकर हाथ से निकल जाते हैं।

देश में आमतौर पर किसी भी आयोजन में भीड़ प्रबंधन का काम पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के कंधों पर ही रहता है, लेकिन इनमें से तमाम अधिकारियों के पास भगदड़ नियंत्रण का पर्याप्त प्रशिक्षण और कुशलता नहीं होती है। बेंगलूरू में बीती चार जून को आईपीएल विजेता टीम की विक्ट्री परेड में हुई भगदड़ का सबक नाकाफी योजना ही था, जिसके कारण बड़ी मानवीय कीमत चुकानी पड़ी थी। इससे पहले इसी साल तिरुपति मंदिर, गोवा के श्रीलैराई देवी मंदिर, प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ घटनाएं हमारी व्यवस्था की कमजोर कड़ियों को झकझोर चुकी हैं। हाथरस में तो पिछले साल हुई भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से साफ है कि हमें भीड़ को नियंत्रित करने का तौर-तरीका बदलना होगा। पुलिस बलों को तेजी से बदलते हालात के मुताबिक त्वरित प्रबंधन प्रतिक्रिया करना सीखना होगा। भगदड़ की स्थिति में सबसे आगे खड़े पुलिस कर्मी को रियल टाइम में सही फैसला लेने की क्षमता से लैस करना होगा, जिसकी समझ लगातार मॉक ड्रिल और अभ्यास से ही आती है। पुलिस बलों की कार्यशैली में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने में दक्षता का स्तर बढ़ाना होगा। तकनीक का बेहतर इस्तेमाल करना सीखना होगा। इसकी मदद से ड्रोन और रियल-टाइम एनालिटिक्स समेत संचार और निगरानी की आधुनिक तकनीक भीड़ का गुब्बारा फटने से पहले आगाह कर सकती है

### प्रसंगवश

## आंखें खोलने वाला फैसला

देश भर के शैक्षिक संस्थानों और कोचिंग केंद्रों में छात्र-छात्राओं की बढ़ती आत्महत्या की घटनाएं रोकने और उनके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की पहल स्वागत योग्य है। शीर्ष कोर्ट ने इस संबंध में मौजूदा स्थिति को व्यवस्थागत विफलता ठहराते हुए कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और छात्रावासों के लिए 15 बिंदुओं की गाइड लाइन जारी की है। इसमें छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, काउंसलिंग, शिकायत निवारण और संस्थागत जवाबदेही जैसे अहम उपायों को शामिल किया है। इसमें दो राय नहीं है कि पढ़ाई के बोझ, सामाजिक तानों, मानसिक तनाव और संस्थानों की बेरुखी जैसे कारणों से अगर छात्र-छात्राएं अपनी जान दे रहे हैं, तो बात साफ है कि समूची प्रणाली सवालों के घेरे में है। ऐसा लगता है कि धीरे-धीरे देश की शिक्षा प्रणाली में एक अनकही बेचैनी और अविश्वास की बेल गहराई में जड़ जमा चुकी है। यही वजह है कि वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा की मूल आत्मा ही विकृत हो गई है। छात्रों को एक दूसरे से आगे निकलने की अंधाधुंध दौड़ में धकेला जा रहा है। इसके लिए उन पर लगातार मनोवैज्ञानिक दबाव डाला जाता है। लेकिन यह नहीं सिखाया जाता है कि असफलता, निराशा या अनिश्चितता से कैसे निपटना है। सारी पढ़ाई छात्रों को सिर्फ परीक्षाओं के लिए तैयार करने में सिमट गई है।



अमित नारायन
कानपुर

**सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में इसी और रास्ता दिखाया है, जिससे यह उम्मीद बलवती हुई है कि जल्दी ही शैक्षिक और कोचिंग संस्थानों के लिए मार्गदर्शक नीति के साथ जवाबदेह विधिक प्रणाली सामने आएगी**

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट इसी गंभीरता को बयान करती है, जिसके मुताबिक देश में साल 2022 में 13 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने आत्महत्या की थी, जबकि दो दशक पहले साल 2001 में छात्र-छात्राओं की आत्महत्या का आंकड़ा 5,425 ही था। सुप्रीम कोर्ट ने इस रिपोर्ट को बेहद चिंताजनक बताते हुए कहा है कि 2,248 छात्र-छात्राओं ने सिर्फ इसलिए जान दे दी, क्योंकि वे परीक्षा में फेल हो गए थे। यह स्थिति देश के बीमार हो चुके शैक्षिक परिस्थितिकी तंत्र में न्यायपालिका को हस्तक्षेप करने के लिए बाध्य करती है। ऐसे में शीर्ष कोर्ट का यह कहना गलत नहीं है कि जिस किसी संस्थान की लापरवाही से कोई छात्र या छात्रा आत्महत्या करती है, तो उस संस्थान को कानूनी व प्रशासनिक रूप से जिम्मेदार ठहराया ही जाना चाहिए। शैक्षिक संस्थानों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करने के लिए ही शीर्ष कोर्ट ने सभी राज्यों को 60 दिनों के भीतर सुरक्षा मानदंड, काउंसिलिंग तथा शिकायत निवारण तंत्र बनाने वाले नियम-कानून अधिसूचित करने का आदेश दिया है। बात साफ है कि छात्र-छात्राओं के लिए एक ऐसी सहायता प्रणाली या व्यवस्था बनानी होगी जो उन्हें संभाल सके और मौजूदा हालात से बचाने वाला सुरक्षा कवच प्रदान कर सके। यह काम देश में एक जिम्मेदार नियामक ढांचा बनाकर ही किया जा सकता है, तभी पढ़ाई के बोझ, मनोवैज्ञानिक तनाव, उत्पीड़न, सामाजिक कलंक, संस्थागत असंवेदनशीलता जैसे कारणों से होने वाली युवाओं की असमय मौतों की रोकथाम का रास्ता सुनिश्चित हो सकेगा।

इस आम धारणा के विपरीत कि अधिकतर छात्र-छात्राएं खराब शैक्षणिक प्रदर्शन के कारण अपनी जान देते हैं, आत्महत्या की घटनाओं में कई बार अन्य कारक भी शामिल रहते हैं, जैसे रिश्ता टूटना, आत्म सम्मान को ठेस, सामाजिक अलगाव तथा पारिवारिक एवं मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं। वैसे जहां तक शैक्षिक संस्थानों में परामर्शदाताओं, मनोचिकित्सकों और अन्य मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता की बात है, तो हालात पहले की तुलना में अब काफी कुछ बेहतर हुए हैं, और यह भी सही है कि शीर्ष शैक्षिक संस्थानों में घटित होने वाली आत्महत्याओं के मुकाबले कहीं अधिक विद्यार्थियों को आत्महत्या करने से रोकने में सफलता भी मिली है, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि इस मामले में हमें अभी और भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में इसी और रास्ता दिखाया है, जिससे यह उम्मीद बलवती हुई है कि जल्दी ही शैक्षिक और कोचिंग संस्थानों के लिए मार्गदर्शक नीति के साथ जवाबदेह विधिक प्रणाली सामने आएगी।

# संबंध सुधारने की नई नीति का संकेत है मोदी का मालदीव दौरा





अनिल यादव
वरिष्ठ पत्रकार

**मालदीव के चीन की ओर झुकाव को एक दुस्साहसिक घटनाक्रम के रूप में देखा गया क्योंकि इस देश का कुल इलाका नब्बे हजार वर्ग किलोमीटर का है जिसका 96 प्रतिशत भाग समुद्र से घिरा हुआ है।**

प्रधानमंत्री मोदी ने कई ऐसे काम किए हैं जो इससे पहले किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किए। इनमें से एक चारो ओर समुद्र से घिरे छोटे से पड़ोसी देश मालदीव का हालिया दौरा है जहां वह स्वाधीनता दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में गए। वह पहले ऐसे प्रमुख विदेशी नेता भी हैं जिनकी अगवानी पौने दो साल पहले सत्ता में आए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने की। महत्वपूर्ण यह है कि कट्टर चीन समर्थक मोहम्मद मोइज्जू ने अपने चुनाव अभियान में 'इंडिया आउट' यानि भारत को अपने देश से बाहर करने का नारा दिया था। इस दौरे को विदेश नीति में एक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है जिसके चलते भारत खुद अपने निकटतम पड़ोसी देशों से संबंध सुधारने की पहल कर रहा है।

पहलगाम की आतंकी कार्रवाई के बाद बीती मई के पहले सप्ताह में भारत ने पाकिस्तान पर मिसाइल हमले किए जिनके बीच में अचानक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध विराम का दावा कर दिया। मोदी के प्रतिवाद के बावजूद ट्रंप की ओर से भारत की संप्रभुता की तौहीन करने वाले इस तरह के दावे अब तक जारी हैं। इस सैन्य झड़प के समय भारत के परंपरागत मित्रों ने अपना समर्थन जताने में परहेज किया। इसके बाद दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश यात्रा पर गया लेकिन सरकार उसकी मुलाकात राष्ट्राध्यक्षों या विश्व राजनीति के प्रभावशाली लोगों से करा पाने में विफल रही। इस दौरान पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक जैसी संस्थाओं से बड़ी वित्तीय सहायता मिली और संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद मामलों के पैनल में उपाध्यक्ष पर पाकिस्तान के प्रतिनिधि को नियुक्ति भी मिल गई। इन घटनाक्रमों से सीधा नतीजा निकाला गया कि भारत कूटनीतिक रूप से अलग-थलग पड़ता जा रहा है। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर के चीन दौरे के बाद प्रधानमंत्री के पहली बार मालदीव जाने को सबसे पहले पड़ोसियों से संबंध सुधारने की पहल के रूप में देखा जा रहा है।


यह मालदीव दौरा भी पुराने विवादों से अछूता नहीं रहा। इसी समय मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू के नजदीकी रिश्तेदार और धार्मिक संगठन सलफ जमीयत के अध्यक्ष अब्दुल्लाह बिन मोहम्मद इब्राहिम ने ट्विटर पर कथित तौर पर मोदी को मुस्लिम विरोधी बताते हुए एक टिप्पणी की और बाद में इस पोस्ट को डिलीट कर दिया। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा है कि हमने पहले भी इस तरह की टिप्पणियों की परवाह नहीं की है और भारत-मालदीव संबंधों का भविष्य अच्छा है। मालदीव के पिछले चुनाव में मोइज्जू की भारी जीत में इस तरह के बयानों ने अहम भूमिका निभाई थी और उन्हें वहां के किसी भी पूर्व राष्ट्रपति की तुलना में अधिक चीन समर्थक माना जाता है।

मालदीव के चीन की ओर झुकाव को एक दुस्साहसिक घटनाक्रम के रूप में देखा गया क्योंकि इस देश का कुल इलाका नब्बे हजार वर्ग किलोमीटर का है जिसका 96 प्रतिशत भाग समुद्र से घिरा हुआ है। जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर विशेषज्ञों ने भविष्यवाणी कर रखी है कि 2050 तक मालदीव का अस्सी प्रतिशत भाग समुद्र में डूब जाएगा। तब वह अपने निवासियों की जान बचाने के लिए निकटम पड़ोसी भारत के अलावा किससे और सहायता मांगेगा जिसकी दूरी 70 नॉटिकल मील है। भारत मान कर चल रहा था कि भूगोल ही दोनों देशों का भाग्य है जिससे बचा नहीं जा सकता। मालदीव हर मामले में भारत पर निर्भर रहा है। भारतीय स्टेट बैंक अब भी इस द्वीप का सबसे बड़ा बैंक है जिसने यहां पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था विकसित करने में सबसे बड़ा योगदान दिया है।

मालदीव पर आए अब तक के तीन बड़े संकटों में भारत ही पहला मददगार रहा है। ये संकट थे 1988 का सैन्य तख्ता पलट, 2004 की सुनामी और 2014 का पेयजल संकट। वहां की स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा का ढांचा भारतीय डाक्टरों और शिक्षकों का खड़ा किया हुआ है। अब भी दूर-दराज के द्वीपों तक में वही काम कर रहे हैं। व्यापार और पर्यटन के मामले में भारत सबसे बड़ा साझेदार है। चावल, आटा, आलू, चीनी, अंडे समेत बालू और भवन निर्माण सामग्रियों की सप्लाई भारत से ही होती है। दिक्कत भारत की सत्ताधारी पार्टी की मुसलमानों से संबंधित नीति से शुरू होनी शुरू हुई जो पिछले वर्षों में मुसलमानों पर भीड़ के द्वारा किए जाने वाले हमलों और हिंदुत्ववादी नेताओं के बयानों के चलते अब काफी जटिल हो चुकी है। मालदीव एक धार्मिक रंगत वाला देश है। वहां के संविधान के मुताबिक सिर्फ सुन्नी मुसलमान ही वहां के नागरिक हो सकते हैं। मुसलमानों के अन्य फिरकों को भी वहां बसने की इजाजत नहीं है।

भारत की मुश्किल यह है समुद्र के रास्ते आतंकवाद, मालवाहक पोतों पर डकैती, नशीले पदार्थों के कारोबार और समुद्र में होने वाले अन्य अपराधों पर रोकथाम के लिए मालदीव की रणनीतिक स्थिति एक चेकपोस्ट की तरह है जिस पर चीन का नियंत्रण बढ़ता जा रहा है। पूर्व राष्ट्रपति यामीन के शासन के दौरान चीन समर्थक नीति अपनाई गई जिसके बाद से कर्जों का जाल बढ़ता गया है। पर्यटन से आय के कारण यह एशिया में प्रति व्यक्ति सबसे अधिक आमदनी वाला देश है इसलिए चीनी कर्जों का दुष्प्रभाव अभी नहीं दिखाई दे रहा है। भारत और मालदीव के पुराने आपसी एतिहासिक-राजनीतिक संबंधों का आधार परस्पर निर्भरता हुआ करती थी लेकिन चीन के साथ संबंधों की बुनियाद में पैसा या अर्थव्यवस्था है।

### आमने सामने



भाजपा सांसद गुलाम अली खटाना ने कहा, "भारतीय गठबंधन, खासकर कांग्रेस, की मानसिकता इतनी गिर गई है कि उन्होंने चुनाव आयोग को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। जहां वे चुनाव जीतते हैं, वहां चुनाव आयोग और वोटिंग मशीनें ठीक हैं, लेकिन जहां वे हारते हैं, वहां वे संदेह पैदा करते हैं।

कांग्रेस नेता आशुतोष चटर्जी ने कहा, यह भाजपा के नेतृत्व में चुनाव आयोग द्वारा की गई धांधली है। 65 लाख नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस ने इसका विरोध किया। इसलिए, दक्षिण कलकत्ता जिला कांग्रेस के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। वे पश्चिम बंगाल में एसआईआर मॉडल लागू करने की साजिश कर रहे हैं।



# कंबोडिया-थाईलैंड के बीच तनाव



राजेश जैन
कोटा

**थाईलैंड का आरोप है कि कंबोडिया ने बीएम-21 रॉकेट लॉन्चर से पहले हमला किया। वहीं कंबोडिया का दावा है कि थाई सैनिकों ने बिना उकसावे के आक्रामकता दिखाई और हवाई हमले किए।**

दक्षिण-पूर्व एशिया एक बार फिर अशांत है। कंबोडिया और थाईलैंड खतरनाक सीमा संघर्ष में उलझ गए हैं। अब तक 27 लोगों से ज्यादा की मौत हो चुकी है और हजारों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। इस बार भी विवाद की जड़ वही पुरानी है-प्रीह विहेयर मंदिर। हजारों साल पुराना यह मंदिर खमेर साम्राज्य की धरोहर है, लेकिन इस पर मालिकाना दावा थाईलैंड और कंबोडिया दोनों करते हैं। 1962 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने इसे कंबोडिया का हिस्सा माना था, पर थाईलैंड ने यह फैसला पूरी तरह स्वीकार नहीं किया।

वैसे भी 817 किलोमीटर लंबी थाई-कंबोडिया सीमा पर दशकों से विवाद चला आ रहा है। इसकी जड़ें फ्रांसीसी औपनिवेशिक काल के नक्शों में हैं। 1907 में बने नक्शों को थाईलैंड अब भी विवादित मानता है। कंबोडिया का कहना है कि प्रीह विहेयर और ता मुएन थोम जैसे ऐतिहासिक मंदिर उसके क्षेत्र में आते हैं, वहीं थाईलैंड इन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत मानता है।

2008 से 2011 के बीच इसी विवाद पर हुई झड़पों में 34 लोगों की मौत हो गई थी। 2025 की चिंगारी तब भड़की जब एक कंबोडियाई सैनिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। 24 जुलाई को हालात और बिगड़ गए जब ता मुएन थोम मंदिर के पास भारी गोलीबारी और हवाई हमले हुए।

थाईलैंड का आरोप है कि कंबोडिया ने बीएम-21 रॉकेट लॉन्चर से पहले हमला किया। वहीं कंबोडिया का दावा है कि थाई सैनिकों ने बिना उकसावे के आक्रामकता दिखाई और हवाई हमले किए। फिलहाल थाईलैंड ने सीमाएं सील कर दी हैं और कंबोडिया ने भी थाईलैंड से आने वाले आयात-जैसे फल, सब्जियां, गैस और फिल्मों-पर रोक लगा दी है।

कंबोडिया पहले से ही चीन के प्रभाव में है। पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन और



वर्तमान प्रधानमंत्री हुन मानेट दोनों को चीन का भरोसेमंद साथी माना जाता है। यही वजह है कि चीन इस पूरे घटनाक्रम में शांत तो है, पर उसकी मौजूदगी हर स्तर पर महसूस की जा सकती है।

दक्षिण कंबोडिया में चीन द्वारा विकसित किया गया रीम नौसैनिक अड्डा अमेरिका और भारत जैसे देशों के लिए चिंता का विषय है। माना जाता है कि ऐसे ठिकाने दक्षिण चीन सागर से लेकर हिंद महासागर तक चीन की सामरिक पहुंच बढ़ा सकते हैं। थाईलैंड लंबे समय से अमेरिका का रणनीतिक साझेदार रहा है और कोबरा गोल्ड जैसे संयुक्त सैन्य अभ्यासों में अमेरिका के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है। लेकिन बीते वर्षों में चीन से उसके आर्थिक और सैन्य रिश्ते भी गहरे हुए हैं। अगर चीन इस टकराव में मध्यस्थ बनता है, तो वह अमेरिका के प्रभाव को तो काफी हद तक कम कर ही सकता है, साथ ही दोनों देशों के साथ व्यापार और निवेश को भी अपनी शर्तों पर आगे बढ़ा सकता है।

भारत की चिंताएं और कूटनीतिक चुनौती-भारत के लिए यह संघर्ष कई वजहों से चिंता का कारण है। थाईलैंड 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का मुख्य प्रवेश द्वार है, जबकि कंबोडिया 'मेकोंग-गंगा सहयोग' में एक अहम साझेदार। भारत ने दोनों देशों में डिजिटल कनेक्टिविटी, सांस्कृतिक परियोजनाओं और रणनीतिक संवादों पर काम किया है। लेकिन अगर दोनों देशों के बीच यह तनाव लंबा चलता है, तो भारत की कूटनीतिक स्थिति अस्थिर हो सकती है। भारत को संतुलन साधना होगा-दोनों पक्षों से संबंध बनाए रखते हुए अपने हितों की रक्षा करनी होगी। भारत को चाहिए कि वह आसियान के साथ संवाद और सहयोग को और मजबूत करे। मेकोंग-गंगा सहयोग के तहत थाईलैंड और कंबोडिया दोनों में सांस्कृतिक और विकास परियोजनाओं को गति दे। क्षेत्रीय मंचों का उपयोग करके सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था पर संवाद बढ़ाना भारत की प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही भारत को स्पष्ट संदेश देना चाहिए कि क्षेत्रीय स्थिरता में उसका सीधा हित है और वह किसी भी बाहरी दबाव के खिलाफ अपने साझेदारों के साथ खड़ा रहेगा।

कंबोडिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से आपात बैठक की मांग की है और मामला फिर से अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में ले जाने की तैयारी कर रहा है। लेकिन थाईलैंड ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के अधिकार को नकारते हुए सिर्फ द्विपक्षीय बातचीत पर जोर दिया है। इसके लिए उसने पहले युद्धविराम की शर्त रखी है। इस तनाव को सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की भूमिका अहम हो सकती है। अगर चीन इस संघर्ष में 'शांति-निर्माता' बनकर उभरता है, तो वह दक्षिण-पूर्व एशिया में अमेरिका की साख को और कमजोर करेगा और भारत की रणनीतिक स्थिति पर भी असर डालेगा।

### सामयिकी

## सर्वोच्च न्यायाधीश है प्रकृति

सभ्य समाज को बांधकर रखने वाला सबसे महत्वपूर्ण तत्व न्याय है। न्याय व्यवस्था पर हमारे विश्वास ने ही सामाजिक व्यवस्था की गतिशीलता और क्रियाशीलता को बनाए रखा हुआ है। हालांकि रोजमर्रा के दैनिक जीवन में अनेक ऐसे अवसर आते हैं जब बाह्य न्याय व्यवस्था पर हमारा विश्वास खंडित होने लगता है। उस स्थिति में हताश और बेबस व्यक्ति के मन से बस एक ही वाक्य निकलता है कि अब ईश्वर/प्रकृति न्याय करेगी और यह सत्य भी है कि बाह्य न्याय व्यवस्था की तमाम खामियों के बावजूद प्रकृति की न्याय व्यवस्था सटीक, वस्तुनिष्ठ और परिशुद्ध है।



बीना नयाल
दिल्ली

बाह्य न्याय व्यवस्था की ही भांति प्रकृति का न्याय भी कई बार त्वरित और कई बार देरी से होता है परंतु होता अवश्य है। बाह्य न्याय व्यवस्था आपके दोष सिद्ध होने पर आपको केवल शारीरिक और मानसिक कष्ट पहुंचाती है परंतु प्रकृति की न्याय व्यवस्था तो कई बार मौन कुल्हाड़ी की भांति आपकी आत्मा को ही लहूलुहान कर देती है।

मेरे दिवंगत पिताजी यह कहानी सुनाया करते थे कि उनके एक जानकार पेंशन विभाग में कार्यरत उच्च अधिकारी थे। रोज दफ्तर में पेंशन बनवाने के कार्य से अनेकों परेशान वृद्धजन अपनी समस्याएं लेकर आते थे जिनकी लाचारी का फायदा उठाकर वे मनमानी वसूली किया करते थे। वसूली करते हुए उन्होंने आय के अतिरिक्त काफी धन संपत्ति एकत्रित कर ली थी। उनका एक विकलांग बेटा था। देखने में सुदर्शन, पढ़ने में औसत के साथ वाणी व सुनने में सीमित शक्ति। अधिकारी की इच्छा थी कि उनके पद पर रहते बालक कहीं सरकारी सेवा में नियुक्त हो जाए। विकलांग कोटा तो था ही। लेकिन जब विकलांग कोटा में भी पेपर पास नहीं हुआ तो नौकरी के लिए मोटी रकम रिश्वत में दी और लगे हाथ धूमधाम से बेटे का विवाह किया लेकिन बेटे की विकलांगता के कारण साल भर में ही बेटे का विवाह विच्छेद हो गया।

अधिकारी भी सेवानिवृत हो गए। अपने जीवन भर की उपरी कमाई का नफा नुकसान लगाया तो वह लगभग उतना ही था जितना बेटे की नौकरी में रिश्वत और विवाह में खर्च हुआ। कुल मिलकर परेशान और असहाय वृद्ध लोगों की बददुआओं ने उनके पुत्र रूपी आत्मा पर आघात किया। वहीं एक मेरे भी एक परिचित है जिन्होंने जीवन भर नौकरी में ईमानदारी से अपने कर्तव्यों को पूरा किया और सरल, सदव्यवहार के कारण कई बार सहकर्मियों ने काम के मामले में उनका शोषण भी किया परंतु मित्र अपने सदाचार से डिगे नहीं। प्रकृति ने उनको सुयोग्य व सफल संतान के रूप में पुरस्कृत किया। आज बेटा मल्टीनेशनल कंपनी में उच्च पद पर आसीन है और बेटी राज्य प्रशासनिक अधिकारी है। दोनों ही उद्धरणों में प्रकृति न्यायाधीश की भूमिका में है। आप अपने गलत कर्मों को सबसे छुपा सकते हैं लेकिन अपनी अंतरात्मा और प्रकृति से नहीं।

प्रकृति के पांचो तत्व पंचों की भांति आपके कर्मों को अवलोकन कर रहे हैं। उन्हें विभिन्न कसौटियों पर परख रहे हैं और कर्म रूपी वृक्ष के पुष्पित फलित होने पर फल जब परिपक्व होकर जब आपकी गोद में गिरता है तो उसकी तीक्ष्णता और मृदुलता की तीव्रता आपके द्वारा रोपित बीजों पर निर्भर है। शिशुपाल वध के लिए भगवान श्रीकृष्ण के सुदर्शन चक्र का प्रयोग करके के दौरान उंगली कटने पर द्रौपदी ने अविलंब आंचल का जो चीर बांधा, ईश्वर ने वही चीर वस्त्र हरण के समय कई गुना कर द्रौपदी की लाज बचाने हेतु लौटाया। कर्मों का खेल भूल भुलैया की भांति ना समझने वाले के लिए जटिल और क्लिष्ट है तो अर्जुन की भांति भक्त के लिए अत्यंत सरल और बोधगम्य है।

### सोशल फोरम

## राजनीति भी सरकारी नौकरियों की तरह

देश में ट्रक बनाने वाली दो प्रमुख कंपनियां टाटा और अशोक लेलैंड हैं। वी एफ जे में काम करने के दौरान अशोक लेलैंड के कुछ सीनियर अफसरों से मिलने पर पता चलता था कि वे अशोक लेलैंड में आने के पहले 20-30 साल टाटा में काम कर चुके थे। बाद में उन्नति के लिए उन्होंने कंपनी बदली। प्राइवेट संस्थानों में उन्नति के लिए कुछ साल बाद कंपनी बदलने का चलन आम बात है। नौकरी वहां 'कांट्रैक्ट मैरिज' टाइप होती है। सरकारी नौकरियां हिंदुस्तानी विवाह की तरह होती हैं। नौकरी करने वाला इंसान हिंदुस्तानी बहुओं की तरह होता है। जिस घर मे डोली आई वहीं से अर्थी निकलने की तर्ज पर जहां ज्वाइन करता है वहीं से रिटायर मेंट लेता है। पहले की राजनीति भी आमतौर पर सरकारी नौकरियों की तरह करते थे लोग। जिस दल, विचार धारा से शुरू करते थे, आमतौर पर उसी से जुड़े रहते थे। इधर सरकारी नौकरियां तेजी से कम हुई हैं। काम चलाने के लिए कांट्रैक्ट वर्कर का चलन बढा है। ठिकाना नहीं कि कब निकाल दिए जाएं। राजनिति में भी प्राइवेटाइजेशन बढ़ा है। लोग मौका देखकर धुर विरोधी पार्टी में शामिल होने में गुरेज नहीं करते। बल्कि मौके पर पार्टी और स्टैंड बदल लेना सबसे बड़ी समझदारी मानी जाती है। जिसको गरियाते हुए सत्ता में पाई बाद में उसी के साथ सरकार बनाना सफल और समझदार राजनीतिज्ञ की निशानी है।



अनूप शुक्ल
कानपुर

देश के राजनीतिज्ञ समझदार होते जा रहे हैं। वे ठेके पर काम करने वाले मजदूरों की तरह काम करने लगे हैं। जो ठेकदार रोजी-रोटी देगा उसी के जुड़कर जनता की सेवा करने पर मजबूर है। आज राजनीति का सबसे बड़ा ठेकेदार बाजार है। क्या पक्ष क्या विपक्ष सब बाजार के इशारे पर उठते-बैठते, हिलते-डुलते हैं। बाजार के इशारे पर पक्ष-विपक्ष आपस में ग्लेडियेटर की तरह लड़ने का नाटक करते हैं। बाजार दोनों में से किसी को मरने नहीं देता। जिंदा रखता है दोनों को। आखिर दोनों को बनाने में उसका ही पैसा लगता है। जनता बेचारी इन्हीं लोगों से अपनी सेवा कराने को मजबूर है। जिसको वह अपनी सेवा के लिए चुनती है वह अगर बाजार को पसंद नहीं आता तो वह उसे बदल देता है। आखिर सेवक चुनने में पैसा तो उसी का लगता है। इसलिए जनता का सेवक चुनने का हक भी उसी को है। जनता को तो बस सेवा से मतलब होना चाहिए। सेवक कौन होगा यह तय करना बाजार का काम है।

-फेसबुक वॉल से


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

आज की युवा पीढ़ी न केवल स्टाइलिश लुक चाहती है, बल्कि दमदार परफॉर्मेंस और माइलेज का भी ख्याल रखती है। यही कारण है कि मोटरसाइकिल कंपनियां युवाओं के लिए लगातार नए-नए फीचर से लैस बाइक मॉडल ला रही हैं। भारत में 150 सीसी से लेकर 350 सीसी सेगमेंट की बाइकों की मांग सबसे ज्यादा है। आइए जानते हैं आज के युवाओं की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली बाइकों के बारे में

# युवाओं की पहली पसंद बनीं स्टाइलिश व दमदार बाइकें

## रॉयल एनफील्ड हंटर 350

- रॉयल एनफील्ड का नाम ही रॉयल है और इसकी हंटर 350 बाइक आज युवाओं की पहली पसंद बन चुकी है। कंपनी की सबसे किफायती बाइक्स में शामिल यह मॉडल अगस्त 2022 में लांच हुआ था। आज यह न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी अपनी धाक जमा चुकी है। हंटर 350 में 350 सीसी का सिंगल सिलेंडर इंजन है, जो 27 एनएम टॉर्क जनरेट करता है। इसका वजन 181 किलोग्राम है। यह दो वेरिएंट्स – रेट्रो (स्पोक रिम, ट्यूब टायर) और मेट्रो (एलॉय व्हील) में आती है। यह बाइक आठ आकर्षक रंगों में उपलब्ध है। 35–40 किमी/लीटर का माइलेज, दमदार परफॉर्मेंस और स्टाइलिश डिजाइन के चलते यह भारत ही नहीं, विदेशों में भी धूम मचा रही है। हंटर 350 को रॉयल एनफील्ड की अब तक की सबसे फुर्तीली और ट्रेंडी बाइक माना जा रहा है।




**कीमत**
1.50
लाख रुपये से शुरू

**माइलेज**
35-40
किमी प्रति लीटर

**क्यों खास**
स्टाइलिश लुक, रेट्रो डिजाइन, रॉयल एनफील्ड ब्रांड की विरासत

## बजाज पल्सर एन160

बजाज पल्सर एन160 नई पीढ़ी की एक स्टाइलिश और मस्क्युलर बाइक है। जो परफॉर्मेंस, सेफ्टी और डिज़ाइन का बेहतरीन मेल पेश करती है। इसमें 165सीसी का ऑयल–कूल्ड इंजन दिया गया है, जो शानदार पावर और स्मूथ राइडिंग का अनुभव देता है। यह बाइक डुअल चैनल एबीएस के साथ आती है, जो ब्रेकिंग के दौरान बेहतर कंट्रोल और सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इसका ऑल–ब्लैक लुक, एलईडी प्रोजेक्टर हेडलाइट, स्लीक टेललाइट और स्पोर्टी बॉडी इसे युवाओं के बीच और भी आकर्षक बनाते हैं। इसकी बेहतर ग्राउंड क्लियरेंस और सस्पेंशन सेटअप खराब रास्तों पर भी आरामदायक राइड देते हैं। हालांकि इसमें ब्लूटूथ कनेक्टिविटी या स्मार्ट जोनेक्ट जैसे स्मार्ट फीचर्स नहीं हैं। लेकिन इसकी ताकतवर परफॉर्मेंस, दमदार लुक और बजट फ्रेंडली प्रकृति इसे एक भरोसेमंद मिड–साइज बाइक बनाती है।

**कीमत**
1.30
लाख रुपये से शुरू

**माइलेज**
40-45
किमी प्रति लीटर

**क्यों खास**
डुअल चैनल एबीएस, दमदार ब्रेकिंग, नया इंजन ट्यून





## केटीएम ड्यूक 200

- केटीएम ड्यूक 200 एक प्रीमियम स्पोर्ट्स नेकेड बाइक है। जो युवाओं के बीच अपनी रफ्तार, स्टाइल और एग्रेसिव डिज़ाइन के लिए जानी जाती है। इसका 199 .5 सीसी का लिक्विड–कूल्ड, सिंगल–सिलेंडर इंजन जबरदस्त पावर और तेज़ पिक–अप देता है, जो शहर की सड़कों से लेकर हाईवे तक शानदार प्रदर्शन करता है। हल्का ट्रेलिस फ्रेम और बेहतर वज़न संतुलन इसे स्टंट और ट्रैफिक दोनों के लिए उपयुक्त बनाता है। इसमें मिलने वाली शानदार रोड ग्रिप, डब्ल्यूपी सस्पेंशन, एलईडी लाइट्स और डिजिटल डिस्प्ले इसे और भी प्रीमियम फील देते हैं। बाइक का आक्रामक लुक और ऑरेंज–सिग्नेचर थीम इसे यूथ आइकन बना देती है। हालांकि, इसका माइलेज थोड़ा कम है और मेंटेनेंस कॉस्ट अपेक्षाकृत ज्यादा हो सकता है। फिर भी, स्पीड और स्पोर्टी एक्सपीरियंस चाहने वालों के लिए यह बाइक एक बेहतरीन विकल्प है।

**कीमत**
1.96
लाख रुपये से शुरू

**माइलेज**
33–35
किमी प्रति लीटर

**क्यों खास**
रेसिंग डीएनए, अडवेंचरस लुक, टॉर्की इंजन

## टीबीएस अपाचे आरटीआर-160 4वी

टीबीएस अपाचे आरटीआर–160 4वी एक स्पोर्टी, किफायती और फीचर–लोडेड बाइक है। जो खासकर युवा राइडर्स के बीच बेहद लोकप्रिय है। इसका 159 .7 सीसी का ऑयल–कूल्ड इंजन बेहतरीन पावर और माइलेज का संतुलित अनुभव देता है। जिससे यह शहर और हाईवे दोनों पर दमदार प्रदर्शन करती है। बाइक में स्मार्ट जोनेक्ट तकनीक के साथ ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, गियर शिफ्ट इंडिकेटर, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और तीन राइडिंग मोड्स जैसे मॉडर्न फीचर्स मिलते हैं। इसका मस्कुलर टैंक और एग्रेसिव ग्राफिक्स इसे एक प्रीमियम स्पोर्ट्स लुक देते हैं। टीवीएस की विश्वसनीयता, कम मेंटेनेंस कॉस्ट और किफायती सर्विस इसे कॉलेज स्टूडेंट्स और डेली कम्यूटर के लिए परफेक्ट चॉइस बनाते हैं। यह बाइक उन लोगों के लिए है जो स्टाइल, परफॉर्मेंस और बजट – तीनों को एक साथ पाना चाहते हैं।

| कीमत | माइलेज | क्यों खास |
|---|---|---|
| 1.25 लाख रुपये से शुरू | 40-45 किमी प्रति लीटर | ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, सस्पेंशन और बैलेंस का बेहतरीन कॉम्बिनेशन |



## यामाहा आर-15 वी-4

- यामाहा आर–15 वी–4 एक स्पोर्टी और स्टाइलिश बाइक है। जो खास तौर पर युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय है। इसका 155 सीसी का लिक्विड–कूल्ड, 4–स्ट्रोक वीवीए इंजन शानदार पिक–अप और स्मूद परफॉर्मेंस देता है। यह न सिर्फ तेज़ रफ्तार में बेहतरीन स्थिरता देता है, बल्कि माइलेज के मामले में भी अच्छा विकल्प माना जाता है। इसमें मिलने वाले ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम, डुअल चैनल एबीएस, स्लिपर क्लच और एलईडी हेडलाइट्स जैसे एडवांस फीचर्स इसे एक प्रीमियम स्पोर्ट्स बाइक बनाते हैं। बाइक का डिज़ाइन पूरी तरह से रेसिंग इंस्पायर्ड है, जिसमें एग्रेसिव फ्रंट, एयरोडायनामिक बॉडी और स्टाइलिश ग्राफिक्स दिए गए हैं। इसका डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी जैसे स्मार्ट फीचर्स भी युवाओं को खूब लुभाते हैं।

| कीमत | माइलेज | क्यों खास |
|---|---|---|
| 1.82 लाख रुपये से शुरू | 40–45 किमी प्रति लीटर | डुअल एबीएस, ट्रैक्शन कंट्रोल, एलईडी हेडलाइट्स |




* बाइकों के प्राइस सभी प्रदेशों में अलग हो सकते है।

# बाजार दिखा बड़ा लेकिन खरीदार है छोटा
# टिक पाएगी टेस्ला इंडिया में!

मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स की चमचमाती सड़कें, शीशे के भव्य शोरूम में खड़ी एक कार और बाहर भीड़ का उत्साह 15 जुलाई की सुबह कुछ ऐसी ही थी, जब भारत में टेस्ला ने आधिकारिक तौर पर कदम रखा। टेस्ला यानी उस सपने का नाम, जो अमेरिका में नवाचार की पहचान बन चुका है। लेकिन भारत में यह सपना साकार होगा या फिर वही हश्र होगा जो पहले भी कई विदेशी कंपनियों का हुआ, यही सवाल आज देश का हर गंभीर ऑटो विशेषज्ञ पूछ रहा है। टेस्ला की Model Y भारत में लॉन्च हुई है, जिसकी कीमत 60 लाख से 70 लाख के बीच है। यह गाड़ी आम आदमी के सपनों से कहीं दूर है, और इसीलिए यह चर्चा का विषय बन गई है। भारत में जहां कारों की औसत कीमत 11.5 लाख है, वहीं टेस्ला की शुरुआती कीमत छह गुना अधिक है। सवाल यह नहीं कि टेस्ला महंगी क्यों है, सवाल यह है कि भारत जैसे मूल्य-संवेदनशील बाजार में क्या यह टिक पाएगी?

## टेस्ला को बनानी होगी जगह

- भारत में गाड़ी खरीदना केवल यात्रा का जरिया नहीं, यह स्टेटस सिंबल भी है। लेकिन स्टेटस के साथ–साथ भारतीय ग्राहक "वैल्यू फॉर मनी" भी चाहता है। भारत में आज भी SUV सेक्टर में 20–30 लाख की रेंज में टाटा, महिंद्रा और हुंडई जैसी कंपनियों का बोलबाला है। टेस्ला अगर इस रेंज में आती तो शायद बड़ी हलचल मचती, लेकिन 60 लाख से ऊपर की रेंज में वो खरीदारों का एक सीमित तबका ही पकड़ सकती है। और यह सीमित तबका भी टेस्ला के लिए आसान नहीं होगा। भारत में मर्सिडीज–बेंज, बीएमडब्ल्यू और पोर्शे पहले से इस प्रीमियम सेगमेंट में मौजूद हैं। साल 2024 में भारत में 50 लाख से ऊपर की गाड़ियों की हिस्सेदारी मात्र 1 से 1.5% थी। यानी 100 में से सिर्फ एक या दो खरीदार ही इस रेंज में खर्च करते हैं। टेस्ला को इन्हीं के बीच अपनी जगह बनानी होगी।

## भारत की ईवी नीति और इंपोर्ट टैक्स बड़ी चुनौती

भारत की EV नीति और इंपोर्ट टैक्स भी टेस्ला के लिए बड़ी चुनौती हैं। फिलहाल जो मॉडल लॉन्च किए गए हैं, वे चीन की शंघाई फैक्ट्री से आयातित हैं। भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर 70% से ज्यादा इंपोर्ट ड्यूटी लगती है। यही कारण है कि टेस्ला की कीमतें भारत में दो गुना हो जाती हैं। अगर कंपनी भारत में मैन्युफैक्चरिंग शुरू करती है और सरकार की नई EV नीति के तहत 4,150 करोड़ का निवेश करती है, तो उसे इंपोर्ट ड्यूटी में राहत मिल सकती है। लेकिन मस्क इस पर अब तक कोई साफ संकेत नहीं दे पाए हैं। अब बात करें ब्रांड के भावनात्मक पक्ष की। भारत में आईफोन जैसे महंगे ब्रांड्स की भी सीमित पहुंच है। आज भी भारत में एप्पल की बाजार हिस्सेदारी केवल 7–12% है, जबकि अमेरिका में यह 40% के आसपास है। इसका सीधा अर्थ है कि भारत के मध्यम वर्ग में महंगे ब्रांड्स का क्रेज तो है, लेकिन जेब उतनी मजबूत नहीं। ऐसे में टेस्ला को भी वही चुनौती झेलनी होगी, जो एप्पल झेल रही है "ब्रांड दिखे, पर बिके नहीं।" उद्योग जगत भी इस एंट्री को लेकर सतर्क है। एक प्रमुख भारतीय ऑटोमोबाइल ग्रुप के अध्यक्ष ने तो एलन मस्क को सोशल मीडिया पर चुनौती देते हुए लिखा "चार्जिंग स्टेशन पर मिलते हैं!" यह सिर्फ एक मजाक नहीं, बल्कि एक सीधा संदेश है कि टेस्ला को भारतीय ब्रांड्स हल्के में नहीं लेने वाले। टाटा मोटर्स और महिंद्रा जैसी कंपनियां पहले ही 10 से 25 लाख की रेंज में EV गाड़ियाँ उपलब्ध करा रही हैं, जो आम भारतीयों की जरूरत और बजट दोनों से मेल खाती हैं।

## भारत का चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर एक बड़ी चुनौती

- अब सवाल यह भी है कि क्या भारत का चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर टेस्ला जैसे ब्रांड को सपोर्ट करने के लिए तैयार है? फिलहाल नहीं। टेस्ला ने भले ही मुंबई और दिल्ली मेंसुपरचार्जिंग स्टेशन लगाने की योजना बनाई हो, लेकिन पूरे देश में नेटवर्क बनाना एक लंबी प्रक्रिया है। और जब तक यह नेटवर्क तैयार नहीं होता, तब तक टेस्ला का बाजार केवल दिखावे तक सीमित रहेगा। टेस्ला का भविष्य इस पर भी निर्भर करेगा कि वह भारतीय ग्राहकों के लिए क्या पेशकश करती है। अगर टेस्ला भविष्य में 40–45 लाख की रेंज में कोई मॉडल लाती है, तो वह मिड प्रीमियम ग्राहकों को आकर्षित कर सकती है। ये वही ग्राहक हैं जो 30 लाख की गाड़ी खरीदने की हैसियत रखते हैं और ब्रांड वैल्यू के लिए थोड़ा और खर्च करने को तैयार रहते हैं। लेकिन जब सामने टाटा, महिंद्रा और हुंडई जैसे भरोसेमंद ब्रांड हों, तो टेस्ला को केवल ब्रांड इमेज के सहारे सफलता नहीं मिलेगी। इतिहास भी यही कहता है। हर्ले डेविडसन, शेव्रले और फोर्ड जैसी कंपनियों ने भी भारत में धमाकेदार एंट्री की थी, लेकिन कुछ वर्षों बाद उन्हें भारत छोड़ना पड़ा। वजह साफ थी भारतीय बाजार को समझने में चूक। सिर्फ नाम और टेक्नोलॉजी से भारत में गाड़ी नहीं बिकती, यहां लोगों की जरूरत, खर्च की सीमा और सेवा नेटवर्क की अहम भूमिका होती है।
- भारत में EV का भविष्य उज्ज्वल है, लेकिन अभी शुरुआती दौर में है। 2025 तक कुल गाड़ियों की बिक्री में EV की हिस्सेदारी केवल 4% रहने का अनुमान है। ऐसे में टेस्ला को जल्दबाजी नहीं, बल्कि रणनीति से काम लेना होगा। उसे भारत के लिए खास मॉडल, कीमत और सर्विस नीति बनानी होगी। टेस्ला की भारत में एंट्री एक नई शुरुआत है, लेकिन इसका भविष्य इस पर निर्भर करेगा कि क्या एलन मस्क भारत को सिर्फ एक बाजार नहीं, बल्कि एक साझेदार मानते हैं। अगर वह भारत में उत्पादन, रोजगार और तकनीक साझा करते हैं, तो उन्हें भारत का दिल भी मिलेगा और बाजार भी। वरना यह एंट्री भी एक शानदार लेकिन अल्पकालिक तमाशा बनकर रह जाएगी।



## ऑटो टिप्स



# बारिश में क्यों फटते हैं गाड़ी के टायर

टायर फटना यानी खतरे का संकेत। अचानक होने वाली घटना होती है टायर फटना, खासकर जब आप कहीं जा रहे हो। टायर फटने की वजह से कई बार बड़े हादसे होते हैं जिनकी वजह से लोगों की जान तक चली जाती है। अक्सर देखने में आता है कि लोग गाड़ी का ध्यान तो खूब रखते हैं लेकिन टायर्स की देखभाल नहीं करते और बाद में उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है। बारिश में टायर फटना आम बात है। बारिश के गड्ढों में ईंट या गिट्टी की कचक से भी टायर कई बार फट जाते हैं जब गड्ढे में गाड़ी हिचकोले खाते हुए अंदर से बाहर सड़क पर आती है। अगर टायर में हवा जरूरत से ज्यादा है तो टायर फट सकता हैं। कम हवा होने पर टायर ज्यादा गर्म होता है और दीवारें झुकती हैं, जिससे ब्लोआउट का खतरा बढ़ता है।

## ओवरलोडिंग

- गुरुनानक आटोमोबाइल्स के आनर्स राजू बताते हैं कि जब गाड़ी की क्षमता से ज्यादा लोड डाला जाता है, तो टायरों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और तेज रफ्तार पर टायर ब्लास्ट हो सकता है। वे बताते हैं कि पंक्चर, कील, तेज पत्थर या कोई नुकीली वस्तु टायर की सतह को डैमेज कर देती है। हाईवे पर तेज रफ्तार में गड्ढे में लगने से टायर का साइडवॉल फट सकता है।

## पुराने या घिसे हुए टायर

- कंपनी डीलर्स के मुताबिक टायर की उम्र 5–6 साल होती है या अधिकतम 40,000–50,000 किमी तक। घिसे हुए टायरों की ग्रिप कम होती है और रबर सख्त होकर क्रैक करने लगता है, जिससे ब्लोआउट हो सकता है। टायर फटने का एक कारण यह भी माना जाता है कि अगर टायर सही ढंग से फिट नहीं किया गया है या रिम खराब है, तो टायर संतुलन खो सकता है और फट सकता है।

**परिवारों में तेजी से बढ़ रही है शिक्षित मेड की मांग**

**मुंबई।** दोहरी आय वाले परिवारों की बढ़ती संख्या और दैनिक काम के लिए बाहरी सहायता पर बढ़ती निर्भरता के कारण शिक्षित घरेलू सहायक-सहायिकाओं (मेड) की मांग कई गुना बढ़ गई है। भर्ती मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, विभिन्न शिक्षा स्तर वाले घरेलू सहायकों की भूमिकाओं में 2024 में सालाना आधार पर तेज वृद्धि हुई। इस दौरान 10वीं कक्षा से कम शिक्षा प्राप्त लोगों की मांग में 112 प्रतिशत की वृद्धि हुई।


अमृत विचार

कानपुर, सोमवार, 28 जुलाई 2025

www.amritvichar.com




## बिजीनेस ब्रीफ

### एक्सपो में 4,000 से ज्यादा ब्रांड का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में स्थित भारत मंडपम में आयोजित तीन दिन के गिफ्ट वर्ल्ड एक्सपो-2025 में 650 प्रदर्शकों ने 4,000 से ज्यादा ब्रांड का प्रदर्शन किया। आयोजक मेक्स एक्जीबिशन्स प्राइवेट लिमिटेड ने बताया कि 24 से 26 जुलाई तक आयोजित इस अंतरव्यापारिक (बी2बी) प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में आगंतुकों ने हिस्सा लिया। इसमें भारत के कोने-कोने से आए कॉरपोरेट खरीदार, सोर्सिंग प्रमुख, खुदरा विक्रेता, संस्थागत खरीदार और उद्यमी शामिल हुए। आयोजक ने बताया कि 650 से अधिक प्रदर्शकों, 4,000 से अधिक ब्रांड और 30,000 से अधिक उत्पादों के प्रदर्शन के साथ, इस प्रदर्शनी ने व्यक्तिगत, कॉरपोरेट, उत्सव और लक्जरी गिफ्टिंग खंड के लिए एक प्रमुख सोर्सिंग केंद्र के रूप में अपना योगदान दिया।

### 12,000 कर्मियों की छंटनी करेगी टीसीएस

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) इस साल अपने वैश्विक कार्यबल के लगभग दो प्रतिशत या 12,261 कर्मचारियों की छंटनी करने वाली है, जिनमें से ज्यादातर मध्यम और वरिष्ठ स्तर के होंगे। टीसीएस के कर्मचारियों की संख्या 30 जून, 2025 तक 6,13,069 थी। हाल ही में समाप्त अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी ने अपने कर्मचारियों की संख्या में 5,000 की वृद्धि की। टीसीएस ने एक बयान में कहा कि यह कदम कंपनी की भविष्य के लिए तैयार संगठन बनने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

### सेंसेक्स की 6 कंपनियों का मार्केट कैप घटा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2.22 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। बसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 294.64 अंक या 0.36 प्रतिशत नीचे आया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 2,22,193.17 करोड़ रुपये की गिरावट आई।

# सभी अर्थव्यवस्थाओं में भारत की स्थिति बेहतर

## आरबीआई की एमपीसी के सदस्य नागेश ने कहा- 6.5 % की दर से आगे बढ़ने में कोई चुनौती नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**




भारतीय अर्थव्यवस्था तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है और चालू वित्त वर्ष (2025-26) में इसे 6.5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल करने में किसी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ेगा। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य नागेश कुमार ने रविवार को यह बात कही।

कुमार ने एक साक्षात्कार में कहा कि दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं में भारत की स्थिति बेहतर बनी हुई है। उन्होंने कहा, वास्तव में, एक-तिहाई से ज्यादा वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं ऋण संकट से जूझ रही हैं, औद्योगिकीकृत अर्थव्यवस्थाएं भारी दबाव, ऊंची मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि में सुस्ती का सामना कर रही हैं। कुमार ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था निर्यात या व्यापार से अधिक घरेलू खपत और घरेलू निवेश पर टिकी है। इस वजह से आज भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, मुझे चालू वित्त वर्ष और अगले साल भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने की राह में कोई दिक्कत नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा, और, आप जानते हैं, उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भी इस तरह की वृद्धि जारी रहेगी, और एक समय यह सात से 7.5 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी। पिछले वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में भी देश की अर्थव्यवस्था इसी दर से बढ़ेगी। मुद्रास्फीति पर एक सवाल पर कुमार ने कहा कि वर्तमान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति लगभग दो प्रतिशत है और यह काफी हद तक एमपीसी (मौद्रिक नीति समिति) या आरबीआई द्वारा अपनाई गई नीति का परिणाम है। और अब यह लक्ष्य के दायरे में आ गई है।

यह पूछे जाने पर कि क्या आरबीआई के लिए आगे दरों में कटौती की गुंजाइश है, उन्होंने कहा, यह केवल मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर ही नहीं, बल्कि सभी विभिन्न वृहद आंकड़ों पर निर्भर करेगा। अगर मुद्रास्फीति किसी महीने में दो प्रतिशत तक नीचे आ जाती है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि यह इसी स्तर पर रहेगी। केंद्रीय बैंक ने इस साल प्रमुख नीतिगत दर रेपो में एक प्रतिशत की कटौती की है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि जून में मुख्य मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले घटकर 2.1 प्रतिशत रह गई है। आरबीआई की छह सदस्यीय मौद्रिक समिति अगस्त में अपनी अगली द्विमासिक नीति की घोषणा करने वाली है। कुमार ने कहा, इसलिए, एमपीसी न केवल मुद्रास्फीति के आंकड़ों, बल्कि अन्य सभी वृहद मापदंडों के रुझान पर भी गौर करेगी। इन्हीं के आधार पर एमपीसी को किसी निष्कर्ष पर पहुंचना होगा। सरकार ने आरबीआई को मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है।

### अमेरिका से समझौता हुआ तो हमारे लिए विशाल बाजार के रास्ते खुलेंगे

अमेरिका के साथ भारत के प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर एक सवाल के जवाब में, कुमार ने कहा, अगर हम इस समझौते को पूरा कर पाते हैं, तो हमें श्रम-प्रधान क्षेत्र में अमेरिका के विशाल बाजार तक पहुंच प्राप्त होगी, जहां भारत को अपने प्रचुर श्रम संसाधनों के कारण प्रतिस्पर्धी लाभ प्राप्त है। उन्होंने बताया कि भारत को अपने कृषि क्षेत्र, डेयरी क्षेत्र और कुछ अन्य क्षेत्रों को खोलने को लेकर कुछ चिंताएं हैं। यह देखते हुए कि व्यापार वार्ताएं लेन-देन पर आधारित होती हैं। उन्होंने कहा, कुछ बातों को ध्यान में रखते हुए, हम बाजार खोलने पर सहमत होते हैं, लेकिन एक कोटा निर्धारित किया जा सकता है। इससे भागीदार देश को सीमित मात्रा में शुल्क लाभ सीमित अवधि के लिए मिलेगा। एफडीआई पर एक सवाल के जवाब में कुमार ने कहा कि जहां तक कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का संबंध है तो यह 71 अरब डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 81 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, तो अच्छी वृद्धि है।

# सोने ने पहली छमाही में दिया 27% रिटर्न, नए निवेश से बचें: विशेषज्ञ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में सुधार के साथ, सोने की कीमतों में कमी आ सकती**



सोना एक सुरक्षित निवेश परिसंपत्ति के रूप में अपनी मजबूती बनाए हुए है और 2025 की पहली छमाही में इस बहुमूल्य धातु ने निवेशकों को लगभग 27 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में सुधार के साथ निवेशकों को मौजूदा स्तर पर सोने में नए निवेश से बचने की जरूरत है। उनका कहना है कि सोने में मौजूदा तेजी लंबी खिंचती दिख रही है। ऐसे में कीमतें फिर से बढ़ने से पहले कुछ समय के लिए थम सकती हैं और इसमें कुछ गिरावट आ सकती है।

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, सोना एक सुरक्षित निवेश परिसंपत्ति के रूप में अपनी पारंपरिक मजबूती बनाये हुए है। एमसीएक्स में सोना इस साल की पहली छमाही में करीब 27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 76,772 रुपये प्रति 10 ग्राम से जून, 2025 के अंत में 96,075 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। और अगर हम चालू वित्त वर्ष की शुरुआत अप्रैल, 2025 से बात करें, तो सोने ने निवेशकों को लगभग 33 प्रतिशत का उल्लेखनीय रिटर्न दिया है। पिछले साल के बेहतर रिटर्न के साथ यह सभी परिसंपत्ति वर्गों में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले निवेश उत्पादों में से एक बन गया है। मौजूदा हालात में सोने में निवेश के बारे में पूछे जाने पर कलंत्री ने कहा, 2025 की पहली छमाही निश्चित रूप से सोने के लिए अनुकूल थी, लेकिन अब वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में सुधार के साथ, सोने की कीमतों में कमी आ सकती है। ऐसे में हमारी निवेशकों को मौजूदा स्तर पर सोने में नए निवेश से बचने की सलाह है। अल्पकाल के लिए निवेश करने वाले निवेशक अपने पोर्टफोलियो का कुछ हिस्सा चांदी में लगाने पर विचार कर सकते हैं।

# समयबद्ध सेवाएं देने के लिए मंत्रालयों के लिए बने कानून

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **देरी या कमियों के लिए दंड और एक मजबूत शिकायत निवारण ढांचा भी हो शामिल : सीआईआई**



भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को केंद्रीय मंत्रालयों के व्यवसायों को समयबद्ध सेवाएं देने की गारंटी के लिए एक केंद्रीय कानून बनाने की अपील की। सीआईआई ने यह भी कहा कि इसमें देरी या कमियों के लिए दंड और एक मजबूत शिकायत निवारण ढांचा भी शामिल होना चाहिए।

भारतीय उद्योग परिसंघ ने तर्क दिया कि यह सुधार नियामकीय निश्चितता को मजबूत करने, पूर्वानुमान को बढ़ाने और भारत में समग्र रूप से कारोबारी सुगमता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। उद्योग मंडल ने कहा कि एक प्रमुख चुनौती मंजूरी की समयसीमा को लेकर अनिश्चितता के बारे में है, जिससे देरी और लागत में वृद्धि होती है। सीआईआई ने कहा कि इस मुद्दे का समाधान करने से भरोसा मजबूत होगा और समय पर सेवाएं देने में मदद मिलेगी।

# कुछ सरकारी बैंकों की बचत जमा दरें ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर

**मुंबई।** आरबीआई अनुसार 2011 में विनियमन मुक्त होने के बाद से सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बैंकों (पीएसबी) की बचत जमा दरें ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर हैं। पीएसबी और निजी क्षेत्र के बैंकों, दोनों की नई जमाओं के लिए भारित औसत घरेलू सावधि जमा दरों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। आरबीआई के बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है, इस समय कुछ बैंकों की बचत जमा दरें 2011 में विनियमन मुक्त होने के बाद से निचले स्तर पर हैं। अक्टूबर, 2011 में बचत बैंक जमा ब्याज दर को विनियमन मुक्त कर दिया था, और बैंकों को अपनी इच्छानुसार ब्याज दर निर्धारित करने की अनुमति दी थी।

# एफटीए: उद्योगों की जागरूकता के लिए होंगी 1,000 बैठकें

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **उद्योग और राज्यों को जागरूक करने के लिए अगले 20 दिन होंगे कार्यक्रम**

सरकार भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते पर उद्योग और राज्यों को जागरूक करने के लिए अगले 20 दिन में देशभर में हितधारक बैठकों, कार्यशालाओं, जागरूकता अभियानों और रायशुमारी सत्रों सहित कुल 1,000 संपर्क कार्यक्रम आयोजित करेगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

इस कवायद का मकसद 24 जुलाई को हस्ताक्षरित व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करना और इसके लाभ को अधिकतम करना है। संबंधित मंत्रालय भी समझौते पर कार्यक्रम आयोजित करेंगे। केंद्रीय दल इस व्यापार समझौते के फायदों के बारे में जानकारी देने के लिए विभिन्न राज्यों का दौरा भी करेंगे। उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सोमवार को यहां व्यापार समझौते पर चमड़ा और वस्त्र क्षेत्र के साथ बैठक करेंगे।

इसके साथ ही कार, सौंदर्य प्रसाधन और व्हिस्की जैसे ब्रिटिश उत्पादों पर शुल्क भी कम हो जाएगा। गोयल ने 26 जुलाई को कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें पहले ही विशिष्ट उद्योग क्षेत्रों से बात करने का निर्देश दिया है, जो इस समझौते के लागू होने के बाद अब अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। संसद सत्र चलने तक मैं हर क्षेत्र के साथ क्षेत्रीय बैठकें करूंगा और उसके बाद सभी राज्यों का दौरा करूंगा। भागलपुर सिल्क (बिहार), पश्मीना शॉल (जम्मू और कश्मीर), कोल्हापुरी चप्पल (महाराष्ट्र) और तंजावुर गुड़िया (तमिलनाडु) अब ब्रिटेन भर के मॉल और दुकानों में प्रमुखता से दिखाई देगी।

### ब्रिटेन को शुल्क में राहत की पेशकश

**नई दिल्ली।** भारत ने हाल ही में हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत पेस्ट्री, पालतू पशुओं के भोजन, सौंदर्य प्रसाधन और माइक्रोवेव ओवन सहित कई ब्रिटिश वस्तुओं पर शुल्क में रियायतें दी हैं, जबकि घरेलू हितों की रक्षा के लिए संवेदनशील क्षेत्रों को इससे बाहर रखा है। पिछले बृहस्पतिवार को हस्ताक्षरित व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) केक, प्रोटीन कॉन्संट्रेट, पशुओं के भोजन, साबुन, शेविंग क्रीम, डिटर्जेंट, और एयर कंडीशनर (एसी) व वाशिंग मशीन जैसे घरेलू उपकरणों जैसे ब्रिटिश उत्पादों तक शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करता है।



# ऑपरेशन सिंदूर से साबित हुआ आतंकियों व भारत के दुश्मनों के लिए कोई स्थान सुरक्षित नहीं: मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा - सीमा पार सैन्य कार्रवाई ने पूरे देश में आत्मविश्वास पैदा किया

**गंगईकोंडा चोलपुरम, एजेंसी**



तमिलनाडू के राज्यपाल प्रधानमंत्री मोदी को तस्वीर भेंट करते हुए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया को दिखाया कि अगर भारत की संप्रभुता पर हमला हुआ, तो वह किस तरह जवाब देगा और सीमा पार सैन्य कार्रवाई ने पूरे देश में एक नया आत्मविश्वास पैदा किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां चोल सम्राट राजेंद्र चोल के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह भी साबित कर दिया कि भारत को निशाना बनाने वाले दुश्मनों और आतंकवादियों के लिए कोई पनाहगाह नहीं है।

यह कार्यक्रम महान चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती को रेखांकित करता है, जिसे 'आदि तिरुवथिरई' (तमिल माह आदि में राजा का जन्म नक्षत्र तिरुवथिरई है) उत्सव के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में कहा, दुनिया ने देखा कि अगर कोई भारत की सुरक्षा और संप्रभुता पर हमला करता है, तो वह कैसे जवाब देता है। उन्होंने कहाजब मैं हेलीपैड से यहां आया, तो तीन-चार किलोमीटर की दूरी अचानक एक रोड शो में बदल गई, और हर कोई ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा कर रहा था। कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश में एक नई जागृति, एक नया आत्मविश्वास पैदा किया है। दुनिया को भारत की ताकत का एहसास होना चाहिए। मोदी ने कहा कि सम्राट राजराज चोल व उनके पुत्र राजेंद्र चोल-प्रथम के नाम भारत की पहचान और गौरव के पर्याय हैं। मोदी ने कहा कि लोकतंत्र पर टिप्पणी करते हुए कई लोग ब्रिटेन के मैग्नाकार्टा का जिक्र करते हैं, जबकि चोल कालीन 'कुडवोलाई प्रणाली' उससे भी पुरानी है।

### लगाई जाएंगी चोल सम्राट व उनके पुत्र राजेंद्र चोल प्रथम की भव्य प्रतिमाएं

प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु में रविवार को प्रतिष्ठित चोल सम्राट राजराजा चोल और उनके पुत्र राजेंद्र चोल प्रथम की भव्य प्रतिमाओं का निर्माण कराने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित आदि तिरुवथिरई महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि ये प्रतिमाएं भारत की ऐतिहासिक चेतना के आधुनिक स्तंभ को प्रतिबिंबित करेंगी।

# निर्वाचन आयोग एसआईआर पर करे पुनर्विचार : सिंघवी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि निर्वाचन आयोग को संस्थागत अहंकार नहीं रखना चाहिए और बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को रोकना चाहिए।

भाकपा (माले) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सांसद मनोज झा और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता नीलोत्पल बसु के साथ यहां आयोजित एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में सिंघवी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा की जा रही कवायद एक नागरिकता परीक्षा बन गई है और उन्होंने इसकी वैधता पर सवाल उठाया।

### ग्लास ब्रिज



**रत्नागिरी :** महाराष्ट्र में साहसिक और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक रोमांचक नया अध्याय शुरू हो गया है। सिंधुदुर्ग जिले में वैभववाड़ी के पास नपने झरने पर बने पहले नवनिर्मित कांच के पुल का रविवार को उदघाटन किया गया। ● एजेंसी

# डामर संयंत्र में टैंकर में विस्फोट, तीन की मौत

**वडोदरा।** गुजरात में वडोदरा के पास एक संयंत्र में रविवार शाम डामर गर्म करने के दौरान एक टैंकर में विस्फोट हो गया, जिससे कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। भद्रवा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना वडोदरा जिले के सावली तालुका के मोक्षी गांव में हुई।

अधिकारी ने बताया कि वाहन से चिपके हुए डामर को बैरल में डालने के लिए एक टैंकर को गर्म किया जा रहा था, तभी उसमें विस्फोट हो गया और समीप खड़े तीन लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों में वाहन का चालक और खलासी के साथ-साथ एक मजदूर भी शामिल है।

# उद्धव को जन्मदिन की बधाई देने मातोश्री पहुंचे राज ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी**



मनसे के प्रमुख राज ठाकरे ने अपने चचेरे भाई एवं शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता उद्धव ठाकरे से रविवार को मुलाकात कर उन्हें उनके 65वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। राज दादर स्थित अपने आवास 'शिवतीर्थ' से उद्धव के बांद्रा स्थित आवास 'मातोश्री' पहुंचे।

उद्धव ने अपनी पार्टी के सांसद संजय राउत के साथ मुंबई स्थित मातोश्री बंगले के प्रवेश द्वार पर अपने चचेरे भाई का स्वागत किया। राज ने उद्धव को लाल गुलाब का एक बड़ा गुलदस्ता भेंट किया। राज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मेरे बड़े भाई, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के जन्मदिन के अवसर पर, मैं अपनी शुभकामनाएं देने के लिए दिवंगत माननीय बालासाहेब ठाकरे के निवास मातोश्री गया। मुलाकात की एक तस्वीर भी साझा की, जिसमें पृष्ठभूमि में उनके चाचा और उद्धव के पिता बाल ठाकरे की तस्वीर लगी हुई दिखाई दे रही है।

# शिक्षा ऐसी हो जो अपने दम पर जीवित रहने में मदद करे: भागवत

**कोच्चि।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो किसी व्यक्ति को कहीं भी अपने दम पर जीवित रहने में मदद कर सके। यह भी कहा कि भारतीय शिक्षा त्याग और दूसरों के लिए जीना सिखाती है और अगर कोई चीज़ किसी व्यक्ति को स्वार्थी होना सिखाती है तो वह शिक्षा नहीं है। भागवत ने यह बात यहां आरएसएस से जुड़े शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन ज्ञान सभा में कही। कहा कि दुनिया ताकत की भाषा समझती है, इसलिए भारत को आर्थिक दृष्टि से शक्तिशाली-समृद्ध बनना होगा।

# हंगामे की भेंट चढ़े पहले सप्ताह के बाद पहलगाम हमले व ऑपरेशन सिंदूर पर छिड़ेगी तीखी बहस

- **राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े दो मुद्दों पर होंगे आमने-सामने**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

संसद के मानसून सत्र का पहला सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ने के बाद सोमवार से पहलगाम हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर तीखी बहस होने की संभावना है, क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े दो मुद्दों पर आमने-सामने होंगे।

भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी दलों द्वारा लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा के दौरान अपने शीर्ष नेताओं को मैदान में उतारे जाने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर इन मुद्दों पर सरकार का पक्ष रखेंगे। ऐसे संकेत हैं कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय सुरक्षा पर अपनी सरकार के 'मजबूत' रुख के ट्रैक रिकॉर्ड से अवगत कराने के लिए हस्तक्षेप कर सकते हैं। दोनों सदनों में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव तथा अन्य नेताओं के साथ मिलकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल सकते हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने 25 जुलाई को कहा था कि सत्र का पहला सप्ताह लगभग व्यर्थ चला गया था।

### राहुल पाकिस्तान के विमर्श को दोहरा रहे : भाजपा

**नई दिल्ली।** सत्तारूढ़ भाजपा ने रविवार को राहुल गांधी पर पाकिस्तान का विमर्श आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि पहलगाम हमले के बाद किसी भी देश ने भारत का समर्थन नहीं किया जबकि सत्तारूढ़ दल का दावा है कि 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद सभ्य दुनिया भारत के साथ खड़ी थी। भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पहलगाम आतंकी हमले के बाद राहुल गांधी ने पूछा : 'किसने समर्थन किया हमें?' वे लगातार पाकिस्तान की घिसी-पिटी रट दोहराते रहते हैं कि भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर अकेला पड़ गया है। आइए इस झूठ को पूरी तरह उजागर करें।

### निर्धारित चर्चा पर कांग्रेस बोली- देर आए दुरुस्त आए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर संसद में होने वाली चर्चा को लेकर रविवार को कहा कि यह चर्चा बहुत समय से लंबित थी लेकिन देर आए दुरुस्त आए। कांग्रेस ने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव को रुकवाने के अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप के दावों समेत संसद में सोमवार को होने वाली इस चर्चा की पृष्ठभूमि से जुड़ी घटनाओं पर प्रकाश डाला। पार्टी नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, लोकसभा में कल से पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर 16 घंटे की बहस शुरू होगी और राज्यसभा में यह बहस परसों होगी।

# शिक्षा मंत्रालय ने जेएनयू कुलपति से सफाई मांगी

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धुलीपुडी पंडित से एक महत्वपूर्ण सम्मेलन में उनकी अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह पाया गया कि पंडित बिना औपचारिक अनुमति के केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के सम्मेलन में शामिल नहीं हुईं। इस मुद्दे पर जेएनयू की कुलपति की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

सूत्र ने कहा, पंडित की अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया गया है। ऐसी परिस्थितियों में कुलपतियों को पूर्वानुमति लेनी होती है। कुलपतियों के सम्मेलन के साथ ही जेएनयू में एक सम्मेलन आयोजित किया जाना था। लेकिन यह ध्यान में रखा जाना चाहिए था कि इस सम्मेलन के लिए निमंत्रण बहुत पहले ही दे दिया गया था। शिक्षा मंत्रालय ने 10-11 जुलाई को गुजरात के केवडिया में केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया था।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### श्रीनगर के अमरेश्वर मंदिर में छड़ी स्थापना

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के तहत रविवार सुबह श्रीनगर के श्री अमरेश्वर मंदिर में 'छड़ी स्थापना' समारोह का आयोजन किया गया। महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में साधुओं के एक समूह ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दो घंटे से अधिक समय तक चले इस अनुष्ठान को संपन्न कराया। इस मौके पर गिरि ने कहा कि छड़ी मुबारक (पवित्र गदा) को चार अगस्त को तीर्थयात्रा के मुख्य मार्ग पर रवाना होने तक श्रीनगर के दशनामी अखाड़ा भवन स्थित मंदिर में दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसमें एक भगवान शिव और दूसरी देवी पार्वती की है।

### ऑस्ट्रेलिया में भारतीय पर जानलेवा हमला

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में कुछ किशोरों ने भारतीय मूल के 33 वर्षीय एक व्यक्ति पर धारदार हथियार से क्रूरता के साथ हमला कर दिया जिससे उसे कई चोट पहुंची हैं और उसका हाथ भी लगभग कट गया है। पुलिस के अनुसार, सौरभ आनंद 19 जुलाई को मेलबर्न के अल्टोना मीडोज में सेंट्रल स्क्वायर शॉपिंग सेंटर के एक दवाखाने से दवाइयां लेने के बाद घर जा रहे थे, तभी किशोरों ने पीछे से उनपर हमला कर दिया। आरोपियों ने आनंद पर हमला करने से पहले उसे जमीन पर गिरा दिया। पुलिस ने तीन किशोरों को गिरफ्तार किया है।

### रूस में विस्फोट से सात लोगों की मौत

**मास्को।** रूस के सारातोव क्षेत्र की एक इमारत में हुए गैस विस्फोट के बाद बचावकर्मियों ने मलबे से सातवें पीड़ित का शव बरामद किया है। क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग के मुताबिक 16 लोगों ने चिकित्सा सहायता की मांग की है तथा एक बच्चे सहित चार अन्य लोगों की जानकारी प्राप्त नहीं है। शुक्रवार को एक दस मंजिला इमारत में गैस विस्फोट हुआ जिससे सातवीं से दसवीं मंजिल तक का प्रवेश द्वार नष्ट हो गया। अधिकारियों के अनुसार पता चला है कि इस विस्फोट का प्रारंभिक कारण गैस रिसाव है।

### नायडू का सिंगापुर में तेलुगु पढ़ाने का आह्वान

**सिंगापुर।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को सिंगापुर के स्कूलों में तेलुगु को दूसरी भाषा के रूप में पढ़ाए जाने का आह्वान किया। नायडू ने यहां प्रवासी भारतीयों के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वह आंध्र प्रदेश को एक निवेश गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करने के लिए पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। मुख्यमंत्री ने दुनियाभर की बहुराष्ट्रीय कंपनियों के तेलुगु मूल के सीईओ की विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए सीएक्सओ क्लब का भी उद्घाटन किया।

# गूगल मैप ने फिर दिया धोखा खाई में गिरी महिला की कार

**मुंबई, एजेंसी**



● गलत मोड़ लेने के कारण दुर्घटना हुई, पुलिस ने महिला को बचाया

नवी मुंबई में अपने गंतव्य तक जाने के लिए 'गूगल मैप्स' की मदद ले रही एक महिला की कार गलत मोड़ लेने के कारण खाई में गिर गई। पुलिस ने महिला को बचा लिया है।

पुलिस ने बताया कि महिला को बचा लिया गया। यह घटना शुक्रवार रात करीब एक बजे महाराष्ट्र में नवी मुंबई के बेलापुर इलाके में हुई। बेलापुर पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि महिला 'बे ब्रिज' जाने के बजाय 'गूगल मैप्स' के निर्देश पर गलत मोड़ लेकर ध्रुवतारा जेट्टी पहुंच गई और उसकी कार खाई में गिर गई।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने समुद्री सुरक्षा दल, उसकी नौका और स्थानीय प्राधिकारियों की मदद से महिला को बचा लिया। अधिकारी ने बताया कि घटना के समय नवी मुंबई के खारघर इलाके में सैलून का व्यवसाय करने वाली महिला अपनी कार से बेलापुर से उल्वे स्थित अपने घर जा रही थी। गूगल मैप्स की वजह से इससे पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

# गिग नौकरियों का बाजार

### भारत में तेजी से बढ़ रहा है

गिग नौकरियों का अर्थ रोजगार के वह लचीला लेकिन अनौपचारिक रूप है, जिसमें काम करने वाले लोग यानी गिग वर्कर किसी संगठन से स्थाई रूप से नहीं जुड़ने के बजाय अस्थाई या प्रोजेक्ट आधारित काम करते हैं। स्थाई रोजगार की कमी से उपजा गिग नौकरियों का बाजार दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से बढ़ रहा है और आज की बदलती अर्थव्यवस्था का एक अहम हिस्सा बन चुका है। नीति आयोग का अनुमान है कि अगले पांच साल में गिग नौकरियों की तादाद में तीन गुना से भी ज्यादा वृद्धि हो सकती है। इस तरह गिग नौकरियां 21वीं सदी के कार्य ढांचे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन रही हैं। यह युवाओं और अस्थाई रूप से बेरोजगार लोगों के लिए एक अवसर है लेकिन इससे जुड़ी सामाजिक सुरक्षा नीतियां पूरी तरह लागू होने तक इसे स्थाई और सुरक्षित रोजगार का विकल्प नहीं कहा जा सकता।



### क्या हैं गिग नौकरियां

गिग नौकरियों में व्यक्ति एक निश्चित समय या कार्य के लिए काम करता है, जैसे- कैब ड्राइवर, फ्रीलांसर कंटेंट राइटर या ग्राफिक डिजाइनर, फूड डिलीवरी एग्जीक्यूटिव, ऑनलाइन ट्यूटर या डिजिटल मार्केटिंग, डेटा एंट्री जैसे कार्य करने वाले फ्रीलांस वर्कर।

### कितनी तरह की ये नौकरियां

- बड़ी संख्या प्लेटफॉर्म आधारित गिग नौकरियां हैं। इनमें टैक्सी सेवाएं या फूड डिलीवरी जैसे काम शामिल हैं।
- फ्रीलांस पेशेवर भी इसी श्रेणी में आते हैं। इनमें लेखक, डिजाइनर, वीडियो एडिटर, अनुवादक जैसे वर्कर होते हैं।
- डेटा एंट्री ऑपरेटर, ऑनलाइन सर्वे और ट्रांस्क्रिप्शन करने वाले लोग माइक्रो गिग वर्कर की श्रेणी में आते हैं।
- तकनीकी, वित्तीय या कानूनी सलाह की सेवाएं देने वाले पेशेवर को कंसल्टिंग गिग वर्कर कहा जाता है।
- शिल्प या हस्तशिल्प आधारित गिग वर्कर भी होते हैं जिन्हें कई अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर काम मिलता है।

### वृद्धि के कारण

- डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का प्रसार और कोविड-19 के बाद नौकरियों में लचीलापन चाहने की प्रवृत्ति।
- कंपनियों का लागत कम करना, स्थाई कर्मचारियों के बजाय गिग वर्कर्स हायर करना सस्ता होता है।
- बेरोजगारी और नौकरियों की कमी की वजह से भी युवाओं को यह विकल्प चुनना पड़ रहा है।
- स्टार्टअप संस्कृति का विकास भी एक कारण है। क्योंकि स्टार्टअप्स गिग इकोनॉमी पर निर्भर होते हैं।
- गिग इकॉनमी की वृद्धि में बेरोजगारी एक बड़ा कारक है। युवा स्थाई नौकरी का विकल्प इसमें देखते हैं।

### देश में कितने गिग वर्कर

- नीति आयोग की वर्ष 2022 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में लगभग 77 लाख गिग वर्कर हैं।
- इसमें तेजी से वृद्धि हो रही है और यह संख्या 2029-30 तक 2.35 करोड़ तक पहुंच सकती है।
- भारत में गिग वर्कर्स का हिस्सा कुल कार्यबल का 1.5% है जो कुछ वर्षों में 4.1% हो सकता है।

### सरकारी नीतियां

- सरकार ने कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी लागू किया है जिसमें गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की सिफारिश की गई है।
- ई श्रम पोर्टल पर देश भर के असंगठित श्रमिकों के लिए एक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाया गया है जिसमें गिग वर्कर भी शामिल हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

**सकारात्मक :** रिपोर्ट्स कहती हैं कि गिग इकॉनमी भारत में रोजगार का बड़ा स्रोत बन सकती है। यह महिलाओं और दिव्यांगों के लिए भी अवसर खोलती है।

**चिंताएं :** आईएलओ और कुछ अर्थशास्त्री कहते हैं कि गिग जॉब्स में शोषण की संभावना अधिक होती है। इनके लिए कोई नियम-कायदे और लाभ तय नहीं हैं।

# गाजा के तीन क्षेत्रों में रोज 10 घंटे लड़ाई रोकने पर माना इजराइल

## अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बाद मानवीय मदद पहुंचाने को सुरक्षित मार्ग बनाने की घोषणा

**दीर अल बलाह, एजेंसी**

इजराइल की सेना ने रविवार को गाजा के तीन घनी आबादी वाले क्षेत्रों में प्रतिदिन 10 घंटे के लिए लड़ाई रोकने की शुरुआत की। यह कदम इस क्षेत्र में बढ़ती भुखमरी की चिंताओं मद्देनजर उठाया गया है। इजराइल 21 महीने से चल रहे युद्ध में अपने आचरण की वजह से अंतरराष्ट्रीय आलोचना का सामना कर रहा है।

इजराइली सेना ने कहा है कि वह बड़ी आबादी वाले गाजा सिटी, दीर अल-बलाह और मुवासी में सीमित समय के लिए युद्ध रोकेगी, ताकि मानवीय सहायता का दायरा बढ़ाया जा सके। यह रोक रविवार से शुरू होकर अगली सूचना तक स्थानीय समयानुसार प्रतिदिन पूर्वाह्न 10:00 बजे से रात 8:00 बजे तक रहेगी। सेना के मुताबिक, वह सहायता पहुंचाने के लिए सुरक्षित मार्ग बनाएगी और पहले ही गाजा में हवाई मार्ग से सहायता पहुंचाई है, जिसमें आटा, चीनी और डिब्बाबंद खाद्य सामग्री शामिल है।

खाद्य विशेषज्ञ महीनों से गाजा में भुखमरी के खतरे की चेतावनी दे रहे हैं क्योंकि इजराइल ने सहायता पर रोक लगा दी थी। उनका कहना है कि हमास अपने शासन को मजबूत करने के लिए दैनिक उपयोग की वस्तुओं में गबन करता है। हालांकि, इस दावे के लिए कोई सबूत नहीं दिया गया है। हाल के दिनों में गाजा से कमजोर बच्चों की तस्वीरें सामने आई थीं, जिसके बाद इजराइल की वैश्विक आलोचना तेज हो गई। आलोचना करने वालों में उसके करीबी भी हैं और उन्होंने युद्ध और इससे उत्पन्न मानवीय त्रासदी को समाप्त करने का आह्वान किया है।

संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी ने सहायता प्रतिबंधों में ढील देने के कदमों का स्वागत किया, लेकिन कहा कि गाजा में जरूरतमंद सभी लोगों तक सामान पहुंचाने के लिए व्यापक युद्धविराम की आवश्यकता है। इससे पहले, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इजराइल के अलग-अलग हमलों में कम से कम 27 फलस्तीनी मारे गए हैं।



उत्तरी गाजा में रविवार को इजराइल की बमबारी के बाद उठते धुएं के गुबार। ● एजेंसी

### मिस्र-फ्रांस के राष्ट्रपति ने युद्धविराम पर की चर्चा

**काहिरा।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अलसीसी ने शनिवार को अपने फ्रांसीसी समकक्ष इमैनुएल मैक्रों के साथ फोन पर बातचीत कर गाजा पट्टी में युद्धविराम के लिए मध्यस्थता के प्रयासों पर चर्चा की। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा, दोनों नेताओं ने गाजा के लोगों को पर्याप्त मानवीय सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय प्रस्तावों के अनुसार फिलिस्तीन मुद्दे का न्यायसंगत समाधान निकालने की जरूरत पर भी बल दिया। सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र के दौरान फिलिस्तीन को मान्यता देने के मैक्रों की घोषणा का स्वागत करते हुए सिसी ने कहा कि यह निर्णय दोराष्ट्र समाधान को लागू करने के लिए फ्रांस के प्रयासों का हिस्सा है। सिसी ने फिलिस्तीनी मुद्दे के समाधान के लिए उच्चस्तरीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन करने के उद्देश्य से फ्रांस-सऊदी पहल को मिस्र का समर्थन देने की भी पुष्टि की।

### जहाज रोका, पत्रकारों सामाजिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया

**तेल अवीव।** इजराइली सेना ने फलस्तीनी क्षेत्र की नाकेबंदी तोड़ गाजा जा रहे एक राहत सहायता जहाज को रोक लिया तथा 21 अंतरराष्ट्रीय कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को हिरासत में ले लिया। फलस्तीन समर्थक समूह 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलेशन' ने बताया कि इजराइली सेना ने जहाज पर लदे शिशु उपयोग के लिए दूध, खाद्य सामग्री और दवा सहित सभी माल जब्त कर लिए। समूह ने कहा कि इजराइली सेना ने शनिवार आधी रात गाजा से 40 समुद्री मील दूर अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में जहाज को रोककर उसके संचार नेटवर्क को काट दिया। जहाज पर पूरा माल गैरसैन्य उपयोग के लिए था तथा यह इजराइल की अवैध नाकेबंदी के कारण भुखमरी और चिकित्सा संकट से जूझ रही आबादी को सीधे वितरित करने के लिए था।

### नांगरानी उत्सव



महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के वहल गांव में शनिवार को नांगरानी उत्सव के दौरान पारंपरिक बैल दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लेता एक किसान। यह उत्सव किसानों की एकजुटता, परंपरा और खेती से गहरे संबंध का प्रतीक माना जाता है। एजेंसी

### महिला का अपहरण कर चलती कार में दुष्कर्म

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पुणे जिले के लोनावाला पहाड़ी कस्बे में 23 वर्षीय एक महिला का अपहरण कर चलती कार में बलात्कार कर उसे सड़क किनारे फेंक दिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात को मुंबई से करीब 80 किमी दूर लोनावला के मावल इलाके के तुंगरली में हुई जो एक पर्यटन स्थल है। इस मामले में तुंगरली निवासी 35 वर्षीय एक व्यक्ति को पकड़ा गया है। महिला के अनुसार, वह उसी इलाके में रहती है और शुक्रवार रात को घर जा रही थी। एक कार उसके पास रुकी और एक आदमी ने उसे जबरन अंदर खींच लिया।

# कश्मीर को सद्भाव के पुराने स्वरूप में लौटाने की जरूरत

**श्रीनगर, एजेंसी**



- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के क्षेत्रीय सम्मेलन में बोले सीजेआई
- कहा- ज्ञान के बगैर किसी भी काम के नहीं होते अधिकार

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने रविवार को कहा कि ज्ञान के बिना अधिकार किसी काम के नहीं हैं। उन्होंने नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के महत्व पर जोर दिया। न्यायमूर्ति गवई ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) के उत्तरी क्षेत्र क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि अतीत की विसंगतियों को दूर करने और कश्मीर को उसके पुराने स्वरूप में लौटाने की जरूरत है, जहां सभी समुदाय सद्भाव के साथ रहते थे।

उन्होंने कहा, न्यायाधीशों और वकीलों को मिलकर देश के अंतिम नागरिक के लिए न्याय सुनिश्चित करना होगा। नालसा इसी दिशा में काम करता है। हम नालसा के काम को देश के दूरदराज के इलाकों तक ले जाने की कोशिश कर रहे हैं-चाहे वह लद्दाख हो, पूर्वोत्तर हो या राजस्थान। जब तक लोगों को अपने अधिकारों का ज्ञान नहीं होगा, तब तक इन अधिकारों का कोई मतलब नहीं है। कश्मीर की पिछले 35 वर्षों की स्थिति का स्पष्ट संदर्भ देते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि कुछ विसंगतियां रही हैं, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, कुछ विसंगतियां रही हैं, लेकिन हमें इन्हें दूर करने के लिए काम करना होगा। न्यायाधीशों और वकीलों के बीच यह संवाद एक नया दृष्टिकोण प्रदान करेगा।

### सुदूर क्षेत्रों के अंतिम व्यक्ति को मिले न्याय

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि नालसा को यह सुनिश्चित करने का अपना काम जारी रखना चाहिए कि देश के सुदूरवर्ती क्षेत्र के अंतिम निवासी को संविधान में निहित न्याय मिले। उन्होंने कहा, देश के संविधान के जरिए हमने खुद से राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक स्तर पर न्याय का वादा किया है। हमारा दायित्व है कि हम न्याय को उसकी सच्ची भावना के अनुरूप लागू करें। कानूनी बिरादरी को संविधान के सच्चे मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए।

# पूर्वी कांगो में आईएस विद्रोहियों का चर्च पर हमला, 21 लोगों की मौत

**किंशासा, एजेंसी**

● गोली मारकर ली जान, कई मकान और दुकानों को आग लगाई

इस्लामिक स्टेट समर्थित विद्रोहियों द्वारा पूर्वी कांगो में चर्च परिसर पर किए गए हमले में रविवार को कम से कम 21 लोग मारे गए।

यह हमला पूर्वी कांगो के कोमांडा में एक कैथोलिक चर्च परिसर में रात लगभग एक बजे एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्स (एडीएफ) के सदस्यों द्वारा किया गया। हमले में कई मकानों और दुकानों को भी जला दिया गया। कोमांडा में नागरिक संस्था समन्वयक, डियूडोने डुरानथाबो ने कहा, 21 से अधिक लोगों को गोली मार दी गई और हमें कम से कम तीन जले हुए शवों तथा कई मकानों के जल जाने की सूचना मिली है। तलाश अभियान जारी है।

कोमांडा में स्थित इतुरी प्रांत में कांगो सेना के एक प्रवक्ता ने 10 लोगों की मौत की पुष्टि की है। इतुरी में डीआरसी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जूल्स एनगोंगो ने कहा, सुबह पता चला कि कोमांडा से कुछ ही दूरी पर एक चर्च में हथियारबंद लोगों ने घुसपैठ की, जहां लगभग 10 लोगों की हत्या कर दी गई और कुछ दुकानों में आग लगा दी गई।

# थाईलैंड-कंबोडिया संघर्ष विराम पर वार्ता को तैयार

**बैंकॉक, एजेंसी**

थाईलैंड और कंबोडिया के नेता संघर्ष समाप्त करने के लिए मलेशिया में बैठक करेंगे। थाईलैंड के प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी। थाईलैंड और कंबोडिया के सैनिकों के बीच सीमा पर हो रहे संघर्ष को चार दिन हो गए हैं, जिसमें अब तक 34 लोगों की जान जा चुकी है तथा 1.68 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है।

प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता जिरायु हुआंगसाप ने बताया कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथाम वेचायाचाई, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के क्षेत्र में शांति प्रयासों पर चर्चा करने संबंधी निमंत्रण पर सोमवार को आयोजित होने वाली वार्ता में शामिल होंगे। जिरायु ने कहा कि फुमथाम के कंबोडियाई समकक्ष हुन मानेट भी वार्ता में शामिल होंगे, हालांकि कंबोडियाई अधिकारियों ने इसकी तत्काल पुष्टि नहीं की है। थाईलैंड और कंबोडिया की सीमा पर एक सुरंग में बृहस्पतिवार को हुए विस्फोट में पांच थाई सैनिकों के घायल होने के बाद दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू हो गया था।



कंबोडिया में प्रभावित लोगों को बांटी जा रही है राहत।

● मलेशिया में आज होगी बैठक, चार दिन से चल रहे संघर्ष में जा चुकी है 34 लोगों की जान

### ट्रंप के प्रयासों के बाद वार्ता के लिए सहमत हुए दोनों देश


अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मध्यस्ता कराए जाने के प्रयासों के बाद थाईलैंड और कंबोडिया ने संकेत दिया था कि वे सीमा विवाद को खत्म करने के वास्ते बातचीत करने के लिए तैयार हैं। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने रविवार को कहा कि उनका देश "तत्काल और बिना शर्त युद्ध विराम" पर सहमत हो गया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने उन्हें बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति की फुमथाम के साथ बातचीत के बाद थाईलैंड भी हमले रोकने पर सहमत हो गया है। कूटनीतिक प्रयासों के बावजूद, दोनों देशों की विवादित सीमा के कुछ हिस्सों में रविवार को भी संघर्ष जारी रहा। दोनों पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं हुए तथा पुन: गोलाबारी व सैन्य गतिविधियों के लिए एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 जुलाई, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्थी 11.24 तक तत्पश्चात पंचमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृतिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 17.35 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष:** आज कानूनी मामलों को सुलझाने में सफल रहेंगे। अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें। वैवाहिक समस्याओं का समाधान मिलेगा। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ायेंगे। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं।

**वृष:** आज कारोबार में आपको थोड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। किसी मित्र और रिश्तेदार से आपको लाभ मिलने वाला है। लोग आपकी बातों को महत्व नहीं देंगे। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को बॉस का डर रहेगा। महिलाओं के लिये दिन बहुत ही अच्छा है।

**मिथुन:** आज परिजनों और स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पार्टी और पिकनिक में जाने से बचें। मित्रों के साथ आप बड़े गंभीर विषयों पर चर्चा करेंगे। आज व्यर्थ के झगड़ों का निपटारा कर सकते हैं। कारोबार में बिक्री बढ़ने से मन में प्रसन्नता होगी।

**कर्क:** आज व्यापारी अपने बचे हुए माल को सेल में बेंच सकते हैं। व्यवसाय को लेकर यात्रा कर सकते हैं। अधीनस्थ कर्मचारियों से आपको लाभ प्राप्त होगा। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। राजनीति में असमंजस की स्थिति दूर होगी।

**सिंह:** आज प्रशासन से जुड़े लोग बौद्धिक निर्णयों के लिये ख्याति प्राप्त करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार आयेगा। आवश्यक कार्यों को समय पर पूरा कर लेंगे। बच्चे पढ़ाई में काफी बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। तकनीकी क्षेत्र में अध्ययन कर रहे लोगों के लिये समय बहुत ही अच्छा है।

**कन्या:** आज दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। बच्चों की चिंता सता सकती है। मन में आप प्रसन्नता महसूस करेंगे। अपने प्रेमी से कोई भी बात न छिपायें। शोध कार्यों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। महत्वपूर्ण व्यापारिक निर्णयों में चूक हो सकती है।

**तुला:** आज प्रिय जनों से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। एक साथ कई सारे काम न करें। कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। घर वालों के कारण आपको कुछ अनावश्यक खर्च करने पड़ सकते हैं। विदेश यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक:** आज आय के नए स्रोत विकसित होंगे। नजदीकी लोगों से आपको शुभ समाचार मिलेंगे। भौतिक सुख-साधनों का आनंद उठायेंगे। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। आप आलस्य त्यागकर अपने लक्ष्यों के प्रति काफी गंभीरता से आगे बढ़ेंगे।

**धनु:** आज विद्यार्थियों को शिक्षा में ध्यान देना चाहिए। वाहन चलाते समय आपको सावधानी रखनी होगी। नकारात्मक लोगों की संगत आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपको बहुत अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। अधिकारी वर्ग की सलाह से आपको लाभ होगा।

**मकर:** आज कार्यक्षेत्र को लेकर समस्या दूर होगी। उच्चाधिकारियों से ज्यादा बहस न करें। अधिक सोचने के कारण सिरदर्द की समस्या हो सकती है। शेयर मार्केट में संभलकर निवेश करें। कोई बड़ा कार्य पूर्ण होने से प्रसन्नता का अनुभव होगा। तकनीकी परेशानियों का अनुभव कर सकते हैं।

**कुंभ:** आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। किसी नए काम की योजना बना सकते हैं। अपेक्षित कार्य के समय से पूरे न होने से थोड़े उदास हो सकते हैं। परोपकार के कार्यों में धन खर्च होगा। साथियों के बीच आपसी तनाव हो सकता है।

**मीन:** आज सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। कार्यशैली में सुधार लाने का प्रयास करेंगे। सन्तान के भविष्य की चिंता दूर होगी। दवा व्यापारियों को बड़ा धन लाभ हो सकता है। ससुराल पक्ष से आपको संमान प्राप्त होगा।

## सुडोकू -52

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 3 | | 4 | | | | |
| | | 8 | | | 7 | | 5 | |
| 1 | | | | | 5 | | | 2 |
| | 2 | | | 5 | | | 3 | |
| 9 | | | 6 | | 2 | | | 5 |
| | 1 | | | 8 | | | 4 | |
| 4 | | | 1 | | | 5 | | 3 |
| | 6 | | 5 | | | 9 | | |
| | | | | 2 | | | | 8 |

### सुडोकू - 51 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 4 | 5 | 1 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 |
| 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 3 | 8 | 4 |



> शुभमन गिल को अंतिम एकादश चुनने में शायद अंतिम फैसला लेने का अधिकार नहीं था। ये फैसला पूरी तरह से कप्तान का होना चाहिए। वह शार्दुल को नहीं, कुलदीप यादव को टीम में चाहते थे।
>
> –सुनील गावस्कर


# स्टेडियम

कानपुर, सोमवार, 28 जुलाई 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## स्पोर्ट्स हाईलाइट

### अटवाल सीनियर ओपन में शीर्ष भारतीय

**सनिंगडेल (ब्रिटेन) :** अर्जुन अटवाल यहां आईएसपीएस हांडा सीनियर ओपन गोल्फ के तीसरे दौर में 1-अंडर 69 का स्कोर करने के बाद संयुक्त 29वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों में तालिका में शीर्ष पर है। सीनियर्स टूर पर अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रहे अटवाल ने शुरुआती दो दौर में 67 और 72 के कार्ड खेले थे। 54 होल के खेल के बाद उनका कुल स्कोर दो अंडर का है। ज्योति रंधावा (70-71-70) एक ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 50वें स्थान पर है, जबकि जीव मिल्खा सिंह (71-69-74) पांच-ओवर के स्कोर साथ 69वें स्थान पर है।

### दीक्षा स्कॉटिश ओपन में 48वें स्थान पर

**नॉर्थ आयशर (स्कॉटलैंड) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर 2025 आईएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर के बाद 11 स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 48वें स्थान पर हैं। लेडीज यूरोपीय टूर पर दो बार की विजेता 24 साल की दीक्षा ने तीसरे दौर में दो बर्डी और एक बोगी से एक अंडर 71 का स्कोर बनाया। वह दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से 59वें स्थान पर थीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही दो अन्य भारतीय प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक इससे पहले कट हासिल करने में नाकाम रहीं। इंग्लैंड की लोटी वोएड ने तीसरे दौर में पांच अंडर 67 के स्कोर से दो शॉट की बढ़त बना ली है।

### आर्यन और लिखित आगे बढ़ने में नाकाम

**सिंगापुर :** भारतीय तैराक आर्यन नेहरा रविवार को यहां विश्व एक्वाटिक्स चैंपियनशिप में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गए जबकि एसपी लिखित भी अपनी स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। पुरुषों के 400 मीटर फ्रीस्टाइल वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे नेहरा चार मिनट 00 .39 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट (शुरुआती दौर की रेस) में सातवें और कुल मिलाकर 37वें स्थान पर रहे। शीर्ष आठ तैराक फाइनल में पहुंचे। ऑस्ट्रेलिया के सैमुअल शॉर्ट ने तीन मिनट 42 .07 सेकेंड के सबसे कम समय के साथ हीट में शीर्ष स्थान हासिल किया। लिखित ने पुरुषों की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा में एक मिनट 1.99 सेकेंड का समय लेकर 40वां स्थान हासिल किया।

### लेलाह और अन्ना फाइनल में

**वाशिंगटन :** लेलाह फर्नांडिज हार्ड कोर्ट टेनिस प्रतियोगिता डीसी ओपन के फाइनल में सत्र का पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने उतरेंगी जबकि अन्ना कालिन्सकाया की नजरें करियर के पहले खिताब पर होंगी। अमेरिकी ओपन 2021 की उप विजेता फर्नांडिज ने 12 ऐस लगाते हुए सेमीफाइनल में शनिवार को 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना को तीन घंटे और 16 मिनट में 6-7, 7-6, 7-6 से हराया। कालिन्सकाया ने हालांकि फर्नांडिज से आधे से भी कम समय में ऐमा राडुकानु को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

## शतक की खुशी



रविंद्र जडेजा। एजेंसी



वाशिंगटन सुंदर। एजेंसी

# भारतीय बल्लेबाजों ने मैनचेस्टर टेस्ट ड्रा कराया

## कप्तान शुभमन, सुंदर और जडेजा के शतकों से इंग्लैंड की उम्मीदों पर फिरा पानी

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

वाशिंगटन सुंदर और रविंद्र जडेजा अपनी नाबाद शतकीय पारियों के दौरान दो से अधिक सत्र तक बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में रविवार को यहां पांचवें दिन भारत को हार के कगार से वापसी कराकर ऐतिहासिक ड्रॉ हासिल करने में सफल रहे।

पांच मैचों की इस करीबी श्रृंखला में इंग्लैंड अब भी 2-1 से आगे है लेकिन तीन दिन (31 जुलाई) के बाद से शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट में अब भारत के पास श्रृंखला को बराबर करने का मौका होगा। पहली पारी में 311 रन से पिछड़ने के बाद भारत ने दूसरी पारी में बिना कोई रन बनाये दो विकेट गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद बल्लेबाजों ने मजबूत दृढ़ संकल्प दिखाया और अनुकूल परिणाम हासिल किया।

मैच में भारत की वापसी का श्रेय कप्तान शुभमन गिल (238 गेंदों में 103 रन) और लोकेश राहुल (230 गेंदों में 90 रन) के बीच तीसरे विकेट के लिए हुई 188 रन की साझेदारी के साथ जडेजा (185 गेंदों में 107 रन नाबाद) और सुंदर (206 गेंदों में 101 रन नाबाद) के प्रयासों को जाता है। जडेजा और सुंदर ने पांचवें विकेट के लिए 203 रन की अटूट साझेदारी कर इंग्लैंड को मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। दोनों ने शतक जड़ने के साथ इंग्लैंड के गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों को थकाने में भी योगदान दिया। जडेजा और सुंदर के शतक पूरा होने के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने हाथ मिलाए।





मैच ड्रा होने के बाद निराश इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स व लियाम डॉसन। एजेंसी

सुंदर के करियर का यह अपना पहला टेस्ट शतक है जबकि जडेजा ने इस प्रारूप में अपना पांचवां शतक पूरा किया। दिन के पहले सत्र में राहुल और गिल के पवेलियन लौटने के बाद जडेजा और सुंदर की धैर्य पूर्वक की गयी बल्लेबाजी ने यह 2021 के सिडनी टेस्ट में रविचंद्रन अश्विन और हनुमा विहारी की मैच बचाने वाली साझेदारी की यादें ताजा कर दी।

भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत पैर में फैक्चर के बावजूद दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध थे, लेकिन उन्हें अपनी चोट को और बढ़ाने का जोखिम उठाने की जरूरत नहीं पड़ी। इंग्लैंड के लिए बैजबॉल युग (कोच ब्रैंडन मैकुलम के आने के बाद) यह 40 मैचों में सिर्फ दूसरा ड्रॉ टेस्ट मैच है। इससे पहले 2023 एशेज के दौरान ओल्ड ट्रैफर्ड में ही मैच ड्रॉ हुआ था लेकिन उस समय ड्रॉ का मुख्य कारण खराब मौसम था। दोनों टीमों के लिए एक लंबी और थकाऊ श्रृंखला में अपने तेज गेंदबाजों को फिट रखना मुश्किल हो रहा है, यह देखना दिलचस्प होगा कि 31 जुलाई से लंदन में शुरू होने वाले पांचवें टेस्ट में कितने पहली पसंद के तेज गेंदबाज हिस्सा लेते हैं।

भारत ने दिन के दूसरे सत्र में बिना कोई विकेट गंवाये 99 रन बनाकर मैच को ड्रॉ की ओर अग्रसर कर दिया था। इस समय टीम का स्कोर चार विकेट पर 322 रन था। दिन की शुरुआती सत्र में अपने आठ ओवर के स्पैल में खतरनाक दिखे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स दूसरे सत्र में तीन ओवर के स्पैल में प्रभावित नहीं कर सके।

**भारत पहली पारी : 358 रन**

**इंग्लैंड पहली पारी : 669 रन**

### भारत दूसरी पारी

**425/4** (143 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी का रूट बो वोक्स | 00 |
| राहुल पगबाधा स्टोक्स | 90 |
| साई सुदर्शन का ब्रुक बो वोक्स | 00 |
| शुभमन का स्मिथ बो आर्चर | 103 |
| वाशिंगटन सुदर्शन नाबाद | 101 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 107 |

**गेंदबाजी :** क्रिस वोक्स 23-4-67-2, जोफ्रा आर्चर 23-3-78-1, ब्रायडन कार्स 17-3-44-0, लियाम डॉसन 47-11-95-0, जो रूट 19-2-68-0, बेन स्टोक्स 11-2-33-1



**103** रन

**238** गेंद

**12** चौके

शुभमन गिल।

### मैच में आया नाटकी मोड़, स्टोक्स खफा

**मैनचेस्टर :** मैच उस समय नाटकीय मोड़ आ गया जब भारतीय बल्लेबाजों रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के मैच के अंतिम घंटे की शुरुआत से पहले ड्रॉ पर सहमति जताने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। टेस्ट मैच में यह प्रावधान है कि अगर दोनों कप्तानों को लगता है कि मैच का नतीजा आना असंभव है, तो वे हाथ मिलाकर ड्रॉ पर सहमत हो सकते हैं। मैच को ड्रॉ हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने के बाद जडेजा और सुंदर जब क्रमश: 89 और 80 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे तब उन्होंने स्टोक्स के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। स्टोक्स इसके बाद बेहद नाराज हो गए। दोनों बल्लेबाजों ने शतक के करीब होने के कारण बल्लेबाजी जारी रखने का फैसला किया। स्टोक्स के बाद जैक क्रॉली और बेन डकेट भी यह पूछते देखे गए कि भारत क्यों खेलना जारी रखना चाहता है।

# अंकिता ने रजत, पुरुष रिले टीम ने कांस्य पदक जीता

**राइन रूहर (जर्मनी), एजेंसी**

**विश्व विश्वविद्यालय खेल**

स्टीपलचेज एथलीट अंकिता ने 9:31.99 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ 3000 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि पुरुषों की चार गुणा 100 मीटर रिले चौकड़ी ने कांस्य पदक अपने नाम किया जिससे भारतीय एथलीटों ने रविवार को विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) के अंतिम दिन अपना अभियान समाप्त किया।

मुनिता प्रजापति, मानसी नेगी और सेजल सिंह की तिकड़ी ने अंतिम दिन महिलाओं की 20 किमी टीम पैदलचाल में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता। भारत ने इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में अपना अभियान दो स्वर्ण, पांच रजत और पांच कांस्य पदक के साथ समाप्त किया। कई भारतीय एथलीट अंतिम दिन ट्रैक स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा में थे, लेकिन केवल दो पदक ही जीत सके। 23 वर्षीय अंकिता ने अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 9:39.00 सेकेंड से लगभग सात सेकेंड कम समय में रजत पदक जीता। वह फिनलैंड की इलोना मारिया मोनोनेन (9:31.86 सेकेंड) से पीछे रहीं। जर्मनी की अदिया बुड्डे ने 9:33.34 सेकेंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता। शुक्रवार को अंकिता ने 9:54.79 सेकंड का समय निकालकर हीट 1 में शीर्ष स्थान हासिल किया था और फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। लालू प्रसाद भोई, अनिमेष कुजुर, मनिकांता होबलिधर और मृत्यम जयराम की पुरुषों की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम ने 38.89 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। दक्षिण कोरिया ने 38.50 सेकेंड से स्वर्ण और दक्षिण अफ्रीका (38.80) ने रजत हासिल किया। भारतीय महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने 3:35.08 सेकेंड से सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला, पर पदक के लिए पर्याप्त नहीं था।

# गिल शायद शार्दुल को नहीं, कुलदीप को चाहते थे खिलाना



कुलदीप यादव।

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

- **महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा टीम को चुनने का अधिकार कप्तान के पास होना चाहिए**

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि शुभमन गिल को अंतिम एकादश चुनने में शायद अंतिम फैसला लेने का अधिकार नहीं था। उनका कहना है कि यह फैसला पूरी तरह से कप्तान का होना चाहिए और मुख्य कोच सहित किसी और का इस पर प्रभाव नहीं होना चाहिए।

बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को लगातार टीम में नहीं चुने जाने पर तीखी बहस छिड़ गई है, विशेषकर जो रूट के मौजूदा चौथे टेस्ट में रिकॉर्ड शतक के बाद जहां वह रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ते हुए टेस्ट क्रिकेट में दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। रूट के नाम अब 13,409 रन हैं और केवल सचिन तेंदुलकर (15,291 रन) उनसे आगे हैं।

गावस्कर ने सोनी स्पोर्ट्स पर कहा आखिरकार, यह कप्तान की टीम होती है। उन्होंने आगे कहा हो सकता है कि शुभमन शार्दुल को टीम में नहीं चाहते थे और कुलदीप को चाहते थे। रूट को 2018 में मैनचेस्टर और लॉर्ड्स में दो सीमित ओवरों के मैच तीन गेंद पर दो बार आउट करने के बावजूद कुलदीप अब तक पूरी टेस्ट श्रृंखला में बाहर रहे हैं।

आम धारणा यह है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने ऐसे गेंदबाजों पर जोर दिया है जो बल्ले से योगदान दे सकें, विशेषकर हेडिंग्ले टेस्ट में भारत के तीन विकेट पर 430 रन बनाने के बावजूद अगले 11 ओवर में 471 पर ऑल आउट होने के बाद।

सुनील गावस्कर का मानना था कि कुलदीप को एकादश का हिस्सा होना चाहिए था। उन्होंने आगे कहा उसे टीम में वह मिलना चाहिए था। वह कप्तान है। लोग उसके और उसकी कप्तानी के बारे में बात करेंगे। इसलिए यह फैसला असल में उसका ही होना चाहिए।

### आंतरिक मतभेदों पर गावस्कर ने इशारा किया

पूर्व भारतीय कप्तान का यह भी मानना था कि आंतरिक मतभेदों या चयन के मुद्दों को जानबूझकर छुपाया जा सकता है जिससे यह दिखाया जा सके कि ड्रेसिंग रूम में सब कुछ ठीक है। गावस्कर ने कहामुझे पता है कि सब कुछ ठीक-ठाक दिखाने के लिए ये बातें शायद सामने न आएं। सच तो यह है कि कप्तान जिम्मेदार है। वही एकादश का नेतृत्व करेगा। गावस्कर ने कहा कि उनके कप्तानी कार्यकाल में चीजें अलग तरह से होती थीं जब टीम का चयन पूरी तरह से कप्तान का विशेषाधिकार होता था और कोच की अवधारणा ही नहीं थी क्योंकि सब कुछ मैनेजर और सहायक मैनेजरों के बारे में था। उन्होंने कहा हमारे पास कोच नहीं थे। हमारे पास सिर्फ पूर्व खिलाड़ी ही टीम के मैनेजर या सहायक मैनेजर हुआ करते थे। वे ऐसे लोग थे जिनके पास जाकर आप बात कर सकते थे।

# भारतीय टेबल टेनिस को लगातार चैंपियन देने के लिए स्पष्ट व्यवस्था की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने नई प्रतिभा को तरासने के लिए बताए उपाय**



अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल का मानना है कि भारतीय टेबल टेनिस को युवा प्रतिभाओं को सीनियर स्तर पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ने में मदद करने के लिए एक सुस्पष्ट प्रणाली की आवश्यकता है। हालांकि हाल के परिणाम उत्साहजनक रहे हैं लेकिन 43 वर्षीय शरत का कहना है कि दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देने वाली प्रणाली के बिना केवल प्रतिभा ही पर्याप्त नहीं है।

शरत ने पीटीआई वीडियो को बताया हम एक-दो सितारों पर निर्भर नहीं रह सकते, हमें एक ऐसी संरचना की आवश्यकता है जो लगातार चैंपियन तैयार करे। उन्होंने कहा युवा प्रतिभाएं तो बहुत हैं लेकिन मुख्य समस्या बदलाव के दौर की है... जब तक हम सही व्यवस्था नहीं अपनाते, हम जूनियर चैंपियन को सीनियर चैंपियन बनते नहीं देख पाएंगे। भारत ने 2024 एशियाई चैंपियनशिप में तीन कांस्य पदक जीते जिसमें आयहिका और सुतीर्था मुखर्जी ने महिला युगल में ऐतिहासिक पहला पदक जीता जबकि महिला टीम स्पर्धा में भी पहली बार कांस्य पदक मिला। पेरिस ओलंपिक में महिला टीम पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची और प्री क्वार्टर फाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की रोमानियाई टीम को हराया। एकल मुकाबलों में मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला दोनों ही प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं।

शरत ने कहा असली चुनौती निरंतरता की है। एक पदक को दो होना चाहिए और उसे पांच या छह तक बढ़ाना होगा। शरत के अनुसार यह निरंतरता एक व्यवस्थित योजना से आएगी जिसकी शुरुआत 11 साल की उम्र के बच्चों से होनी चाहिए।

उन्होंने कहा 2036 को देखते हुए हमें उन बच्चों से शुरुआत करनी होगी जो अभी 11 या 12 साल के हैं। हम सभी इसी दिशा में प्रयास कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि हम जल्द ही एक व्यवस्थित बदलाव देखेंगे। भारतीय ओलंपिक संघ के खिलाड़ी आयोग के उपाध्यक्ष शरत ने नए खेल विधेयक की भी प्रशंसा की जिसमें खिलाड़ियों को तवज्जो देने वाला ढांचा है।

विधेयक के डोपिंग रोधी प्रावधानों पर शरत ने एक बेहद जरूरी बदलाव की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, ''इस बार सिर्फ खिलाड़ियों को ही सजा नहीं मिलेगी बल्कि कोच और अन्य संलिप्त लोगों को भी सजा मिलेगी।

# डूरंड कप में आईटीबीपी ने मॉर्निंग स्टार को हराया

**कोकराझार :** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) फुटबॉल टीम ने डूरंड कप में अपने पदार्पण को यादगार बनाते हुए रविवार को यहां ग्रुप डी मैच में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही कार्बी आंगलोंग मॉर्निंग स्टार एफसी (केएएमएसएफसी) को 2-1 से हराया। आई-लीग 3 में खेलने वाली केएएमएसएफसी को 23वें मिनट के बाद से ही 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जब घाना के सेंटर-बैक बेन नैश क्वांश को रेड कार्ड दिखाया गया। दोनों टीमें मिडफील्ड पर नियंत्रण पाने की कोशिश कर रही थीं लेकिन असम की टीम ने लुनमिनलेन हाओकिप के गोल से बढत कायम की। आईटीबीपी ने एक खिलाड़ी के फायदे का इस्तेमाल करते हुए गेंद पर बेहतर नियंत्रण बनाया और पुलुंग तथा हेमराज के गोलों से जीत दर्ज कर पूरे तीन अंक हासिल किए।



**विश्वास**

**शीर्ष खिलाड़ी बिलकिस मीर बोलीं–जलक्रीड़ा में राज्य के खिलाड़ी दे सकते हैं अहम योगदान**

# जम्मू कश्मीर के खिलाड़ियों में ओलंपिक पदक जीतने की क्षमता

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल बिलकिस मीर का मानना है कि बर्फ से ढकी ढलानें, ग्लेशियर से निकलने वाली नदियां और खिलाड़ियों की नयी पीढ़ी को देखते हुए शीतकालीन खेलों और जलक्रीड़ा में राज्य के खिलाड़ियों के पास देश के लिए ओलंपिक पदक जीतने की क्षमता है।

पेरिस ओलंपिक (2024) में जूरी सदस्य के रूप में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली भारतीय महिला मीर ने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर और देश को पोडियम के शीर्ष स्थान पर देखना चाहती हैं और इस दिशा में अपने प्रयास जारी रखेंगी। श्रीनगर की इस 38 साल की खिलाड़ी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खिलाड़ियों के साथ नियमित बातचीत की प्रशंसा की और कहा कि यह एक खिलाड़ी के लिए बड़ा क्षण है और खेल संस्कृति बनाने की दिशा में एक कदम है।



बिलकिस मीर। एजेंसी

जल क्रीड़ा खिलाड़ी मीर ने पीटीआई वीडियो को दिये साक्षात्कार में कहा मेरा सपना है कि जम्मू-कश्मीर और देश को वैश्विक मंच पर शीर्ष स्थान पर देखूं। जम्मू-कश्मीर में ओलंपिक में जलक्रीड़ा और शीतकालीन खेलों में भारत का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने की क्षमता है क्योंकि हमारे पास प्राकृतिक संसाधन होने के साथ-साथ आवश्यक प्रतिभा भी है जिसे बस निखारने की आवश्यकता है। कयाकिंग और कैनोइंग की प्रसिद्ध खिलाड़ी रही मीर ने कहा कि उन्होंने उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, मणिपुर और देश के भीतर तथा बाहर कई अन्य जगहों पर युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है लेकिन हमारे बच्चों (जम्मू-कश्मीर के खिलाड़ी) में एशियाई खेल और ओलंपिक में जाने की बहुत क्षमता है और मुझे लगता है कि उनका भविष्य उज्ज्वल है।

उन्होंने कहा कि सरकार को प्रमुख खिलाड़ियों और उपलब्धि हासिल करने वालों के साथ जुड़ना चाहिए क्योंकि उनके पास अपने खेलों में विशेषज्ञता है और वे भविष्य के लिए एक खाका बनाने में सहायता कर सकते हैं। उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है कि एक बिलकिस मीर की बजाय, यहां से हजारों लड़कियां निकलेंगी और जम्मू-कश्मीर तथा देश को गर्व महसूस कराएंगी। मीर हाल ही में तब सुर्खियों में थीं जब उन्होंने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा दायर एक एफआईआर को रद्द करवाने के लिए अपनी तीन साल की कानूनी लड़ाई जीती।

### संघर्ष भरा करियर रहा मीर का

मीर के 28 साल के शानदार करियर का आगाज आठ साल की उम्र में ही शुरू हो गया था। उनकी उपलब्धियों में हंगरी में 2009 कैनोइंग और कयाकिंग विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व कर आठवां स्थान हासिल करना है। उन्होंने कहा मैं जब 1990 के दशक में खेल में आई, तो मेरा संघर्ष मेरे घर के दरवाजे से ही शुरू हो गया था। जब मैंने ट्रैकसूट पहना तो आस-पास के लोग उसे गलत नजरिए से देखते थे और उनकी राय थी कि मेरी वजह से अन्य लड़कियों पर बुरा असर पड़ेगा। उन्हें कैनोइंग और कयाकिंग से जुड़ी भारत की आयु वर्ग से लेकर सीनियर टीम तक को कोचिंग देने का अनुभव है। मीर ने कहा, खिलाड़ी चाहे हारे या जीते, प्रधानमंत्री उनसे बातचीत करते हैं।